डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹81900 10 ग्राम

₹102000 01 किलो

सेंसेक्स 76,905.51 +557.45 | डॉलर 85.990 -0.330


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 24 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-157, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भीड़ में कैसे घुलना-मिलना है....

## एक नजर

### पलामू लूटकांड के आरोपी की रिम्स में मौत

**रांची/मेदिनीनगर।** पलामू लूट कांड के आरोपी महफूज आलम की रविवार को रिम्स में मौत हो गई। पलामू पुलिस पर महफूज आलम की पिटाई का आरोप लगा था। यह मामला विधानसभा में भी उठा था। इस मामले में थाना प्रभारी को निलंबित किया जा चुका है। वहीं, मृतक के परिजनों ने कोर्ट में भी शिकायत की है। ज्ञात हो कि जेल जाने के बाद महफूज आलम की तबीयत खराब हो गई और उसे इलाज के लिए रिम्स भेजा गया था। महफूज का पिछले 18 दिनों से रिम्स में इलाज चल रहा था। रविवार को रिम्स में महफूज आलम की मौत हो गई। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले में आगे की जांच और अनुसंधान किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर/रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में रविवार को 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव ने बताया कि ये सभी नक्सली फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट और आगजनी जैसे अन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली तेलंगाना स्टेट कमेटी, प्लाटून नंबर 9 और 10, गंगालूर एरिया कमेटी के हिरमागुंडा आरपीसी, पामेड़ एरिया कमेटी और कोंडापल्ली से जुड़े हुए थे। इनमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से 6 नक्सलियों पर कुल 11 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




हेमंत सरकार आदिवासी संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत

## गांव की महिलाओं ने बचा रखी है आदिवासी संस्कृति : शिल्पी





**कृषि मंत्री ने किया तोरपा में वार्षिक महिला उत्सव का उद्घाटन**

**नवीन मेल डेस्क**

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेमंत सरकार आदिवासी संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री और अधिकारी भी कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में, राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को आदिवासी महिला मंच के तत्वावधान में महिला विकास केंद्र तोरपा में आयोजित वार्षिक महिला उत्सव का लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के साथ **शेष पेज 11 पर**

**महिलाएं घर व समाज को संवारती हैं : सुखदेव भगत**


लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना ही महिला सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर और समाज को संवारती हैं। उन्होंने कहा कि डायन जैसी कुप्रथा और नशापान समाज को खोखला कर रहा है। इसे दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जल जंगल जमीन हमारा नारा नहीं, संकल्प है। इसके लिए हम लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## सांसद वीडी राम के प्रयासों से पलामू में विकास को मिली नई रफ्तार

**रेलवे सुविधाओं में विस्तार, सड़क निर्माण व मंडल डैम परियोजना को पुनर्जीवित करने में मिली सफलता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में सांसद वी.डी. राम के प्रयासों से विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। क्षेत्र में रेलवे सेवाओं के विस्तार, सड़क निर्माण और जल संसाधनों के पुनर्जीवन के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी मिली है। वर्षों से लंबित मंडल डैम परियोजना को पुनर्जीवित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है, जिससे पलामू और आस पास के इलाकों में जल आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में सुधार होगा। सांसद



वी.डी. राम की पहल पर पलामू और गढ़वा जिले में सड़क संपर्क को मजबूत करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा नौ सड़कों और आठ पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वामपंथ प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए इन योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा, मेदिनीनगर के कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के लिए 9.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जिससे जल संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। रेलवे सेवाओं में सुधार के लिए सांसद वी.डी. राम ने लगातार रेलवे मंत्रालय से संपर्क किया, जिसके परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी मिली है। उनकी पहल पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन, गढ़वा रोड जंक्शन और जपला रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्टेशन परिसरों में वेटिंग हॉल, हाई मास्ट लाइट, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म शेड और एस्केलेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही **शेष पेज 11 पर**

# छतरपुर के बसडीहा जंगल में वनरक्षियों पर हमला, पांच जख्मी

**एमएमसीएच में चल रहा इलाज**

**जंगल में अवैध पत्थर सीज करने गए थे फॉरेस्ट गार्ड**

**अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गए ग्रामीण**









**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** पलामू जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर शनिवार देर रात हमला किया गया। इस हमले में पांच वन कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में छापेमारी अभियान तेज कर दी गई है। घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव की है, जहां अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई के दौरान माइनिंग माफिया और स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को घेर लिया और बंधक बना लिया। यह इलाका नक्सल प्रभावित और बेहद दुर्गम माना जाता है। बंधक बनाए गए वन कर्मियों के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना एसडीपीओ अवध कुमार यादव व थाना प्रभारी अनिल कुमार रजक को दी गई। सूचना मिलते ही रात में अधिकारी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक ग्रामीण जंगल से भाग चुके थे। जख्मी वनरक्षी आशुतोष तिवारी ने रविवार को बताया कि जान बचाने के लिए वे लोग भागने लगे। ग्रामीणों के पिटाई से जख्मी होकर गिरे पड़े थे। घटना में वनरक्षी आशुतोष तिवारी का पैर टूट गया है। जिसमें वनपाल सरसीज उरांव, वनरक्षी आशुतोष कुमार, लक्ष्मीकांत पांडेय, पंकज कुमार, वनपाल राकेश रोशन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। हालांकि, कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने पुलिस को पहले से सूचित नहीं किया था, जिससे पुलिस को वहां पहुंचने में कठिनाई हुई। मौके पर छतरपुर एसडीएम और एसडीपीओ अवध कुमार यादव पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि इसी इलाके में एक महीने पहले एक प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी की गाड़ी को भी रोका गया था। बहरहाल, इस हमले ने नक्सल प्रभावित इलाकों में माइनिंग माफियाओं की सक्रियता और कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

> पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों को चिह्नित कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।
>
> **पुलिस अधीक्षक, रीष्मा रमेशन**

> वन विभाग की टीम रेगुलर पेट्रोलिंग के दौरान बसडीहा गांव की ओर गश्त कर रही थी, तभी दो ट्रैक्टर पत्थर लेकर जाते दिखे। वन कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, इस दौरान ग्रामीणों ने टीम पर हमला कर दिया। इस संबंध में छतरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सोमवार को वनवाद दायर किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि माइनिंग माफिया के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> **डीएफओ, सत्यम कुमार**

बड़े शहरों में होने वाली सर्जरी अब रांची में भी उपलब्ध

## नागरमल मोदी सेवा सदन में हुआ रोटेटिंग हिंज नी इंप्लांट

**प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ रोहित रूंगटा ने किया 83 वर्षीय पुरुष मरीज का घुटना प्रत्यारोपण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नागरमल मोदी सेवा सदन में प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ रोहित रूंगटा ने एक 83 वर्षीय पुरुष मरीज का रिवीजन घुटना प्रत्यारोपण किया। मरीज ने सिर्फ तीन साल पहले अपना प्रत्यारोपण बाहर जाकर करवाया था, पर किन्ही कारणों से पिछले तीन महीनों से वह चल नहीं पा रहे थे। नागरमल मोदी सेवा सदन में आने के बाद 83 वर्षीय मरीज की विस्तार से जांच हुई। जांच में पता चला कि उनके घुटने के लिगामेंट टूट गए थे और घुटना सटक गया था। डॉ रूंगटा ने दोबारा सर्जरी करते हुए उनका रोटेटिंग हिंज नी (रोटाकॉन) नामक इंप्लांट किया। सर्जरी के अगले दिन से ही मरीज ने अपने पैरो पर चलना शुरू कर दिया। अब उनकी स्थिति बेहतर है। डॉ रोहित रूंगटा ने बताया कि इस प्रकार की सर्जरी पहले सिर्फ बड़े शहरों में संभव



थी। अब ऐसी आधुनिक तकनीक रांची में भी उपलब्ध है।

**क्या है रोटेटिंग हिंज नी इंप्लांट** : रोटेटिंग हिंज नी इंप्लांट का प्रयोग घुटने के संशोधन सर्जरी में होता है। यह घुटने का एक कृत्रिम अंग होता है। घुटने की आंतरिक स्थिरता में कमी आने पर, लिगामेंट की कमी होने पर, महत्वपूर्ण अस्थिरता होने पर इसका प्रयोग किया जाता है। रोटेटिंग हिंज नी इंप्लांट से घुटने के कार्य में सुधार होता है और रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है।



रांची के धुर्वा स्थित 133 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय में रविवार को पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवान सुनील कुमार मंडल को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## लोहरदगा में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**सदर थाना क्षेत्र में महुआ टोली के पास हुई दुर्घटना**

**हादसे में मारे गए तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र में महुआ टोली के पास रविवार की शाम करीब साढ़े छह बजे एक ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के हेंदलासो भदुआपाड़ा निवासी सुखदेव उरांव के पुत्र 26 वर्षीय प्रदीप उरांव, गुमला जिले के बरांव निवासी 25 वर्षीय संजय उरांव और गुमला निवासी संजय उरांव के रूप में हुई है। इधर, सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। शवों का पोस्टमार्टम सोमवार को किया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनसार, संजय और संजय उरांव हेंदलासो भदुआपाड़ा स्थित प्रदीप उरांव के घर आए हुए थे। रविवार की देर शाम संजय उरांव, प्रदीप उरांव और संजय उरांव एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लोहरदगा भदुआपाड़ा की ओर जा रहे थे। रास्ते में लोहरदगा से कैमो की ओर जा रहे बॉक्साइट लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना सदर थाना को दी। इसके बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया।

## इंडिया | पश्चिमी देशों की दृष्टि में दु:खी भारत और सुख की खोज




भारत के प्रति पश्चिमी देशों का नजरिया सदियों से नकारात्मक रहा है और पहले इसे सोने की चिड़िया समझकर लूटने आते थे बाद में इसे सपेरों और भिखमंगो का देश बताने लगे और अब जब भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ में लगा है तो इसे किसी न किसी प्रकार नीचा दिखाने में लगे हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर की ओर से जारी विश्व खुशहाली सूचकांक-2025 की रिपोर्ट, जिसमें भारत को पाकिस्तान समेत युद्धग्रस्त यूक्रेन व फलस्तीन से भी ज्यादा अवसादग्रस्त व असंतुष्ट बताया गया है, ने एक बार फिर इस बहस को जन्म दिया है कि क्या इस तरह के वैश्विक सूचकांक वाकई तथ्यों पर आधारित होते हैं? इससे यह सवाल भी पैदा होता है कि वास्तविक खुशी और उसे मापने की कसौटी आखिर है क्या।विश्व खुशहाली सूचकांक पर युद्धग्रस्त देशों का हाल भले ही रैंकिंग में पिछले वर्ष की तुलना में भारत की स्थिति में सुधार आया हो, लेकिन आर्थिक दिवालिएपन और गृहयुद्ध जैसे हालात से जूझ रहे पाकिस्तान को अगर उससे ऊपर रखा गया है, तो स्वाभाविक रूप से संदेह तो उत्पन्न होगा ही। युद्धग्रस्त देशों की बात करें, तो इस्राइल आठवें, फलस्तीन 108 वें, रूस 66वें और यूक्रेन 111वें स्थान पर है, जबकि भारतीय बगैर किसी युद्ध या विनाश के भी दुखी हैं, ऐसा रिपोर्ट का कहना है। बावजूद इसके कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भारत की विकास दर से उम्मीदें लगाए हुए हैं, खुशियों के मीटर में भारत का स्कोर चाड, बुर्किना फासो, बेनिन और सोमालिया जैसे देशों से थोड़ा ही ऊपर है। तो क्या यह माना जाना चाहिए कि इन देशों की तरह की अराजकता व संघर्ष ही वास्तविक



खुशियों का मूल है और हमें इसका ही अनुसरण करना चाहिए? चौंकाने वाली बात यह भी है कि सकल खुशहाली सूचकांक का विचार देने वाला भूटान, जिसकी 2024 की रिपोर्ट में 79वीं रैंकिंग थी, इस वर्ष कोई रैंकिंग नहीं पा सका है।आर्थिक संकट, महंगाई, राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक अशांति के बावजूद खुशहाली का कारण क्या है?

यही नहीं, मध्य अमेरिकी राष्ट्र बेलिज, जिसे दुनिया में सर्वाधिक हत्या दर वाले देशों में से एक माना जाता है, खुशियों के मीटर में अमेरिका से ठीक नीचे 25वें ?पायदान पर है। हैरान करने वाली बात है कि आखिर वहां के लोग इतने खुश क्यों हैं। रिपोर्ट की मानें, तो वर्षों से आर्थिक संकट, महंगाई, राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक अशांति से जूझ रहा?वेनेजुएला भारत से ज्यादा खुशहाल है, तो क्या अराजकता और अस्थिरता ही अब वैश्विक खुशी के मापदंड बन चुके हैं?

अगर ऐसा है, तो पूरी सभ्यता की कसौटियों का क्या? हत्यारे को हत्या करने में, तो किसी को बदला लेने में, तो किसी और को परोपकार करने में खुशी मिल सकती है। खुशी के पैमाने सबके अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन उन पैमानों को सामान्य बताकर ऐसा संशय पैदा करना कि लोग जान ही न सकें कि वास्तविक खुशी क्या है, कहां तक उचित है? जो सूचकांक ऐसा करते हैं, उनका स्तर महज एक दिन की सनसनी तक सीमित रह जाए, तो हैरत नहीं! प्रश्न यह उठता है कि जब भारत इतना दु:खी है तो सुख की खोज में यहां के आध्यात्मिक स्थानों में भटकने वाली पश्चिमी देशों की भीड़ क्या है जो यहां रच बस जाना चाहती है। क्या सिर्फ पैसों के बल पर सुख का मापदंड तय हो सकता है?

### तेज आंधी-बारिश से टूटे तार, बिजली ठप

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार के तड़के तेज आंधी और भारी बारिश ने कहर बरपाया। यही हाल कई अन्य जिलों में भी रहा। भारी गर्जना के साथ तेज आंधी-बारिश ने रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग सहित कई जिलों में तबाही मचाई। तड़के लगभग 03:00 बजे शुरू हुआ यह तूफानी आंधी-बारिश का कहर सुबह करीब 05:45 बजे तक जारी रहा। इस तूफानी आंधी-बारिश के कारण बिजली व्यवस्था ठप हो गई। कई इलाकों में पेड़ गिरने के साथ ही घरों को नुकसान होने की भी सूचना है। रांची शहरी क्षेत्र में कड़ी मशक्कत के बाद दिन में 09:00 बजे बिजली व्यवस्था बहाल हो पाई। बिजली नहीं रहने से लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परेशान लोग बिजली विभाग के कार्यालयों में लगातार फोन करते रहे। तेज आंधी और बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए थे। आंधी और बारिश की वजह से कई जगहों पर तारों को नुकसान पहुंचा था।

## मुख्यमंत्री ने विकेट कीपर रोबिन मिंज को बधाई दी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर कहा कि चेन्नई बनाम मुंबई के आईपीएल मैच में दोनों तरफ से विकेटकीपर झारखंड के हैं, जो झारखंड की क्रिकेट प्रतिभा को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर कर रहे हैं। यह न केवल झारखंड के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। रोबिन मिंज को आईपीएल में प्रदार्पण की हार्दिक शुभकामनाएं। उनका यह सफर निश्चित रूप से कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमें पूर्ण आशा है कि वह जल्द ही भारतीय टीम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे और झारखंड का नाम रोशन करेंगे। उनकी सफलता से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को गर्व होगा।

## एक नजर

### 14अप्रैल को मनाई जाएगी संविधान निर्माता की जयंती

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड के जोगा पंचायत अंतर्गत आजनवन खेल मैदान में डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती मनाने को लेकर रविवार को आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित हुई। मौके पर सदस्यों की सहमति से 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को शाम 5 बजे पोटो हो आजनवन खेल मैदान में जयंती मनाया जाएगा। बैठक के बाद यह जानकारी आजनवन विकास समिति के अध्यक्ष असरेश पाल ने दी है। बैठक में विक्रमा चौधरी, बैजनाथ राम, अजय विश्वकर्मा, विवेक पाल, दशरथ साव, सीताराम साव, अखिलेश राम, राजू पाल, रोहित चौधरी सहित कई लोगों मौजूद थे।

# 14 लोगों के खिलाफ सीओ ने थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

**सरकारी आदेश के अवहेलना का लगाया आरोप**




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना के टोला तरी ग्राम सबानो में खाता संख्या 69 प्लॉट संख्या 51 की भूमि 10 दस डिसमिल गांव के दलित चौधरी जाति के लोगों को वर्ष 1995-96 में बंदोबस्त की गई थी। अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उक्त भूमि को लेकर टोला तरी की बैगनी देवी के अभ्यावेदन पर अंचल अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक से संयुक्त जांच कराई गई। जांच के बाद प्रतिवेदन किया गया कि सर्वे खाता 69 प्लॉट 51 में 1995- 96 में कुल 14 व्यक्तियों वृक्ष चौधरी, लखन चौधरी, कृष्ण चौधरी, जगरनाथ चौधरी, शिवनाथ चौधरी, बंगाली चौधरी, बंगाली चौधरी, मंगल चौधरी, घिना चौधरी, मंजीत चौधरी, किश्वर चौधरी, कृत चौधरी, सरयू चौधरी एवं विश्वनाथ चौधरी को दस दस डिसमिल जमीन बंदोबस्त की गई थी। जमीन गैरमजरूआ खाते की भूमि है। जिन्हें जमीन बंदोबस्त की गई है। वह सभी अनुसूचित जाति के सदस्य हैं। पासी उनकी उप जाति है। अंचल पदाधिकारी ने आवेदन में कहा है कि स्थानीय स्तर पर पूछताछ स्थल निरीक्षण के समय पता चला कि गांव के ही व्यक्तियों द्वारा बंदोबस्त धारियों को बंदोबस्त की गई भूमि पर खेती बारी करने व अन्य कार्य करने से रोका जाता है। गाली गलौज भी किया जाता है। अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने आवेदन में कहा है कि उक्त भूमि पर वीरेंद्र मेहता मकान का निर्माण कर रहे है। अंचल पदाधिकारी द्वारा कई बार रोकने का प्रयास किया गया। वह प्रशासन को भी देख लेने की धमकी देते हैं। अंचल पदाधिकारी ने थाना को दिए आवेदन के माध्यम कहा है कि सरकारी आदेश की अवहेलना, सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करने आदि को देखते हुए वीरेंद्र मेहता समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य को नष्ट करने की बात कही है। इस संबंध में 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि अंचल पदाधिकारी के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में केस दर्ज कर आगे की अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

## पढ़ाई लिखाई की कोई उम्र सीमा नहीं होती हैं: केन्द्राधीक्षक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मिडिल स्कूल में उल्लास के तहत महिलाओं की परीक्षा ली गई। मौके पर केन्द्राधीक्षक कन्हैया प्रसाद ने कहा कि पढ़ाई लिखाई की कोई उम्र सीमा नहीं होती है। (समाज में सभी के लिए जीवनपर्यन्त सीखने की समझ) के तहत ली गयी परीक्षा ने साबित कर दिया। इस पाक माह रमजान में रोजा के बावजूद राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में मुस्लिम धर्मावलंबी महिलाएं भी परीक्षा दीं। मालूम हो कि यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ली जा रही है। इसका लक्ष्य 2030 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाना है, जो किन्हीं कारणों से पहले पढ़ लिख नहीं पाई है। खासकर 15 वर्ष से उपर की महिलाओं को साक्षर बनाना है। ताकि कर्तव्य बोध हो, सशक्त समाज की नींव पड़े। जिससे भविष्य में अधिकार के साथ कर्तव्यबोध भी हो। इस राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में 17 महिलायें उपस्थित हुई। पढ़ना लिखना व संख्यात्मक प्रश्न थें। केंद्राधीक्षक कन्हैया प्रसाद, सीआरपी विनय सिंह, वीक्षक राजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### रामनवमी पूजा समिति 5 अप्रैल को निकालेगा शोभा यात्रा

**ऊंटारी रोड़।** रामनवमी पूजा समिति प्रखंड ऊंटारी रोड द्वारा प्रखंड मुख्यालय के भगवती मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 अप्रैल अष्टमी को शोभायात्रा निकाला जाएगा, जो पूरे प्रखंड के सभी गांव में भ्रमण करेगा। बैठक में बजरंग दल के संयोजक सत्यम मेहता, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष संतोष पांडेय, पूर्व संयोजक बजरंग दल ओम प्रकाश गुप्ता, धन्जू शर्मा, योगेंद्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, भोला साहू, उपेंद्र सिंह, श्याम कुमार, बद्री प्रसाद सहित कई मौजूद थे।

## चार साल से आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य अधूरा



**ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया आवेदन**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के ऊपरी कला पंचायत के लंगरकोट गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण पिछले चार साल से ठप पड़ा है। भवन निर्माण का कार्य प्लिंथ लेबल तक होने के बाद जस के तस है, इस कार्य के प्रति अधिकारी भी कोई खास दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। भवन निर्माण नहीं होने पर आंगनबाड़ी केंद्र फिलहाल केंद्र की सेविका के घर पर संचालित किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण चार लाख पच्चास हजार रुपए की राशि से किया जाना था। सेविका ने कहा की केंद्र घर में संचालित होने के कारण भारी परेशानी होती है। केंद्र में पढ़ने जाने वाले बच्चों की परेशानी देखकर लंगरकोट गांव के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो को एक आवेदन दिया है, जिसमें ग्रामीण ने कहा है की केंद्र को किसी सरकारी भवन में शिफ्ट करते हुए अधूरे भवन निर्माण को पूरा कराने की मांग की है। इस आवेदन के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने कहा कि अब तक भवन निर्माण कार्य को पूरा क्यों नहीं किया गया पता किया जाएगा। अगर संबंधित व्यक्ति द्वारा राशि निकाल ली गई है, तो उसके खिलाफ सरकारी राशि गबन का मामला दर्ज कराई जाएगी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर की भूमि का अतिक्रमण, सिमटा दायरा




नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित सबसे पुराना और पहला स्वास्थ्य उपकेंद्र व बाद में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर की भूमि का अतिक्रमण करने की बात कही जाती है। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अब प्रखंड कार्यालय के पार्श्व में स्थित 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। सामान्य मरीजों का इलाज और प्रसव की सुविधा बहाल कर दी गई है। हालांकि स्वास्थ्य सेवाएं इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी संचालित की जाती हैं। इसके बावजूद काफी पहले से ही इसकी 1.13 एकड़ अधिग्रहित भूमि में से अधिक क्षेत्रफल का अतिक्रमण कर लिए जाने की बात भी कही जाती है। कहा जाता है कि भवन मात्र 2-3 डिसमिल में ही सिमटकर रह गया है। मगर, लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के बाद भी इसकी अतिक्रमित भूमि को इससे मुक्त कराने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों को इसका मलाल है।

### ग्रामीणों ने बच्चों की पाठशाला चलाने का भी दिया विकल्प

ग्रामीणों का कहना है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर बाउंड्री कराने के साथ इसके पूरे क्षेत्रफल 1.13 एकड़ को सुरक्षित किया जा सकता है। जिसमें अलग भवन बनाकर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किया जा सकता है। जिसे चुनाव में मतदान केंद्र के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है। ऐसे में झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने जाने में जोखिम उठाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं को बूथ की सहज रूप से सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

### डालासा ने बाजार क्षेत्र में लोगों को किया जागरूक

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को प्रखंड के लेस्लीगंज बाजार क्षेत्र में लोगों को साइबर फ्रॉड व अपनी सुरक्षा को लेकर टोल फ्री नंबर के बारे में लोगों को जागरूक किया। मौके पर पीएलभी सनत चटर्जी ने बताया कि देश के अधिकांश लोग निर्धन व अशिक्षित हैं, जो सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं। न्यायालयों में मुकदमों की संख्या अधिक होने के कारण शीघ्र व सस्ता न्याय मिलना बहुत कठिन हो गया है। नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान करने की बात की गई है, जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति आर्थिक या किसी अन्य कारण से न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। हर नागरिक को समान अवसर के साथ-साथ आसानी से न्याय भी उपलब्ध होना चाहिये। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत केन्द्र, राज्य व जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों व उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, उप समिति व तहसील विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। पीएलभी उमेश कुमार उपाध्याय ने नि:शुल्क विधिक सह सहायता केंद्र में लोग विधिक सेवा के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी दी।

## आंखों की रोशनी लौटाना पुनीत कार्य : डॉ. अखिलेश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डीबीसीसी पलामू व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतिम दिन 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन व रविवार को दवा व चश्मा देने के बाद शिविर का समापन कर दिया गया। यहां अब तक 2000 मरीजों की आंखों की जांच व कुल 1163 मोतियाबिंद रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया। मौके पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला अंधापन नियंत्रण समिति पलामू व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में पुराने सरकारी अस्पताल हुसैनाबाद में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 20 अक्टूबर 2024 से शुरू किया गया था। वहां रविवार को शिविर संपन्न हो गई। इसके तहत प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईओएल विधि द्वारा मोतियाबिंद के रोगियों की जांच की जा रही थी। उसके बाद उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जा रहा था। इसके अलावा संस्था की ओर से सभी मरीजों के लिए मुफ्त दवा, चश्मा व खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि अब ठंठ के मौसम में मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों की रौशनी लौटाने का यह सिलसिला ठंठ के मौसम में आगे भी जारी रहेगा। मौके पर ऑपरेशन कर रहे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज प्रसाद, विवेकानंद उपाध्याय,नेत्र सहायक दयानंद कुमार, सुनील कुमार, परशुराम कुमार, सहायक जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, बसंती देवी, सुषमा देवी, काजल कुमारी, सुषमा कुमारी, उपेंद्र कुमार, काजल कुमारी,रागिनी समेत समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद लोगों को नहीं मिला रहा जल नल का पानी




नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहचाने का लक्ष्य बनाकर केंद्र सरकार के द्वारा हर घर जल योजना की शुरूआत की गई है। करोड़ों रुपए खर्च कर गांवों में जल मीनार का निर्माण कार्य कराते हुए पाइप लाइन बिछाई गई। लेकिन यह योजना विभागीय अधिकारीयों की निष्क्रियता के कारण फिसड्डी साबित हो रहा है। बिना पाइप लाइन बिछाए व पानी टंकी का निर्माण कार्य कराए ही पैसों की निकासी कर ली गई। इसका खुलासा नावा प्रखंड क्षेत्र के 12 गांवों में ग्राम सभा के माध्यम कराए गए ऑडिट से हुआ। यह सामाजिक अंकेक्षण का कार्य तकनीकी सहयोग विकास सहयोग केंद्र के द्वारा कराया गया था। सामाजिक अंकेक्षण में पाए गए अनियमितता व समस्याओं को लेकर विश्व जल दिवस के मौके पर 22 मार्च को नावाबाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। वहां जन सुनवाई के लिए ज्यूरी पैनल में सर्वोच्च न्यायलय के कमिश्नर के पूर्व राज्य सलाहकार बलराम, झारखण्ड सोसल ऑडिट कार्यकारिणी सदस्य जेम्स हेरेंज, नावाबाजार प्रखंड प्रमुख विद्या देवी, अधिवक्ता राजीव रंजन, नावाबाजार अंचल अधिकारी शैलेश कुमार, अजीत पाठक को बनाया गया था। जनसुनवाई के क्रम में विकास सहयोग केंद्र संस्था के जवाहर मेहता ने सामजिक अंकेक्षण व जनसुनवाई की अवधारणा व जल जीवन मिशन योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। वहीं सुभद्रा पाणिग्रही ने 12 गांवों में कराए गए ऑडिट रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। जिसमें सरौना, खोखमा, तुकबेरा, रजहारा, चेचरिया, सिंजो , इटको , नेनुआ, बन्दुआ , हटाई, कुम्भी खुर्द व ठेकही गांव का नाम शामिल हैं। जिसे अलग अलग फैक्ट फाईंडिंग रिपोर्ट ज्यूरी के समक्ष रखा गया व इसकी संपुष्टि उपस्थित ग्राम सभा के लोगों ने भी किया ।

### जन सुनवाई में ये रहे शामिल

जनसुनवाई में ग्राम सरौना से राजमुनी सिंह, खोखमा से कमलेश चंद्र, कुम्भी खुर्द से दुखनी देवी, देवकरण सिंह, नेनुआ से राजेंद्र सिंह, चेचारिया से पिंकी देवी, रजहारा से उषा देवी सिंजो से अनुज पाल, हटाई से लाला परहिया, बन्दुआ से रीना देवी ने अपने-अपने गांव के बारे में बात रखे। कार्यक्रम में मृत्युंजय रत्नाकर एमएसयूएस से अशोक सिंह, सहभागी शिक्षण केंद्र से सुमन कुमारी, पीसीआई इंडिया से भाग लिए। कार्यक्रम में विश्व जल दिवस पर नुकड़ नाटक दिखाकर पानी संकट पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में 500 ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल पासवान व सुभद्रा पाणिग्रही ने संयुक्त रूप से किया।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा संपन्न

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पांच परीक्षा केंद्रों पर रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा संपन्न हुआ। निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत परीक्षा के लिए स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर,मध्य विद्यालय हरिहरगंज,कन्या मध्य विद्यालय हरिहरगंज तथा मध्य विद्यालय ढकचा को केंद्र बनाया गया था। जिसमें कुल 180 में 155 परीक्षार्थी शामिल हुए। बीपीएम शशिकांत कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराया गया।

### गोड़ाडीह में राजस्व कैंप आज

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत सचिवालय में सोमवार को राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित मामलों में खासकर, लगान रसीद, पंजी टू में नाम, खाता व प्लॉट की त्रुटियों में सुधार के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। भजनियां में गुरुवार के बाद शनिवार को मोहम्मदगंज पंचायत सचिवालय में भी राजस्व कैंप की विफलता की स्थिति में गोड़ाडीह में इसे अहम माना जा रहा है। अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने इसे गंभीरता से लेने की बात कही है।

## देश के विकास में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण: एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। विकसित भारत युवा सांसद 2025 कार्यक्रम के तहत पलामू नोडल जिला के अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला केंद्र पर पलामू जिला के सभी प्रतिभागियों को एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रमशः सभी प्रतिभागियों के द्वारा उक्त विषय पर निर्धारित समय 3 मिनट में उनके विचार प्रस्तुत किए गए। जूरी सदस्य के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार, मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप राम, सरस्वती विद्या मंदिर जपला के प्राचार्य कुश जी पांडेय, लातेहार के नोडल ऑफिसर नवल किशोर प्रसाद एवं गढ़वा के नोडल ऑफिसर कमलेश कुमार सिन्हा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में युवाओं का योगदान प्रारंभ से ही रहा है। आज का भारतवर्ष युवाओं का देश है। देश का भविष्य आप जैसे युवाओं के ऊपर निर्भर है।अवधेश कुमार सिंह महाविद्यालय जपला के प्राचार्य सह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सूर्यमणि सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के प्रतिभा को विकसित करने के लिए एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र संगठन एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हमारे देश के युवा के व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो रहा है। जूरी सदस्यों के द्वारा प्रथम 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसमें बबली कुमारी ,रश्मि कुमारी ,रवि शर्मा ,रागिनी कुमारी, संजर नवाज, रचित गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, रिंकी कुमारी, भागीरथ शुक्ला, एवं प्राजक्ता कुमारी शामिल है। चयनित सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रदीप कुमार एवं जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रो राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त 10 चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 में भाग लेंगे जिसका टॉपिक भारतीय संविधान के 75 वर्ष : अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा होगा। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो.राजेश कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## रामनवमी पूजा के अध्यक्ष बने पंकज



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड़।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी गांव स्थित सोमवार बाजार के प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी शोभायात्रा निकालने पर निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा को सफल आयोजन व संचालन के लिए कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। सर्वसमस्ती से पंकज कुमार कुशवाहा को तीसरी बार पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया,अनुज कुमार चौधरी को तीसरी बार सचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष धीरज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू कुमार चौधरी को बनाया गया। राहुल गुप्ता, सुरेश चौधरी, राजमुनि चौधरी, मधु तिवारी, प्रमोद चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष चुने गए, दिनेश गुप्ता( बब्लू), अखिलेश शर्मा सह सचिव और, रिंकू चौधरी उपकोषाध्यक्ष चुने गए। प्रबंध समिति के रूप में सुरेश बारी,हरिनाथ प्रसाद चंद्रवंशी, अजय राउत, छोटू पासवान नरेश चंद्रवंशी, रमेश चौधरी, सुरेंद्र मेहता, सत्यानंद विश्वकर्मा, छोटेलाल चौधरी, उमेश सोनी, संतोष सोनी को चुना गया। कार्यकारी सदस्य के रूप में मानिक सोनी, प्रभात कुमार, विक्रांत कुमार, हिमांशु मालाकार, आदित्य कुमार, सरवन गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, श्रीमन चौधरी, अनिल चंद्रवंशी, जितेंद्र शर्मा, श्याम सोनी, सहित 101 युवाओं को रखा गया। पूजा समिति अध्यक्ष पंकज कुमार कुशवाहा ने बताया की सिगसिगी गांव का रामनवमी पूजा आयोजित पूजा स्थल देवी धाम से शुभारंभ किया जाएगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। साथ ही भगवान राम के तस्वीर के साथ भव्य शोभा यात्रा व झांकी निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।

**चैत मास** तंत्र मंत्र व झाड़फूंक को लेकर चैत महीने में बढ जाती है ओझा-गुणियों की गतिविधियां

# अंधविश्वास पर आस्था भारी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** हिंदू धर्म के कई महत्वपूर्ण व शुभ तिथियों को लेकर चैत मास को बड़ा महत्व दिया गया है। वहीं नवरात्र पर तंत्र मंत्र और झाड़फूंक को लेकर भी इस महीने गतिविधियों में इजाफा हो जाता है। जिसे सप्त मातृकाओं के प्रति आस्था माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसे अंधविश्वास बताया जाता है। मगर इसे मिटाने की तमाम कोशिशों के बाद गांव-गांव में आज भी ओझा-गुणी बोलचाल की भाषा में भगत-भग्तिन का नेटवर्क काम कर रहा है। जिनके अधीनस्थ प्रेतबाधा और विभिन्न व्याधियों से त्रस्त लोग चैत महीने में अलग-अलग धाम पर विशेष अनुष्ठान और बाहर के जाने माने ओझा-गुणियों से झाड़फूंक कराने के लिए डेरा डाल देते हैं। ऐसे ही महत्वपूर्ण और अंतर्राज्यीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हैदरनगर का देवीधाम भी बताया जाता है। जहां मां भगवती की उपासना के साथ ही संतान सुख की प्राप्ति और विभिन्न व्याधियों से त्रस्त लोगों खासकर, महिलाओं का जमावड़ा लगता है। इस माह की अमावस्या की रात से त्रस्त लोगों के साथ ही कथित तांत्रिक साधक और ओझा गुणियों की गतिविधियों में इजाफा हो जाता है। जहां अंधविश्वास पर आस्था भारी पड़ जाती है।

### तंत्र मंत्र के चक्कर में बलि प्रथा

बताया जाता है कि हुसैनाबाद के खड़ारपर गांव की एक महिला के तंत्र-मंत्र के साधकों के चक्कर में पड़कर कुछ माह पहले अपनी डेढ़ साल की बच्ची के बलि चढ़ाने की घटना सामने आई थी। जिसने एक बार फिर से यह साबित कर दिया था कि तमाम कोशिशों के बाद भी अंधविश्वास की जड़ें अब भी मजबूत हैं। वैसे इस चक्कर में छोटी-छोटी घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। इसमें अपनों के बीच भी विवाद के मामले यदाकदा सामने आते रहते हैं। हालांकि इसे लेकर अंधविश्वास के विरुद्ध सरकारी के साथ ही संस्थागत तरीकों से जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है। मगर इसके बावजूद गांव-गांव में तंत्र-मंत्र के साधकों के ठिकाने अथवा उनकी भ्रमणशीलता नीम हकीम खतरा-ए-जान वाली कहावत को चरितार्थ करते बताए जाते हैं। लोगों की मानें, तो इस प्रखंड में भी आस पास के गांवों में ही दर्जन भर से अधिक ओझा-गुणी कहें या तंत्र-मंत्र के साधकों के ठिकाने पर भूत-प्रेत बाधा से पीड़ितों का जमावड़ा लगा रहता है। जहां चैत महीने में विशेष अनुष्ठान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी, बताई जाती है।

## चैती नवरात्र में अभिजीत मुहूर्त में ही हो कलश स्थापना

**हाथी पर सवार आयेगी मां दुर्गा : पं. कुंडल तिवारी**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** विक्रम संवत 2082 चैत्र मास के शुभारंभ होते ही हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान के प्रति लोगों में विशेष उत्साह का सृजन होता रहा है। इस संबंध में ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने देवी भागवत की भावार्थ पर कहा कि रविवार या सोमवार के दिन कलश स्थापना होने की संभावना है। बासंतिक नवरात्र में देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती है। हाथी पर इनकी सवारी को शुभ माना गया है। उन्होंने कहा कि इनकी इस सवारी से क्षेत्र में अच्छी वर्षा का प्रतीक माना जाता है। साथ ही इनकी आस्था में लीन व मेहनतकश लोगों को फल की प्राप्ति भी मां की कृपा से होती है। शनिवार या मंगलवार के दिन नवरात्र शुरू होने पर देवी का वाहन घोड़ा (अश्व) होता है। मां देवी का घोड़े पर आना, सत्ता परिवर्तन और युद्ध का प्रतीक है। जो विपक्ष के लिए शुभ और सत्तापक्ष के लिए प्रतिकूल स्थिति बनाता है। बृहस्पतिवार या शुक्रवार के दिन नवरात्र शुरू हो तो देवी दुर्गा पालकी पर सवार होकर आती है। जो अशुभता का प्रतीक है। इसमें महामारी, प्राकृतिक आपदा, उपद्रव, दंगें और जनहानि जैसी स्थितियां पैदा होती है। इसी प्रकार बुधवार के दिन नवरात्र शुरू होने से देवी दुर्गा नाव पर सवार होकर आती है। जो देवी का नाव पर आना सब प्रकार से शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि कलश स्थापना व पूजा शुभ मुहूर्त में करना आवश्यक है। 30 मार्च को शुभ मुहूर्त प्रातः 6. 13 से 10. 22 बजे तक है। वहीं अभिजित मुहूर्त दोपहर 12. 01 से 12. 50 बजे तक रहेगा। इस मुहूर्त पर कलश स्थापना व पूजा का संकल्प लेना चाहिए।

# शहीद दिवस पर इप्टा की प्रभात फेरी, भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 'शहीद दिवस के अवसर पर इप्टा एवं शहादत समारोह समिति' द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कचहरी चौक से एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और इप्टा के कलाकार शामिल हुए। प्रभात फेरी में शामिल लोग 'इंकलाब जिंदाबाद', 'साम्राज्यवाद का नाश हो', 'भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु अमर रहें' जैसे नारे लगा रहे थे। फेरी विभिन्न चौकों से होते हुए भगत सिंह चौक पहुंची, जहां लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि भगत सिंह सामाजिक समरसता और धार्मिक भेदभाव खत्म करने के पक्षधर थे।

कार्यक्रम में इप्टा के कलाकारों ने 'शहीदों ले लो मेरा सलाम' और 'फांसी का झूला झूल गया मस्ताना भगत सिंह' जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शीला श्रीवास्तव, अहिल्या गिरी, वैजयंती गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, चंदा झा, संजू शुक्ला, प्रेम भसीन, सुरेश सिंह, आलोक वर्मा, विजय कुमार सिंह, पंकज श्रीवास्तव, बृजनंदन मेहता, अभिषेक विश्वकर्मा, बबलू चावला, अजीत कुमार पाठक, शिव शंकर प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### विहिप ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप के जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अमित तिवारी और बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय श्री राम' के नारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धांजलि सभा में विहिप के प्रांतीय सेवा टोली सदस्य दामोदर मिश्र, पूर्व उपमहापौर राकेश सिंह, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, गौ रक्षा प्रमुख भोला अग्रवाल, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**मेदिनीनगर।** शहीद दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड द्वारा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पलामू जिला यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि संचालन सेवा दल के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार ने किया। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, कांग्रेस नेत्री रेखा सिंह, अनीता पाल, संजय राजन, विकास सिंह, संदीप कुमार, टिकेत कुमार, दिलीप साहू, अनुज सिंह, गौरव पांडेय और विशाल सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भगत सिंह चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मोर्चा के सदस्यों ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में भगत सिंह ने फांसी के फंदे को गले लगाकर राष्ट्र मुक्ति का बिगुल बजाया था। उन्होंने कहा कि आज जल, जंगल और जमीन से झारखंडियों का अधिकार छीना जा रहा है। प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव ने कहा कि महापुरुषों की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए झारखंड आंदोलनकारियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा, महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी, शंखनाथ सिंह, प्रदीप सिन्हा, समाजसेवी शैलेश चंद्रवंशी, राजू प्रजापति, बिनोद प्रसाद सिंह, विकास सिंह, ललन कुमार, जगनारायण मेहता और आयुष कश्यप समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भगत सिंह को किया नमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मेदिनीनगर इकाई ने शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि भगत सिंह ने अंग्रेज अधिकारी जे. पी. सांडर्स की हत्या कर ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों को आज के युवाओं को आत्मसात करना चाहिए। प्रदेश कल्याण छात्रावास कार्य प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला था। उन्होंने 12 साल की उम्र में ही क्रांतिकारी पुस्तकों का अध्ययन कर अपने विचार विकसित किए थे। इस अवसर पर जिला संयोजक नितीश दुबे, नगर मंत्री विपिन यादव, नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, अंकित कुमार लाल, किसलय दुबे, उज्जवल सिंह, सत्यम सिंह, सौरभ ठाकुर, आनंद वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय युवा सांसद में जीएलए कॉलेज के संजर नवाज का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विकसित भारत युवा सांसद 2025 के अंतर्गत 'एक राष्ट्र, एक चुनाव - विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम' विषय पर एके सिंह कॉलेज, जपला में दो दिवसीय नोडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। पहले दिन गढ़वा और लातेहार जिले के छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जबकि दूसरे दिन पलामू के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में जीएलए कॉलेज के इतिहास स्नातक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक संजर नवाज का चयन राज्य स्तरीय युवा सांसद में हुआ। इस उपलब्धि को कॉलेज और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने संजर नवाज की इस उपलब्धि की जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नवाज के चयन से कॉलेज का नाम राज्य स्तर पर रोशन होगा। इस अवसर पर जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई. जे. खलखो ने संजर नवाज और डॉ. वीरेंद्र कुमार को बधाई दी। कार्यक्रम में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी 10 स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय युवा सांसद में चयनित होने पर शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयन के बाद राज्य स्तरीय युवा सांसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर भी यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागी युवा सांसद के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## रामनवमी जुलूस में प्रसाद वितरण करेगी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल किशोर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी रामनवमी के जुलूस के दौरान रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सदस्यों ने चना, गुड़, किशमिश, मूंगफली, शीतल जल और शरबत वितरित करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान कुछ विशिष्ट लोगों और सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महासचिव लाल बहादुर सिन्हा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला संगठन मंत्री संजय शरण ने किया। बैठक में वैवाहिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रविशंकर कुमार, युवा अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, मंत्री अतुल कुमार अखौरी, चंदन सिन्हा, दीपक श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा, संजय राज, विकास कुमार सिन्हा, गोपाल सिन्हा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## रानी सती दादी मंदिर में भक्तिभाव से हुआ मंगल पाठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक स्थित श्री रानी सती मंदिर में रविवार को चैत्र मास कृष्ण पक्ष नवमी के अवसर पर मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सतबीर सिंह राजा और उनकी धर्मपत्नी अरविंदर कौर द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद मंगल टीम और अन्य महिलाओं ने दादी मां के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों में 'चली चली रे नारायणी पाठशाला रे', 'दादी थारो रूप मतवालो', 'जिया कौन म्हारी दादी ने सजाया', और 'बनीनी सी लागे म्हारी मां' शामिल थे, जिन पर भक्तजन झूम उठे। इस अवसर पर राजा सतबीर सिंह के पुत्र साहेब सिंह, रानी सती दादी मंदिर के पीयूष तुलस्यान, मनोज भिवानिया, पप्पू लाठ, विकास सिंघानिया, बद्री सिंघानिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रेड़मा स्थित श्री रानी सती मंदिर में दिसंबर 2023 में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आयोजित किया गया था, जिसमें मंदिर का पुनर्निर्माण और दादी जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। रानी सती दादी मंदिर भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं, जहां नियमित रूप से मंगल पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में भक्तजन भक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से दादी मां की महिमा का गुणगान करते हैं।

### कृषक उत्पादक संगठन में 30 किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पोलपोल पंचायत में कृषक उत्पादक संगठन की बैठक संपन्न हुई। पोलपोल पंचायत भवन में आयोजित इस बैठक में संगठन के अध्यक्ष विवेकानंद त्रिपाठी ने किसानों को सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे लाभों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने नई तकनीकों से खेती करने की सलाह दी, जिससे किसान उन्नत फसल उत्पादन कर सकें। संगठन के सदस्यों ने महाराष्ट्र के नासिक, हरियाणा के गुड़गांव तथा रांची में पूर्व में मिले प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारियों को किसानों के साथ साझा किया। बैठक के पश्चात, किसानों ने उत्साहपूर्वक संगठन में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसके अलावा, किसानों को यूरिया खाद के उपयोग को धीरे-धीरे कम करने और ऑर्गेनिक खाद को बढ़ावा देने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस बैठक में प्रो. संतोष तिवारी, राणा प्रताप सिंह, संतोष कुमार, उमेश तिवारी, भीम चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, अनूप कुमार तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बोतलबंद पानी की अवैध बिक्री, 15 के बजाय 20 रुपए में बिक रही बोतल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बोतलबंद पानी की बिक्री में अनियमितताएं सामने आई हैं। प्रिंटेड एमआरपी से अधिक दाम पर पानी बेचा जा रहा है, साथ ही रेलवे द्वारा अधिकृत नहीं किए गए लोकल ब्रांड्स भी धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं।

स्टेशन पर स्थित एक स्टॉल पर 'किंग रॉयल' पानी की बोतल 15 रुपए के बजाय 20 रुपए में बेची जा रही है। ग्राहकों से कम पैसे देने पर बदसलूकी भी की जाती है। हैरत की बात यह है कि रेल प्रशासन अब तक इस बात से अंजान कैसे है।

रेलवे के नियमों के अनुसार, स्टेशनों पर केवल 'रेल नीर' या रेलवे द्वारा अनुमोदित ब्रांड्स का ही बोतलबंद पानी बेचा जा सकता है। अधिक कीमत वसूलने पर यात्रियों को रेलवे की हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

स्टेशन पर उचित पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को महंगे दाम पर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं। इस संबंध में सीटीआई विकास शर्मा ने बताया कि यदि किसी स्टॉल द्वारा अधिक दाम वसूला जा रहा है, तो उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया जाएगा।

## नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के प्रथम मैनेजमेंट पीएचडी धारक बने डॉ. सुमित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी (एनपीयू) में मैनेजमेंट विषय में पीएचडी करने वाले पहले व्याख्याता बनने का गौरव डॉ. सुमित मिश्रा को प्राप्त हुआ है। उन्हें रांची में आयोजित दीक्षांत समारोह में झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, माननीय एम. एस. रामचंद्र राव ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की।

डॉ. सुमित मिश्रा ने 2024 में आइक्फाई यूनिवर्सिटी, रांची से पीएचडी पूरी की थी। वे 2020 में मैनेजमेंट विभाग में नेट क्वालीफाई करने वाले एनपीयू के पहले व्याख्याता भी थे।

डॉ. सुमित मिश्रा ने आईसीआईसीआईसीआई बैंक और एचएसबीसी बैंक में वर्षों तक प्रबंधक के रूप में कार्य किया है। उनके एक शोध पत्र को पेटेंट मिला है, जबकि चार शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी मैनेजमेंट पर लिखी पुस्तक को विश्वविख्यात लैम्बर्ट पब्लिकेशन, लंदन ने प्रकाशित किया है।

डॉ. सुमित मिश्रा ने मैनेजमेंट पर आयोजित कई विश्व स्तरीय सेमिनार में अपने शोध पत्रों पर आधारित व्याख्यान भी दिया है। उनकी इन उपलब्धियों ने नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, मेदिनीनगर को गौरवान्वित किया है।

### एनएच की मनमानी के खिलाफ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का विरोध, सिंगरा से सतबरवा तक करेंगे प्रोटेस्ट

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने नेशनल हाईवे की मनमानी को लेकर केंद्र सरकार से शिकायत की है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है और इसकी जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान साझा की। के.एन. त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि रैयतों को भुगतान किए बिना हाईवे निर्माण कार्य किया जा रहा है और मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि रैयतों को उनका हक नहीं मिला तो वे इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे। त्रिपाठी ने घोषणा की कि वे सोमवार से सिंगरा से सतबरवा तक रैयतों के साथ मिलकर एनएच के कार्यों को बंद कराने के लिए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में रैयत और कई नेता उपस्थित थे।

## कुंडलियां पंचामृत' का भव्य लोकार्पण, साहित्य सृजन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है पलामू

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** पलामू के पाँच छांदस रचनाकारों–राकेश कुमार, नीरज कुमार पाठक, रीना प्रेम दूबे, अनुज कुमार पाठक और रमेश कुमार सिंह–की रचनाओं से सजी पुस्तक 'कुंडलियां पंचामृत' का भव्य लोकार्पण हुआ। यह कार्यक्रम चैनपुर के प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया, जहां झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र ने की, जबकि मंच पर डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रेम भसीन, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार मिश्र, रामाधार सिंह, धनंजय जयपुरी, विनय मामुली बुद्धि और रविशंकर पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी विद्या वैभव भारद्वाज ने किया।

मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि पलामू विकास के क्षेत्र में भले ही पिछड़ा हो, लेकिन साहित्य सृजन में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। 'कुंडलियां पंचामृत' में संकलित पाँचों कवियों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया है और वे प्रशंसा के पात्र हैं।

सभाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र ने कहा कि वर्षों पहले उन्होंने कवि राकेश कुमार में काव्य प्रतिभा देखी थी, और आज यह पुस्तक साहित्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। साहित्यकार प्रेम भसीन ने कहा कि इन कवियों की प्रतिभा पर उन्हें गर्व है, जबकि डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने राकेश कुमार की 'मछली' कुंडलिया की सराहना करते हुए इसे साहित्य साधना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

छंदशास्त्री श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने कुण्डलिया छंद के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परंपरा गिरिधर कविराय से चली आ रही है और कुंडलियां पंचामृत उसी का आधुनिक स्वरूप है। उन्होंने राकेश कुमार के संपादन को त्रुटिरहित बताते हुए कहा कि सभी रचनाकारों की कुंडलियां साहित्यिक कसौटी पर खरी उतरती हैं। समारोह में राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक और सचिव प्रेम प्रकाश दुबे ने सभी रचनाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुपमा तिवारी, श्यामलाल उराँव, सरिता दुबे, नीरज कुमार, अजय पांडेय, विद्या सागर शर्मा, सुमन मिश्रा, आदर्श राज, कामेश्वर सिंह, बिमल कुमार, मधु रानी लाल, उमेश कुमार पाठक, रविशंकर पांडेय, अशोक मिश्र, प्रेम प्रकाश पांडेय, राम प्यारी सहित सैकड़ों साहित्यकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

## शहीद दिवस पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई भागीदारी

- नेहरू युवा केंद्र ने पाटन प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय में आयोजित की सत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय पाटन में शहीद दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दीक्षा कुमारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भारती गुप्ता और शिक्षको द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। भारती गुप्ता ने बताया कि आज का समय प्रतियोगिता का युग है। हमें बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और सदैव सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना होगा। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए विपिन कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने जोड़ते हुए कहा कि जैसे भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अपने राष्ट्र के लिए समर्पण दिखाया, वैसे ही हमें भी निरंतर ईमानदारी पूर्वक काम करना चाहिए और अपने देशभक्तों के सपनों को पूरा करना है।

कार्यक्रम के दौरान रूबी मैम ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें मिलजुल कर समाज को आगे बढ़ाना है। आयोजन में शिक्षक रमाशंकर पासवान, मानसी, चाहत, राजलक्ष्मी, सुप्रिया सहित अनेक छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सक्रिय रूप से भाग लिए।

इस आयोजन से यह संदेश भी स्पष्ट हुआ कि शहीद दिवस न केवल देशभक्तों की स्मृति को ताजा करने का दिन है, बल्कि यह युवाओं में रचनात्मकता और संवाद कौशल को भी प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों से इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शैक्षिक माहौल को प्रेरणादायक बनाते हैं, बल्कि बच्चों में देशप्रेम एवं समाज सुधार की भावना को भी प्रबल करते हैं।

## एक नजर

### 1012 परीक्षार्थियों ने साक्षरता आंकलन परीक्षा में भाग लिया



**रंका।** रंका प्रखंड के 14 केन्द्रों पर आयोजित साक्षरता आकलन परीक्षा में 1012 परिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रखंड के 14 पंचायतों के सरकारी विद्यालयों में साक्षरता आकलन परीक्षा का आयोजन की गई थी। इस आकलन परिक्षा में पुरुष 315 एवं 696 महिला परीक्षा में शामिल हुए। इस संबंध में साक्षरता के समन्वयक राजेश पाण्डेय उर्फ गौतम पांडे ने बताया कि रंका प्रखंड के 14 पंचायत में 1012 परीक्षार्थी ने भाग लेकर परीक्षा दिया जो इन सभी महिला एवं पुरुषों को एनआईओएस के द्वारा सर्टिफिकेट दी जाएगी, ताकि किसी भी संस्थान में इनको काम आ सकेगा।

### ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया



**कांडी।** कांडी क्षेत्र अंतर्गत सरकोनी पंचायत के सेमौरा गांव में राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में गायत्री परिवार द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में आचार्य श्रीराम शर्मा ने इस आयोजन के तहत ये संदेश दिया की हमें अपने आप को बदलने की जरूरत है। अब समय आ गया है, एक नए युग का शुभारंभ करने का। उन्होंने कहा कि अगर हम बदलेंगे तो युग बदलेगा। मैं एक संकल्प के तहत निकला हूं। मेरा संकल्प है कि मैं ॐ भूर्भुवः स्वह तत्स बितूरर्य ब्राय नमः भर्गो देवस्य धी मही धियो योनः प्राच्यो ध्या नामक गायत्री मंत्र के द्वारा हर जिला हर प्रखंड में लोगों को सनातन से जोड़ने का संकल्प लेकर निकले हैं। इस संकल्प के साथ कांडी प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत सेमौरा ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में इस कार्यक्रम का आयोजन रखें हैं। उन्होंने कहा की हमलोग के गुरुदेव का उद्देश्य है कि हर घर में मां गायत्री का पूजा हो।

### करंट की चपेट में आने से एक की मौत

**गढ़वा।** रंका थानांतर्गत सोनदाग गांव निवासी 40 वर्षीय बालकुमार भुइयां की मौत करंट की चपेट में आने से हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बालकुमार घर में बिजली का तार जोड़ रहा था। उसी दौरान उसे करंट लग गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### केतार-खरौंधी राजी मुख्य पथ चौड़ीकरण की मांग पर विधायक को बधाई

**खरौंधी।** प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव को सदन में केतार-खरौंधी राजी मुख्य पथ के चौड़ीकरण की मांग उठाने पर बधाई दी है। उन्होंने बताया कि यह सड़क सिंगल लेन है, जिससे झारखंड के अलावा उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग भी यात्रा करते हैं। सड़क संकीर्ण होने के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया था।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**तीनों युवक पनघटवा डैम घुमने गए थे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना के सीमावर्ती क्षेत्र के पनघटवा डैम के पास दुर्घटना में 20 वर्षीय छोटू पासवान की मौत हो गई। दो अन्य युवक उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मृतक अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल डैम के नीचे से गुजर रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर होने से तीनों युवक घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए पहले सभी को डंडई अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर अस्पताल के चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के क्रम में छोटू पासवान की मौत बीच रास्ते में हो गई। घटना में घायल दोनों युवक रारो गांव निवासी हरिओम गुप्ता पिता संजय साव, मिथुन गुप्ता पिता प्रभु साव के रूप में पहचान की गई। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिथुन कुमार को गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि बाइक से तीन युवक पनघटवा डैम घूमने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर बौलिया गांव का बताया जा रहा है जो बालू लेने कनहर नदी मे जा रहा था। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिस जब्त कर लिया है।

### गुजारा भत्ता नहीं देने पर गिरफ्तार

**रंका।** थानांतर्गत मानपुर निवासी बिहारी राम को पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। मालूम हो कि बिहारी राम की पहली पत्नी यशोदा देवी ने 2023 में पति के खिलाफ गुजारा भत्ता नहीं देने को लेकर केस दर्ज कराया था। उसपर कोर्ट ने पांच हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। छह महीने से यशोदा को गुजारा भत्ता नहीं दिया जा रहा था। उसकी शिकायत पर उसके खिलाफ वारंट निर्गत किया गया था। उक्त आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि बिहारी राम ने दूसरी शादी की है। पहली पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं दे रहा था। उक्त मामले में कोर्ट से निर्गत वारंट पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## प्रखंड में बुनियादी साक्षरता आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के 11 पंचायतों में बुनियादी साक्षरता आकलन सह जांच परीक्षा का आयोजन नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जिला साक्षरता समिति गढ़वा के निर्देश पर आयोजित किया गया। परीक्षा केंद्र 11 पंचायत के विद्यालय को बनाया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य साक्षरता दर को बढ़ाना है। इस परीक्षा के माध्यम से साक्षर लोगों को लिखना, पढ़ना, संख्यात्मक योग्यता का आकलन किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य कुल 1607 ग्रामीणों को साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने का लक्ष्य है, जिसमें महिला 1124 पुरुष 483 होंगे। इस बुनियादी साक्षरता व आकलन सह जांच परीक्षा में कुल 11 पंचायतो में 1028 ग्रामीण, जिसमे 903 महिला व 125 पुरुषों ने भाग लिया। सिलीदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय प्लस टू का पर्यवेक्षकनोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर केंद्राधीक्षक नंदकिशोर चौबे,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीप ठाकुर,पंचायत प्रेरक सुग्रीम राम, कंचन गुप्ता, सुरेन्द्र पासवान मौजूद थे।

## मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीगः मेरौनी ने गमहरिया को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को मेरौनी और गमहरिया टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ समाजसेवी पंकज सिंह ने फीता काट कर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गमहरिया टीम ने निर्धारित 13.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 83 रन का स्कोर बनाया। गमहरिया टीम के बल्लेबाजों ने काफी संघर्ष किया, लेकिन विपक्षी गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी से उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोन संगम मेरौनी टीम ने शानदार शुरूआत की। चिंटू के 34 रन की आतिशी बल्लेबाजी के बदौलत 9.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 87 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अहमद अंसारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार शुभम को दिया गया। समाज सेवी



पंकज सिंह ने मेरौनी टीम के कप्तान आलोक तिवारी को विजेता ट्राफी व 51 हजार रुपए व उप विजेता टीम के कप्तान मनोज कुमार को उप विजेता ट्राफी व 31 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज सेवी पंकज सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। इस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच मिल रहा है, इससे क्षेत्र में खेल को बढ़ावा मिलेगा। इस क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने ने कहा कि प्रत्येक वर्ष क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन कराकर खिलाड़ियों को छुपी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जायेगा। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी और कहा की खेल में हार-जीत लगा रहता है। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार,विनोद सिंह, आलोक तिवारी, मनोरंजन गुप्ता, गुडन पासवान, रामाश्रय प्रसाद, दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, गौतम पाल, ऐनूल परवेज, हेमंत मेहता, श्याम बिहारी राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार दोपहर में सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक हरेन चंद्र महतो की अनुपस्थिति में प्रभारी उपाधीक्षक की जानकारी लेने पर बताया गया कि वह अस्पताल से अनुपस्थित हैं। एसडीओ ने फोन कर प्रभारी डॉ. नौशाद से एक पोस्टमार्टम मामले को लेकर उत्पन्न हई विधि व्यवस्था संबंधी अवांछनीय स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने डॉ. नौशाद को डीएस की अनुपस्थिति तक कार्यालय समय में अस्पताल में ही रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर का भी भ्रमण किया।

### ब्लड बैंक में रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित



एसडीओ संजय कुमार ने ब्लड बैंक पहुंच कर ब्लड डोनेशन कैंप पहुंचे रक्तदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही ब्लड बैंक प्रभारी, काउंसलर की कार्य-प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन माह में सदर अस्पताल के ब्लड बैंक की स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। अब हर समय ब्लड बैंक में मांग से अधिक रक्त उपलब्ध रहता है। इसके लिए उन्होंने गढ़वा के रक्तदाताओं का साधुवाद दिया। उन्होंने रक्तदाताओं को ब्लड बैंक से जारी प्रमाण पत्र अपने हाथों से प्रदान कर उनके इस योगदान के प्रति धन्यवाद दिया।

## नव साक्षरों के परीक्षा में 1207 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को नव साक्षरों की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा प्रखंड के विभिन्न नव परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें कुल 1207 नव साक्षर सम्मिलित हुए। इनमें 838 महिलाएं और 369 पुरुष प्रतिभागी शामिल थे। परीक्षा का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों को साक्षर बनाना था, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए थे। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा किया गया, जो देश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक और वीक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा के दौरान व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुचारू रहीं। राज्य साक्षरता मिशन के प्रतिनिधि मनोज कुमार निराला और डीपीएम संतोष कुमार तिवारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ समन्वयक रंजू गुप्ता भी मौजूद रहीं। डीपीएम संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सहयोग प्रधानाध्यापक, वीक्षक और अन्य कर्मियों द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा, ₹नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य वयस्कों को बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें समाज में जागरूक नागरिक के रूप में स्थापित करना है। मौके पर केंद्राधीक्षक कामेश्वर प्रसाद सिंह, दीनानाथ राम, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र दास, गोविंद उरांव, राजेश श्रीवास्तव, नसीम अंसारी, उमेश्वर महतो, वीक्षक सुशील कुमार यादव, शिवनाथ प्रसाद यादव, संध्या कुमारी, पुनमलता कुमारी, रविता कुमारी, लीलावती कुमारी, इंदू देवी, माया आजाद और रिंकू कुमारी ने परीक्षा संचालन में सहयोग किया।

### शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु याद किए गए



**विशुनपुरा।** रौनियार समाज की बैठक में 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक रौनियार समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की फोटो पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रौनियार समाज के जिला अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता ने कहा कि 1931 में आज के ही दिन अंग्रेजों ने लाहौर जेल में इन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी थी। इस कारण 23 मार्च को पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों के बलिदान की वजह से ही आज हम एक स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज कुमार, मुन्ना गुप्ता, मुरली प्रसाद, भोला नाथ साहू, संतोष गुप्ता, पंकज गुप्ता, माणिक गुप्ता, सुशील गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक अनंत ने मुख्यमंत्री को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सड़क निर्माण से सबंधित चार सूत्री मांग पत्र सौंपा है। नेताओं ने जनहित में प्राथमिकता के आधार पर पथ निर्माण का कार्य कराने का अनुरोध किया है। मांग पत्र में सोनेहारा मुख्य पथ से बुल्का अतियारी ,बरहिया सगमा बस्ती होते हुए बिलासपुर (उ.प्र) बोर्डर तक 31 किलोमीटर पथ,रमना मुख्य पथ से सिलीदाग गम्हरीया-बुल्का, गनियारी टांटीदिरी, मरचईया ,शिवरी होते हुये धुरकी मेन रोड़ तक लगभग 23 किलोमीटर पथ निर्माण,डंडई और चिनिया (दो प्रखण्डो) को जोड़ने वाली लवाही से पचौर होते हुए चिनिया तक लगभग 10 किलोमीटर पथ निर्माण तथा नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत एनएच 75 के हेन्हो मोड़ से मर्चवार व सलसलादी दामर होते हुए रमना प्रखंड के ग्राम चनाकला मुख्य पथ तक लगभग 10 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य कराने की मांग शामिल है। स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि बहुत ही जल्द इन सभी सड़कों का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा भवनाथपुर विधानसभा में विकास गंगा बहाया जाएगा। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में जहां भी सड़क व पुल का कार्य नहीं हुआ है, वहां सड़क व पुल का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इसके लिये स्थानीय विधायक व व लगातार मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत करा रहे हैं।

### कॉफी विद एसडीएमः इस सप्ताह रामनवमी अखाड़ा समितियों से होगा संवाद

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संचालित रामनवमी अखाड़ा समितियों को अपने यहां कॉफी पर सादर आमंत्रित किया है। संजय कुमार ने कहा कि आगामी बुधवार 26 मार्च को गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों की अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष या महासचिव में से कोई एक उनके यहां सादर आमंत्रित है। अखाड़ा समितियां चाहें तो वे अपने किसी अन्य पदाधिकारी को भी नामित करके कार्यक्रम में भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पावन पर्व निकट है, इसलिए पर्व को सामाजिक सद्भाव और शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाने के उद्देश्य से सभी समितियों से आवश्यक संवाद कर उनसे फीडबैक लिया जाएगा कि उन्हें प्रशासनिक स्तर से क्या क्या अपेक्षाएं हैं। साथ ही विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं। इन्हीं सब विषयों पर मैत्रीपूर्ण और अनौपचारिक माहौल में उनसे सहभागी संवाद होगा। इस एक घंटे के दौरान न केवल वे अपनी बात प्रशासन एवं आमजन तक पहुंचा सकेंगे, बल्कि प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं इसे भी एक अच्छे माहौल में संवाद के माध्यम से जान सकेंगे।

### लोहिया के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरतः कृष्णा



**श्री बंशीधर नगर।** डॉ. राममनोहर लोहिया विचार मंच के तत्वावधान में डॉ. लोहिया के 115वीं जयंती के अवसर पर भवनाथपुर मोड़ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. राममनोहर लोहिया विचार मंच के सदस्यों ने प्रखर समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि डॉ. लोहिया प्रखर समाजवादी नेता,प्रसिद्ध विचारक व चिंतक थे। डॉ. लोहिया संघर्षशील नेता व महान अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने कहा कि इनका जन्म उत्तरप्रदेश के आंबेडकर जिले के अकबरपुर ग्राम में हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सबों को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी देश व समाज का विकास संभव है। सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल ने कहा कि डॉ. लोहिया प्रारम्भ से ही मेधावी छात्र थे। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के विद्यालय में हुई थी। वह 22वर्ष की अवस्था मे ही डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त कर लिये थे। अपने तीव्र बुद्धि के कारण वह तीन माह में ही जर्मन भाषा सीखकर अपने प्रोफेसर को आश्चर्यचकित कर दिये थे। उन्होंने कहा कि वह व्यक्ति के स्वतंत्रता के समर्थक थे। इनका पारखी व्यक्तित्व पूरी दुनिया और भारत का भविष्य देख लिया था। इनकी कही बातें आज सत्य साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जर्मन में 6 वर्ष तक रहने के कारण इनके जीवन पर कार्लमार्क्स का प्रभाव परिलक्षित होता है। इनके जीवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी प्रभाव था। कहा जाता है कि इनके जीवन पर ढ़ाई आदमी का प्रभाव दिखाई देता है। जिसमें कार्लमार्क्स,महात्मा गांधी व आधा जवाहरलाल नेहरू का। डॉ लोहिया विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। यह समाजवाद की स्थापना सत्याग्रह के माध्यम से करना चाहते थे। उनका मानना था कि यूरोपीय समाजवाद हमारे देश के लिये लाभकारी नहीं है।मौके पर मंच के संरक्षक विजय सिंह, मथुरा पासवान,सलीम अंसारी,कमलेश बिहारी,बसंत जायसवाल,सत्येंद्र कुमार ठाकुर,पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय,रामानन्द पांडेय,कमलेश्वर पांडेय,शिवनारायण चौबे,गोपाल राम,सुदर्शन राम,ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीताराम जायसवाल ने किया।

## परेशानी

### अबुआ आवास के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को नहीं मिला आवास

# 536 में अब तक 164 लाभुकों के खाता में गया पैसा, शेष वंचित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** लोवादाग पंचायत भवन में रविवार को मुखिया जसीमा बीवी की अध्यक्षता में आवास योजना को लेकर बैठक में पंचायत के ग्रामीण व आवास के लाभुक उपस्थित थे। मुखिया जसीमा बीबी ने पंचायत में पीएम आवास के 1200 सर्व जियो टैग का लक्ष्य और अबुआ आवास के 536 लक्ष्य के बारे में पढ़ कर सुनाया। उपस्थित आवास के लाभुक सोनिया बीबी पति शौकत अंसारी ,राजेंद्र राम पिता राम परिखा राम, शरिफन बीवी पति ताजुद्दीन अंसारी, सुनीता देवी पति पिंटू राम, सैमून बीबी पति मुख्तार अंसारी, रीना कुमारी पति अक्षय कुमार भारती, पूजा देवी पति जोगेंद्र कुमार सिंह ,रीना देवी पति शंभू सिंह ,राकेश कुमार पिता नरेश राम ,सीमा देवी पति संतोष राम, पूजा कुमारी पति ओमप्रकाश चौधरी बंका, नसीम अंसारी पिता लोकी अंसारी ,लक्ष्मी देवी पति ब्रजेश राम, प्रतिमा देवी पति दिलीप शर्मा अधौरी ,बबीता देवी पति सोनू शर्मा, जटूराम पिता धनुराम सहित कई लाभुकों ने अबुआ आवास की राशि नहीं मिलने पर विरोध करने लगे। लोगों का आरोप है कि अबुवा आवास योजना का राशि अभी तक हम लोगों के खाते में नहीं आया है। कई महीनों से हम लोग पंचायत से लेकर प्रखंड तक दौड़ लगा रहे हैं। पैसा खाते में नहीं आने से हम लोग अबुआ आवास के लाभ से वंचित हैं। लाभुकों का आरोप है कि सरकार द्वारा गरीबों को पक्का मकान देने के लिए पंचायत में 536 आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन पंचायत सचिव राधा कुमारी के लापरवाही के कारण 536 में 372 अबुआ आवास के लाभुक लाभ से वंचित हो गए हैं। बैठक में उप मुखिया नबिज अंसारी, मुखिया पति दिलजान अंसारी, रोजगार सेवक मंजय तिवारी, वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी, अर्चना देवी इस्तेफाक अंसारी, जितेंद्र कुमार सिंह, सविता देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**आरोपी बेबुनिया व झुठाः पंचायत सचिव :** अपने उपर लगे आरोपों के संबंध में पूछने पर पंचायत सचिव राधा कुमारी ने बताया कि जो सही लाभुक थे, उनका पैसा मेरे द्वारा छुड़वा दिया गया है। बाकी लाभुकों का जांच किया जा रहा है। उनके उपर लगाया गया आरोपी बेबुनियाद व झुठा है।

### पंचायत सचिव ने गंभीरता से काम नहीं कियाः मुखिया

मुखिया जसीमा बीवी ने बताया कि पंचायत में 536 अबुआ आवास का लक्ष्य मिला था। जिसमें 164 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव राधा कुमारी द्वारा गंभीरता से काम नहीं करने के कारण पंचायत के अधिकांश लोग अबुआ आवास से वंचित हो गए हैं। मुखिया ने बताया कि पंचायत में 1200 पीएम आवास प्लस का सर्वे जियो टैग का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें भी लगभग 25 प्रतिशत सर्वे जियो टैग का कार्य नहीं हो पाया है। सरकारी निर्देश के अनुसार मात्र एक सप्ताह ही समय रह गया है।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 30 मार्च को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी और नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता मारुति नंदन सोनी ने रविवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने टूर्नामेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया। मारुति नंदन सोनी ने कहा कि यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 30 मार्च 2025 को भव्य उद्घाटन किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए क्रिकेट टीम के लिए इंट्री फी 2100 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार की नकद राशि व ट्रॉफी दी जाएगी। उपविजेता टीम को 21 हजार की राशि और एकव ट्रॉफी दिया जाएगा। इसके अलावा, टूर्नामेंट के दौरान विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मैन ऑफ द सीरीज को 3100 का पुरस्कार दिया जाएगा। मैन ऑफ द मैच को 1100 की राशि दी जाएगी। बेस्ट प्लेयर के लिए 1100, बेस्ट फील्डर के लिए 1100, बेस्ट बॉलर के लिए 1100 का पुरस्कार रखा गया है। उन्होंने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए उन्हें टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल के क्षेत्र में एक नया मुकाम स्थापित करेगा, बल्कि युवाओं के बीच टीम भावना और प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देगा। प्रेस वार्ता में पप्पू जायसवाल,रिंकू तिवारी, चंदन कमलापुरी,सनेश जयसवाल, सोनू सर,पप्पू खलीफा, सुहैल, अंशु कुमार,हसरत उपस्थित थे।

### दुकानदार ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों की एक मिसाल देखने को मिली,जब एक दुकानदार ने कमांडर चालक का गुम पर्स वापस कर दिया। शनिवार को एक कमांडर चालक मुस्लिम अंसारी पिता कयामुद्दीन अंसारी बहियार सपही निवासी, जो यात्रियों को ले जाने के कार्य में लगा था। गलती से अपना पर्स भवनाथपुर खरौंधी मोड़ के समीप खो बैठा। पर्स में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज, पैसे और अन्य जरूरी सामान था। चालक को इस बात की जानकारी तब हुई जब उसने कुछ घंटों बाद अपनी जेब टटोली, लेकिन पर्स नहीं मिला। संयोग से यह पर्स एक स्थानीय खरौंधी मोड़ के पास दुकानदार बादल रावत पिता अमेरिका रावत बुका निवासी को मिला। उसने बिना किसी लालच के इसे उसके असली मालिक तक पहुंचाने का फैसला किया। पर्स मालिक के बारे में पता चलने पर रविवार को बुलाकर पर्स सौंप दिया।

## विधायक ने शून्य काल में उठाया जगराहा डैम का मामला



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार जिले की हृदयस्थली प्रखंड के वाटर लाइफ लाइन कह जाने वाली जीवनदायनी जगराहा डैम मामले को विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान उठाया। उन्होंने डैम का सौंदर्यकरण,गहरीकरण और सफाई की मांग की है। विधायक ने कहा कि पिछले 7 वर्षों से लगातार इसमें शैवाल उग रहे है। डैम का आकार भी सिकुड़ रहा है। इसे तत्काल संरक्षित करने की आवश्यकता है। विधायक ने विधानसभा सत्र में कहा कि डैम के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का टेंडर भी हुआ था लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। अब इसे प्रशासनिक उदासीनता ही कहे कि किसी भी प्रशासन द्वारा अब तक इसमें किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। डैम में फैले जलकुंभी ने अब ऐसा रूप ले लिया है, जैसे मानो यह डैम नहीं है, बल्कि खेल का मैदान है। प्रदूषण स्तर ऐसा बढ़ गया है कि डैम का पानी जहरीला हो गया है। जलीय जीव तड़प-तड़प कर मर रहे हैं। मछलियों का व्यवपार करने वाले हाशिए में हैं।

### संकल्प सभा में नेतरहाट के टूटवापानी में दूसरे दिन उमड़े जन सैलाब

# फायरिंग रेंज का विरोध करने का संकल्प लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड।** नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज के संकल्प सभा में नेतरहाट के टूटवापानी में दूसरे दिन उमड़े जन सैलाब ने एक स्वर में फायरिंग रेंज का अंतिम सांस तक विरोध करने का संकल्प लिया। बता दें कि पूर्व में सरकार द्वारा अधिसूचानुसार 11 मई 2022 को प्रस्तावित नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज की अवधि समाप्त किया। वक्ताओं ने कहा कि यह इलाका संविधान की 5 वीं अनुसूची के अधिसूचित है। 5 वीं अनुसूची इलाके में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की एक ईंच जमीन नहीं है। यहां के प्राकृतिक संसाधन, जल, जगंल, जमीन पर वहां के समुदाय का सामुदायिक अधिकार है। पेसा कानून के अंतर्गत स्पष्ट है कि ग्राम सभाओं की सहमति के बगैर कोई भी गांव का सामुदायिक संसाधन किसी को भी हस्तान्तरित नहीं की जा सकती है। आज केन्द्र व राज्य सरकार को परियोजना को स्थागित करने पर मजबूर होना पड़ा। जनसंघर्ष ही एकमात्र रास्ता है, जिसके बदौलत सरकारों को झुकाया जा सकता है। केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के अनिल मनोहर ने कहा कि जिस मजबूती से 30 वर्षों से इस विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक आंदोलन को जारी रखे हुए हैं। इसे आने वाले पीढ़ी और धार देगी। हमारी संघर्ष की जीत पक्की है। साथ नील गाय क्षेत्र में लाने का विरोध प्रदर्शन करने के साथ सामाजिक मुद्दे पर चर्चा की गई। सभा में जेरोम जेराल्ड कुजूर, प्लादीयूस पन्ना, रोश खाखा डॉक्टर सतोष कुजूर, रामचंद्र उरांव, सुशीला कुजूर अलावे समिति के जया,कुलदीप मिंज, अब्राहम,अजीत पाल कुजूर, अभय मिंज, अगस्तस मिंज ग्राम प्रधान सचिव सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।



## न्यूज बॉक्स

### ग्रामीणों ने घटिया गार्डवाल निर्माण का लगाया आरोप



**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के करकट स्थित वार्ड नंबर एक में नगर पंचायत विभाग द्वारा गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय, समा जसेवी विकास जायसवाल, अयोध्या प्रसाद ने लगाया है। इनका कहना है कि गार्डवाल निर्माण के दौरान पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्य के दौरान हर समय ग्रामीण वहां उपस्थित नहीं रह सकते। यदि विभाग के कनीय अभियंता की संवेदक से मिलीभगत हो जाए, तो भ्रष्टाचार होना तय है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है।

### 40 हजार नकद व सामन की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सिमर मुहल्ला निवासी अजय कुमार के घर से शनिवार की देर रात चोरों ने ताला तोड़कर 40 हजार रुपया नकद व अन्य सामान की चोरी कर ली गई। साथ ही आवश्यक कागजात की भी चोरी कर लिया गया। बताया जाता है कि शनिवार की देर रात चोरों ने छत के ऊपर के रास्ते घर में प्रवेश किया। इसके बाद महिला समिति का रखा 30 हजार व गुल्लक में रखा 10 हजार रुपए की चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही रविवार की सुबह पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। पीड़ित परिवार ने चोरों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई है।

### पेक्सा रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने विजय

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पेक्सा गांव स्थित मंदिर परिसर में रविवार को रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार ने की। संचालन रामप्रवेश दांगी ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष विजय कुमार बनाया गया। कमेटी में पूजा समिति के सचिव सनोज कुमार,कोषाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष बादशाह दांगी, सह सचिव कैलाश राणा,उप कोषाध्यक्ष चंदन राणा व मीडिया प्रभारी संजय दांगी, को बनाया गया। बैठक में बासुदेव दांगी, अर्जुन राणा, पप्पू कुमार, मनोज कुमार ,महेश दांगी सहित शामिल थे।

### ट्रेन से गिर कर मजदूर की मौत



**चंदवा।** शहर के डेमटोली निवासी संतोष उरांव कर्नाटक जाने के दौरान जबलपुर कर्नाटक एक्सप्रेस से चिपलुन स्टेशन पर गिरने से मौत हो गई। उसे घायल अवस्था में आरपीएफ जवानों ने चिपलुन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान संतोष उरांव ने अपना दम तोड़ दिया। घटना की सूचना आरपीएफ पुलिस द्वारा संतोष के साथियों को दूरभाष पर दिया गया। इसके बाद उसके साथियों ने घटना की जानकारी दी परिवार वालो को दी। घटना की जानकारी लातेहार विधानसभा विधायक प्रकाश राम के स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय दुबे मिलने पर उन्होंने घटना की पूरी जानकारी विधायक प्रकाश राम को दी। जानकारी मिलने के बाद विधायक श्री राम ने इस बात की जानकारी लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता को देते हुए मजदूर का शव चंदवा लाने संबंधित व्यवस्था करने की बात कही।

### बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक आकलन जांच परीक्षा 292 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर रविवार की सुबह 11 बजे से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक आकलन जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें लातेहार जिला के सभी प्रखंडों व नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 292 परीक्षा केन्द्र के माध्यम से करीब 30 हजार नवसाक्षर को परीक्षा मे शामिल हुए। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान एनआईओएस द्वारा 23 निर्धारित किया गया है। चांदन डीह मध्य विद्यालय में संचालित परीक्षा का प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका ऋचा कुमारी ने बताया कि निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए के तहत यह परीक्षा आयोजित की गई है। यहां 16 लोग परीक्षा में शामिल हुए है। द्वितीय चरण में और लोग शामिल होंगे।

## उर्स मुबारक व कव्वाली को सफल बनाने का निर्णय

**महुआडांड़।** नगर प्रताप स्थित अंजान शाह दाता के मजार पर उर्स मुबारक व कव्वाली को लेकर रविवार को दोपहर दो बजे बाजार शेड में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मोहम्मद मुस्तकीम द्वारा किया गया। उर्स को सफलता पूर्वक संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद संचालन के लिए कमेटे बनाने की बात कही गई। बैठक में शामिल सभी लोगों ने पूर्व बने कमेटे को ही हो यथावत रखते हुए इसे संचालन करने की बात कही गई। बैठक में जामा मस्जिद सचिव,मजहर खान, हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल,पूर्व सदर फहीम खान,रानू खान, आजाद अहमद, सत्यनारायण प्रसाद, नूरुलहसन, शाहिद उर्फ भोलू, तनवीर अहमद उर्फ रिंकू, अजीत पाल कुजूर, परवेज आलम, तनवीर आलमपुर सोनू, सुनील प्रसाद, बद्री प्रसाद, नसीम अंसारी, हबीबुल्लाह खान, मोहम्मद इश्तियाक, सुमित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## युवक का शव बरामद, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय निवासी नसीम अली के घर के छत पर एक युवक का शव होने की खबर से रविवार की सुबह पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते हैं पुलिस मौक पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टामार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक गिद्धौर के कृष्णा भुइयां का पुत्र विकास कुमार(20) बताया जा रहा है। युवक की हत्या हुई है या अन्य कारण है, इसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है। मृतक युवक के परिजनों ने युवक का हत्या करने का आरोप लगाया है। इस बाबत मृतक युवक के मां कलवा देवी थाना में आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि गांव के नसीम अली,अलीम मियां, सोनू आलम व शैलेश कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने न्याय व हत्या की जांच की मांग की है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### घर में आग लगने से सामान जलकर खाक, मुआवजा की मांग

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह निवासी भूनेश्वर भुइंया ने रविवार को सदर थाना में आवेदन देकर घर जल जाने के संबंध में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में उसने बताया कि रविवार की सुबह आठ बजे घर में आग लग गया। इस दौरान घर में रखा पूरा सामान व मोटरसाइकल पूरी तरह जल कर खाक हो गया। जिस समय अगलगी की घटना घटी उस समय घर के सभी सदस्य महुआ चुनने गए थे। घर में कोई भी सदस्य नहीं था। उसने दिए गए आवेदन मे कहा कि घर के सदस्यों में पत्नी फुदरी देवी, बेटा संतोष भुइंया, पुत्रवधु अनीता देवी, शिवाजे कुमार, नंदनी कुमारी, शशिकांत कुमार सभी बेघर हो गए हैं। आवेदन के माध्यम से मुआवजा की मांग की गई है। अग लगी की घटना की जानकारी होने पर सदर प्रखंड के उप प्रमुख राजकुमार लोहरा पीड़ित व्यक्ति के घर पहुंच, घटना की पूरी जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। बताते चले कि उक्त अगलगी की घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर लगेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आगामी आठ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के सहयोग से लगाया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त लातेहार से मुलाकात कर प्रस्ताव रखा जायेगा। रविवार को बाइपास रोड के रेडक्रॉस भवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता सोसाइटी के सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में प्रत्येक माह से अंतिम रविवार को लातेहार जिले के सुदूरवर्ती गांव में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मेडिकल कैंप लगाने पर विचार विमर्श किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के नये सदस्य बनाने पर सहमति जताई गई। प्रत्येक माह की 10 व 25 को रेडक्रॉस भवन में बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रेडक्रॉस के स्टेट मेंबर सुशील कुमार अग्रवाल, उप सभापति विनित कुमार मधुकर, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, कार्यकारी सदस्य उदय भानू, विष्णु गुप्ता व रविंद्र प्रसाद समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## नवभारत साक्षरता मिशन के तहत ली गई परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत नवभारत साक्षरता मिशन योजना के तहत झारखंड सरकार की ओर से गांव के ग्रामीणों का विद्यालय में लिखित रूप से परीक्षा ली गई। इस संदर्भ में बालूमाथ प्रखंड बीईईओ निर्मला लता ने बताया कि यह झारखंड सरकार के निर्देश पर भारत साक्षरता मिशन के तहत गांव के ग्रामीण का लिखित परीक्षा ली जा रही है। इसमें 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इस परीक्षा में विद्यालय पोषक क्षेत्र के महिला पुरुष ग्रामीण शामिल होकर परीक्षा दे रहे हैं। जिनके पास होने पर नव साक्षर का सर्टिफिकेट विभाग द्वारा दिया जाएगा। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के आरा स्कूल में परीक्षा ली जा रही है। विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार निराला ने बताया कि विद्यालय पोषक क्षेत्र के आरा, चमातू,ओजा, हहुरूवा गांव के बड़े बुजुर्ग ग्रामीण इस परीक्षा में भाग लिए हैं, जिनका नियमानुसार परीक्षा ली जा रही है। बता दें कि इस परीक्षा को लेकर गांव के ग्रामीणों में काफी उत्साह है।

## मजदूर यूनियन ने मनाया भगत सिंह का शहादत दिवस




**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन ने रविवार को शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव सिंह का शहादत दिवस मनाया। शहादत दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार साहू ने की। सर्वप्रथम शहीद ए आजम भगत सिंह की तस्वीर पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह का जन्म एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार में पंजाब प्रांत में हुआ था। भगत सिंह का जीवन देश भक्ति और बलिदान की मिसाल है। उनके विचार आज भी युवाओं को न केवल संघर्ष के लिए प्रेरणा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत भी देता हैं। जलियांवाला बाग कांड, जो अंग्रेजों द्वारा किया गया एक बड़ा नरसंहार था। इस कांड ने भगत सिंह के सोच पर गहरा प्रभाव डाला और भगत सिंह कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर देश की आजादी के लिए संघर्ष में उतर गए। अंग्रेजी हुकूमत को पार्लियामेंट में बम कांड को अंजाम देकर वे चाहते तो अनेकों लोगों को मार सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनका मकसद सिर्फ अंग्रेजी हुकूमत को यह संदेश देना था कि अंग्रेजों अब भारत छोड़ो। उन्हें महज 23 वर्ष की आयु में फांसी दे दी गई। मौके पर मो. अलाउद्दीन, धनेश्वर तुरी, भोला नायक, राजेंद्र तुरी, रिंकू नायक, विनोद अग्रवाल, बुधराम टोपनो सहित कई मौजूद थे।

## खनन विभाग ने एक हाइवा जब्त की, दो वाहनों से वसूला जुर्माना

**लातेहार।** जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों से खनन विभाग ने अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। इस दौरान डीएमओ के निर्देश पर खनन इंस्पेक्टर पदम लोचन ओद्दार ने एक हाइवा को जब्त करने के साथ दो ट्रैक्टर पर जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव के समीप एक हाइवा अवैध पत्थर चिप्स लेकर अंयत्र जा रहा था। छापेमारी अभियान के दौरान हाइवा चालक से आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई, परंतु चालक द्वारा कोई भी वैद्य कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद हाइवा को जब्त कर लिया। इसमें 600 सीएफटी स्टोन चिप्स लदा था। इसके अलावा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआटांड़ से अवैध बंगला भट्ठा से ईंट परिवहन करते 1500 ईंट लदा ट्रैक्टर जब्त कर उससे जुर्माना वसूला गया, जबकि तरवाटांड से लगभग 100 सीएफटी पत्थर चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त कर जुर्माना वसूला गया। यहां भी उक्त दोनों चालकों ने भी कोई वैध दस्तावेज और चालान प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद एक वाहन को जब्त कर थाना भेज दिया गया और दो वाहनों से जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि क्षेत्र के विभिन्न गांव से अवैध बालू और पत्थर चिप्स का उत्खनन किया जा रहा था, जिसके बाद टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। साथ ही उन्होंने अवैध खनन, परिवहन करने वालों को सख्त चैतावनी दी कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगा। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

# सरना समिति धूमधाम से मनायेगा सरहुल पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आदिवासी बासाओड़ा में सरना समिति की एक बैठक अध्यक्ष पहलू उरांव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गयी। बैठक में आगामी एक अप्रैल को आहूत सरहुल पर्व की तैयारियों की समीक्षा की गयी। सरहुल पूजा को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पूरे शहर मे सरना झंडा लगाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए शुरूआत भी कर दी गयी। सरहुल पूजा पर एक अप्रैल को 11 बजे से पूजा अर्चना की जायेगी। एक बजे मंचीय कार्यक्रम किया जायेगा और तीन बजे से विशाल शोभा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा (खोड़हा) सात मिनट के लिए धर्मपुर मोड़, अमवाटीकर मोड़, जुबली चौक, अंबाकोठी व थाना मोड़ में रूकेगी। अतिथियों के स्वागत के लिए गौरीखाड़ को मुख्य व चंदनडीह को सहयोगी टीम के रूप में चयनित किया गया है। अध्यक्ष पहलू उरांव ने कहा कि सरहुल का पर्व प्रकृति और समाज के सामंजस्य का प्रतीक माना जाता है, जिसे झारखंड सहित कई राज्यों में धूमधाम से मनाया जाता है। जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने सभी अखाड़ा व सांस्कृतिक समितियों को सरहुल पूजा में भाग लेने की अपील की। मुखिया प्रवेश उरांव ने कहा कि सरहुल प्रकृति उत्सव है। आदिवासी प्रकृति पूजक व रक्षक है। बैठक में राजेश भगत, प्रभात उरांव, सरोज लोहार, इंद्रदेव उरांव, रमेश उरांव, शुक्कू उरांव, सुदेश्वर उरांव, नागेश्वर भगत, किशोर कुमार उरांव, मोती उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरहुल पूजा तैयारी की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरना स्थल नचना के प्रागन में सरहुल सरहुल पुजा समिति अध्यक्ष महाबीर उरांव की अध्यक्षता में सरहुल पूजा के तैयारी की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक मे शोभा यात्रा, कार्यक्रम के अतिथियों, विधि व्यवस्था व अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सरहुल पूजा समिति ने सर्वसम्मति से कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, नौ पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, बुद्धिजीवी भाग लेंगे।

## महावीर मंडल मुरपा मोड़ कमेटी के अध्यक्ष बने राम दर्शन तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** रामनवमी पूजा को लेकर बालूमाथ के मुरपा मोड़ के पास शैलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में राम भक्तों की बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा के अवसर पर मंगला जुलूस,अष्टमी के दिन बाइक जुलूस, दसवीं के दिन भव्य झांकी और शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसके संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमेटी गठित की गई। अध्यक्ष रामदर्शन तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश भोक्ता, उपाध्यक्ष सुदामा प्रजापति, पंकज केसरी, प्रतीक कुमार साहू, हीरो कांत गुप्ता, देवनंदन प्रसाद, किशोर प्रसाद, दिनेश प्रसाद साहू, सूरज जायसवाल अप्पू सिंहा, नरोज नायक, बबलू यादव, मुकेश सोनी, महासचिव शशि भूषण गुप्ता, सचिव दीपक कुमार पांडेय, विश्वजीत तिवारी, पिंटू नायक, लालदेव गंझू, विष्णु नायक, प्रमोद यादव, शिव शंकर पांडेय, अनमोल अग्रवाल, बलराम शुक्ला, आयुष पांडेय, दीपक नायक, राम सिंह, संजय केसरी बनाए गए। कोषाध्यक्ष संजय कुमार ओझा, झांकी प्रभारी बलराम शुक्ला, संजय ओझा, दीपक पांडेय, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंहा, दिलीप विश्वकर्मा, प्रमेश पांडेय, संरक्षक मंडली में पूर्व विधायक बालजीत राम, रामजी सिंह, पूर्व उप प्रमुख संजीव कुमार सिंहा, रविंद्र सिंहा, निर्मल सिंहा, अवधेश भगत, बबलू अग्रवाल, राजकुमार भगत, शैलेश कुमार सिंह, शिवप्रसाद साहू, लखन प्रसाद गुप्ता, गजेंद्र चौबे, धनुषधारी गंझू नारायण भोक्ता, शिव चरण नायक, प्रदीप गंझू, लालदेव यादव, ओमप्रकाश जायसवाल, रति गंझू, संजय कुमार गुप्ता, विनोद बिहारी गुप्ता, संतोष यादव, गंधर्व नायक, सुनील पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, सुरेश राम, चंद्रमोहन प्रसाद, मोहन प्रसाद साहू, सुनील सिंह, शंकर चौरसिया, अजीत सिंह, ललन कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सानू, त्रिवेणी साहू, प्रवीन साहू, बिनोद राणा बनाए गए हैं।

## पुलिस लाइन में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए डीसी व एसपी



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में पवित्र रमजान माह के अवसर पर इफ्तार का आयोजन किया गया। आयोजित इफ्तार पार्टी में जिला के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, डीएसपी समीर कुमार तिर्की, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिप सदस्य राधा तिर्की उपस्थित होकर पुलिस जवानों के साथ इफ्तारी कर रोजा खोला गया। वही उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि रमजान का महीना पवित्र माह है। इस महीने में नेकी और भलाई का कार्य करें और क्षेत्र में अमन चैन व शांति स्थापित करने में सभी लोग मिल जुलकर सहयोग करें। वही पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि रमजान का महीना आपसी सौहार्द के साथ सभी से मिलकर रहने का सिख देता है। सभी का भी सहयोग करने का प्रेरणा देता है। सभी लोग अपने धर्म का पालन करें और मिलजुल कर अमन चैन से त्यौहार मनाये। मौलाना जुबरैल अहमद रिजवी के द्वारा अपने क्षेत्र और वतन की अमन चैन खुशहाली के लिये दुआएं मांगी गई। मौके पर पुलिस मेंस एशोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन,सचिव रूपनारायण महतो के अलावे झारखंड पुलिस के सभी जवान उपस्थित थे।

# ओलावृष्टि से प्रभावित सभी लोगों को समुचित मुआवजा मिलेगा : सांसद सुखदेव भगत

*सांसद ने आपदा मंत्री से किया वार्ता, प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की बात कही*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला के भंडरा, सेन्हा,



कुडू पेसरार, कैरो, लोहरदगा, किस्को, लोहरदगा नगर के साथ-साथ गुमला जिला एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार एवं शनिवार को हुए ओलावृष्टि से भारी तबाही हुआ है। ओलावृष्टि के कारण पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गया, करोड़ों रुपए का किसानों के फसलों का नुकसान हुआ है ।एडवेस्टर एवं खपड़ा के घरों में भारी तबाही हुआ है लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत दिल्ली से शनिवार को लोहरदगा पहुंचे। प्रभावित किसानों ने सांसद से मुलाकात कर ओलावृष्टि से हुए क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाने की मांग उनसे किया। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों एवं ग्रामीणों को जो क्षति हुआ है उससे वे काफी दुखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को वे समुचित मुआवजा दिलवाएंगे। सांसद ने मौके पर से ही झारखंड राज्य के आपदा विभाग के मंत्री इरफान अंसारी से मोबाइल से वार्ता कर उन्हें बताया कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में ओलावृष्टि से भारी तबाही हुआ। किसानों की गाढ़ी कमाई ,पूंजी और मेहनत एक साथ पानी में मिल गया है। किसानों का करोड़ों का नुकसान हुआ है ।उपायुक्त के माध्यम से शीघ्र क्षतिपूर्ति का आकलन करवाकर समुचित मुआवजा किसानों को दिलाने का कार्य करे। मंत्री महोदय ने सांसद से कहा कि झारखंड सरकार किसानों के क्षतिपूर्ति का शीघ्र आकलन करवाकर मुआवजा देने का काम करेगी।

### किसानों को जल्द मिलेगा फसल के नुकसान का मुआवजा : डॉ रामेश्वर



**लोहरदगा।** विगत दो दिनों से पश्चिमी विच्छोभ चक्रवात से झारखंड में मूसलाधार बारिश वज्रपात एवं ओलावृष्टि हुई जिसमें लोहरदगा जिला भी काफी प्रभावित हुआ। जिसमें कई कृषकों के फसल नष्ट हो गया और उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ा। इसके साथ साथ कई आवास क्षतिग्रस्त हो गए। इस पर त्वरित पहल करते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से बात कर किसान भाइयों की फसल नुकसान के मुआवजे के लिए निर्देश दिया और कहा कि जल्द आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से किसान भाइयों को फसल का मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके लिए एक कमिटी तैयार की जाएगी। जिसके द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अचानक प्राकृतिक आपदा से कृषकों एवं ग्रामीण भाइयों बहनों को काफी नुकसान हुआ है कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए है एवं ज्यादातर लोग कृषि कार्य कर जीवन यापन करते है। कई लोग उधार लेकर कृषि कार्य करते हैं और ऐसे में मैं उनकी सहायता करना हमारा फर्ज है।

### पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए डीसी-एसपी

# मिलजुल कर मनाएं त्योहार, ताकि बना रहे सौहार्द : पुलिस अधीक्षक





**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में गीत संगीत और नृत्य का आयोजन किया गया। वही सरहुल पूर्व संध्या में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा शामिल हो पुलिस जवानों के साथ मांदर की थाप पर झूमते नजर आये। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने महिला पुरुष पुलिस जवानों और आम जनों से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द के साथ सभी लोग मिलजुल कर अमन चैन से त्यौहार मनाए। सभी का धर्म तथा पर्व त्यौहारों का सम्मान करें पर्व त्यौहार मनाने का मुख्य उद्देश्य है। पर्व त्यौहार से ऐतिहासिक व सामाजिक कुछ सिख मिलता है। जिसे समाजिक जीवन मे अपनाने की आवश्यकता है। जिस तरह होली, ईद, दशहरा, रामनवमी, बकरीद, क्रिसमस का त्यौहार होता है। उसी तरह सरहुल भी एक त्यौहार है।

जिसमे लोग प्रकृति का पूजन कर सरहुल मनाते हैं। पर्व त्यौहार एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान करता है। वही पुलिस लाइन में महिला पुरुष पुलिस जवानों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ एक दूसरे पर रंग गुलाल लगा कर सरहुल पूर्व मनाया गया। मौके पर मेजर शेरू रंजन, सार्जेंट मेजर विवेक कुमार, पुलिस मेंस एशोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर लुगुन, सचिव रूपनारायण महतो के अलावे झारखंड पुलिस के सभी जवान उपस्थित थे।

## डोल जतरा से कार्यक्रम कराकर लौट रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 3 डांसर घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य सड़क के पझरी गांव के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में तीन डांसर घायल हो गए। इनमें से एक को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह भौरो डोल जतरा से कार्यक्रम कर महशूर डांसर तमन्ना सिंह, कृति कुमारी 16 वर्ष पिता सुरेन्द्र उरांव व सीता कुमारी 14 वर्ष पिता स्व विनोद राम ग्राम मनिका जिला लातेहार अपनी कार से रांची लौट रहे थे। इस बीच रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में तीनो डांसर बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा इलाज के लिए लाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने सभी घायलों का इलाज प्रारंभ किया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल डांसर कृति कुमारी को चिकित्सको ने लोहरदगा सदर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि कृति कुमारी के कंधों पर तथा पैर में चोट को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। मामले को लेकर भंडरा पुलिस छानबीन में जुट गई है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि डांसर तमन्ना सिंह शराब के नशे मे काफी तेज गति से गाड़ी चला रही थी। जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। दुर्घटना के बाद कार से काफी मात्रा मे बियर की बोतल मिली है।

### सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

## प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी व आत्मनिर्भर बन सकेगी : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**




**भंडरा।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं जिला उद्यान विभाग लोहरदगा के सहयोग से सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक भवन भैसमुदों, भंडरा में समापन किया गया। यूवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के सचिव बालकृष्ण सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया साथ ही प्रशिक्षण की महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेगी और आत्मनिर्भर बन सकेगी। आज लोग ज्यादा नौकरी पर ध्यान दे रहे हैं लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो नौकरी छोड़ व्यवसाय में जुड़ रहे हैं ऐसे में गांव में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ना निश्चित तौर पर स्वालंबन की ओर आगे बढ़ाना है। परमेश्वर महली ने कहा कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के माध्यम से 25 महिलाओं को ग्रुप बनाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इसके बाद सरकार के द्वारा समूह चलाने के लिए कार्यशील पूंजी दिया जाएगा। जब समूह तैयार हो जाए उसके बाद व्यवसाय हेतु बैंक से जोड़कर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करने में विभाग से आगे सहयोग किया जाएगा। मधुमक्खी पालन शुरू होने के बाद बाजार के भी व्यवस्था सरकार के द्वारा किया जाएगा। राधाकांत गिरी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र भ्रमण कर मधुमक्खी पालन का प्रयोगीक प्रशिक्षण भी दिया गया। कहा कि भंडरा प्रखंड क्षेत्र में मधुमक्खी पालन की अपार संभावना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं के ग्रुप को सफलता अवश्य मिलेगी। क्योंकि इस क्षेत्र में सब्जी खेती एवं बागवानी भरपूर मात्रा में किया जाता है। मधुमक्खी का मुख्य भोजन पेड़ पौधे एवं बागवानी से ही प्राप्त होता है। तभी ज्यादा से ज्यादा मधुमक्खी रस प्रदान करती है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र रांची एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण प्रमुख राधाकांत गिरि एवं मनी टोपनो के द्वारा 7 दिन तक महिलाओं को प्रशिक्षण दिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में सभी को प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि मुखिया रंगी परमेश्वर महली एवं बाल कृष्णा सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवेक कुमार सिंह, करमचंद महतो, कांति देवी, विरसमणी देवी, निर्मला देवी, बचनी देवी, बालू महली, सरिता देवी, अंजू पन्ना सरिता उरांव, कमला उरांव, सुषमा उरांव सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी 25 महिलाएं उपस्थित थी।

### भगवा ध्वज लगाकर नववर्ष के कार्यक्रम की गई शुरूआत, बोले सुनील अग्रवाल

# नववर्ष की शोभायात्रा को भव्य व दिव्य बनाएगी जय श्री राम समिति

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के जिला कार्यालय हटिया गार्डन प्रांगण में नववर्ष कार्यक्रम की शुरूआत भगवा ध्वज लगाकर की गयी। इसके पूर्व सामूहिक रूप से पूजा करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने श्रीफल तोड़कर विधिवत शुरूआत की। इसके बाद सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक कर नववर्ष की भव्यता के लिए संरक्षक गण एवं पदाधिकारी तथा सदस्यगण के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए नव वर्ष विक्रम संवत 30 मार्च 2025 को लेकर रणनीति बनाई। नववर्ष की शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से भव्यता पूर्वक निकाली जाएगी।केन्द्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा व महामंत्री कपिलदेव मिश्रा ने समस्त सनातन समाज से नववर्ष की शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। विपुल तमेड़ा ने कहा कि चैत माह हिंदुओं का पहला माह है, और प्रथम माह की शुरूआत भव्य शोभायात्रा से होनी चाहिए। जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवा टोली, मिशन चौक, अपर बाजार, अमला टोली पावरगंज, साइडिंग, बाबामठ से पुनः पावरगंज न्यू रोड होते हुए ललित नारायण स्टेडियम में समाप्त होगी, जहाँ भव्य भंडारे का साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। मौके पर समिति के संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, शैलेश कुमार महतो, राजेश महतो दुर्गा प्रसाद सोनी, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, विश्व हिंदू परिषद के रितेश साहू, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, महामंत्री कपिलदेव मिश्रा, अनिल उरांव, विनोद साहू, अशोक रजक, प्रमोद कुमार, कुमुद महतो, अशोक साहू, बजरंग करुआ, शंकर कांस्यकार, गौरव अग्रवाल, अभय कुमार, अमन, अग्रवाल, निखिल कसेरा गौरव कास्यकार समेत काफी संख्या में सनातनी समाज के लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी मेला डांडू के अध्यक्ष बने योगेंद्र व गंगाधर बने सचिव




**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में धूमधाम से रामवनमी का त्यौहार मनाने और मेला आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही रामनवमी पर्व पर लगने वाले मेला साज सज्जा तथा जुलूस भ्रमण और स्वागत व्यवस्था के लिये पूर्व कमिटी को भंग कर नया कमिटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से योगेंद्र मिश्रा को अध्यक्ष, रामशरण नायक को उपाध्यक्ष, गंगाधर नायक को सचिव और सूर्य भूषण मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया।तथा सानू नायक, संतोष नायक, अनिल नायक, मोहन नायक, प्रमोद नायक बिनोद नायक,रोहन नायक को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। वही लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला में लाठी डंडा और तलवार भाला खेल प्रतियोगिता आयोजित कराया जायेगा। जिसे मेला में आये हुए अखाड़ा के अच्छे खिलाड़ी और वादक और नृत्य दल को पुरस्कार दे कर सम्मानित करने की बात कही गई। मौके पर राजू नायक, रामदेनी नायक, निरंजन नायक, सितंबर नायक, जनक नायक, हीरा नायक, रामप्रताप नायक, सत्यदेव नायक समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजद प्रदेश महासचिव ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप अभियंता पर किया कार्रवाई की मांग, कहा

# अभियंताओं की लापरवाही से लोहरदगा में मनरेगा हाशिए पर : उपेंद्र कु. सिंह यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में मनरेगा योजना हासिऐ पर है। इसका मुख्य कारण है अभियंताओं के मनमर्जी कार्यशैली और लापरवाही। जिसके कारण मनरेगा के संचालन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बावजूद लापरवाह सरकारी बाबुओं पर अंकुश लगाने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के प्रदेश महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह यादव ने लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर लापरवाह अभियंताओ के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग किया है। राजद प्रदेश महासचिव ने उपायुक्त को बताया कि लोहरदगा सदर प्रखंड में कार्यरत अभियंता सुबोध कुमार सत्यम की लापरवाही की चर्चे आम है। इनके लापरवाही के कारण लोहरदगा और कैरो में मनरेगा योजना हासिये पर है। इनके विरुद्ध सेन्हा ब्लॉक में सरकारी राशि गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसके बाद इन्होने राशि को जमा करा दिया था। इनपर मनरेगा अधिनियम के तहत उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कैरो और लोहरदगा प्रखंड में संचालित बड़ी संख्या में मनरेगा योजनाओं में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ग्रामीणों को गांव पर रोजगार देने के उद्देश्य से संचालित मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान, सामग्री भुगतान समेत नयी योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा के सहायक अभियंता सुबोध कुमार सत्यम की लापरवाह कार्यशैली पर नियंत्रण नहीं लगने से मनरेगा कार्य प्रभावित है। वही सेन्हा प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने भी कहा कि, सरकारी राशि की गड़बड़ी के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने के बाद इस मामले में आरोपित अभियंता सुबोध सत्यम समेत तीन प्रखंड कर्मियों ने एक माह पूर्व राशि जमा कर दिया है। कहा, मामला दो तीन वर्ष पूर्व का है। जांच के बाद अभियंता समेत सात प्रखंड कर्मियों के विरुद्ध सेन्हा थाना में 17 सितंबर 2024 को प्राथमिक दर्ज कराया गया था। गड़बड़ी को लेकर सेन्हा बीडीओ संग्राम मुर्मू ने प्रखंड में प्रतिनियुक्ति सहायक अभियंता सत्यम कुमार सुबोध के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 85/2024 प्राथमिक की दर्ज कराया था। प्राथमिक में सरकारी राशि की गड़बड़ी करने और गबन करने का आरोप लगा था। वही राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष शकील अख्तर ने सहायक अभियंता सत्यम कुमार सुबोध के विरुद्ध दबंगई दिखा कर जान से मरवाने एवं फर्जी मुकदमे फंसे संबंधी धमकी दिए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक से 9 जनवरी को फरियाद लगाया था। इस संदर्भ में शकील अख्तर ने कहा कि, सहायक अभियंता सुबोध सत्यम की लापरवाही और कर्तव्य हीनता के विरुद्ध आवाज उठाये जाने के कारण मुझे धमकी मिली। पुलिस से सुरक्षा का गुहार लगाया हूं। शकील अख्तर ने बताया कि चंद दिनों पूर्व अभियंता सुबोध कुमार सत्यम ने सरकारी खजाने में गबन की राशि जमा कर दिया है जिससे अभियंता सुबोध सत्यम पर गबन का आरोप प्रमाणित हो जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### सेवा भारती के स्वास्थ्य शिविर में 65 लोग हुए लाभांवित




**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 145 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 लोग अपने स्वास्थ्यकी जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। वही अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए शारीरिक परिश्रम के साथ-साथ खानपान भी सही रखें एवं नियमित रूप से सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम करें और समय-समय पर अपना स्वास्थ चेकअप अवश्य कराएं। जिससे कि कोई भी होने वाली बीमारियों को पता चल सके। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अगर आप स्वस्थ हैं तो मस्त है। स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है। इससे बड़ी कोई पूंजी नहीं। स्वस्थ शरीर ही जीवन का मूल आधार है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सहसचिव संजय चौधरी,अनामिका भारती व सुबोध महतो ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं।

### दूसरे सप्ताह भी सनातन हिंदू धर्म की कक्षा में लोगों में उत्साह देखने को मिला



**लोहरदगा।** वैदिक विश्व मंगल न्यास द्वारा संचालित प्रत्येक रविवार को वैदिक लघु गुरुकुल में सनातन हिंदू धर्म के विषय में शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ हो गया है। डॉ अशोक आचार्य जी आज के कक्षा में वेद का परिचय, परमात्मा ने वेद के ज्ञान को सृष्टि तक कैसे पहुंचाएं, वेद में कितने मंत्र हैं, वेद की रचना कितने वर्ष पूर्व हुए थे, इन विषय पर विशेष चर्चा किया गया एवं जानकारी दी गई। सनातन धर्म का प्रारंभ कब हुआ, ईश्वर को वेद की रचना करने की क्यों आवश्यकता पड़ी, विद्यार्थी बहुत ही रुचि पूर्वक पढे.और जानने की इच्छा भी व्यक्त किए। जिसमें विकास कुमार, चंदन कुमार, किरण गुप्ता, दीक्षा कुमारी, नीरज आर्य, दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, अरुणा देवी, दिव्या कुमारी राजेश्वरी साहू, दीपा शेखर सभी उम्र के विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

### शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर जय श्री राम समिति ने दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा।** शहीद ए आजम भगत सिंह की 95वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा भगत सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समिति के जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा देश के लिए भगत सिंह के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता ' 23 मार्च 1931 को भगत सिंह को उनके दो अन्य साथियों सुखदेव व राजगुरु इन तीनों क्रांतिकारियों को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दी थी।भगत सिंह आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा आज के समय में लोग दूसरों के घरों में भगत सिंह ढूंढने का प्रयास करते हैं समय के साथ लोगों की सोच और मानसिकता बदलनी होगी, खुद भगत सिंह बने दूसरों के घरों में उन्हें ना ढूंढे।मौके पर संरक्षक अनूप गुप्ता, अजय सोनी, महामंत्री प्रदीप साहू,कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा,रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवन राज मेहता ,कैरो प्रखंड अध्यक्ष मुरारी सोनी आदि उपस्थित थे।

### भरनो में बैल के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के मारासिली गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक घटना घटी। गांव निवासी 65 वर्षीय किसान गोंडा उरांव अपने बैल को घर से बाहर निकाल रहे थे, तभी अचानक बैल ने उन पर हमला कर दिया। बैल के सींग का वार इतना जबरदस्त था कि गोंडा उरांव के गले में सींग घुस गया और गले की नस कट गई। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए घायल गोंडा उरांव की जान बचाई और इसकी सूचना पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव को दी। मुखिया मौके पर पहुंचे और तुरंत अपने वाहन से घायल को भरनो अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गोंडा उरांव हमेशा अपने बैल को संभालते थे, लेकिन इस तरह अचानक हमला कर देना सभी को हैरान कर गया। फिलहाल गोंडा उरांव की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### घाघरा का सरहुल पूजा 15 अप्रैल को : पाहन चंद्रर उरांव



**घाघरा।** घाघरा मुखिया योगेंद्र भगत की अध्यक्षता में सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सरहुल पूजा समिति की बैठक नेतरहाट रोड स्थित झखरा कुम्बा में आयोजित की गई। बैठक में पुरानी कमिटी को ही यथावत रखा गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल को सुबह में सरहुल पूजा किया जाना है एवं दोपहर 2 बजे धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जायेगी । शोभायात्रा स्थानीय झखरा कुम्बा से निकाली जाएगी। जिसमें घाघरा प्रखंड के सभी गॉव से खोड़हा दल शोभायात्रा में शामिल होते है इनकी रही उपस्थित पहान चन्दर उरांव, पूर्व पाहन भाऊवा पाहन अध्यक्ष राजकुमार उरांव सचिव योगेंद्र भगत कोषाध्यक्ष निर्मल भगत संरक्षक अनिल उरांव , अनिल भगत रवि पाहन कामाख्या भगत संजय भगत लालदेव भगत लाल उरांव प्रकाश उरांव झरी भगत अनिल भगत, योगेंद्र भगत, रवि पहान, बौना उरांव, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भटककर बूढ़ीपाठ पहुंचा अर्धविक्षिप्त युवक भरनो पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ गांव में बीती रात एक अर्धविक्षिप्त युवक के भटककर पहुंचने से हड़कंप मच गया। युवक इधर-उधर भटकता नजर आया, जिसे देख ग्रामीणों ने उसके बारे में पूछताछ की, लेकिन वह कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना तत्काल भरनो थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ थाना ले आई। थाने में तलाशी के दौरान युवक के पॉकेट से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान छोटू तिर्की (निवासी- लेम गांव, सदर थाना क्षेत्र, रांची) के रूप में हुई। पुलिस ने रांची पुलिस की मदद से उसके परिजनों का पता लगाया और उन्हें सूचना दी। शनिवार को छोटू तिर्की को भरनो थाना में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। छोटू तिर्की की पत्नी सूरजी तिर्की ने बताया कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार है और टीबी का भी इलाज चल रहा है। बीते गुरुवार को वह उसे इलाज के लिए इटकी स्थित टीबी अस्पताल लेकर गई थी। इलाज के दौरान छोटू अचानक बिना किसी को बताए अस्पताल से निकल गया और लापता हो गया। परिवार वाले उसकी खोजबीन में परेशान थे। परिजन यह सोच भी नहीं सकते थे कि वह इतनी दूर भरनो के बूढ़ीपाठ गांव तक पैदल पहुंच जाएगा। इधर, छोटू तिर्की ने भी बताया कि वह इटकी से पैदल ही यहां तक आया है। भरनो थाना के एसआई राजेंद्र यादव ने मामले में तत्परता दिखाते हुए कागजी कार्रवाई पूरी कर युवक को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया।

# भारी बारिश व ओलावृष्टि से जन जीवन अस्त व्यस्त, फसलों को हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**जारी।** जारी प्रखंड में हालही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है, जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। ज्ञात हो कि जारी प्रखंड में कुल 52 गाँव हैं, लेकिन आज डुम्बरटोली गाँव एकदम कश्मीर की तरह नजर आया। इस प्रखंड में बर्फबारी के कारण सड़कें पूरी तरह से जाम हो गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषतः दो पहिया वाहनों को बर्फ के कारण चलाने में बहुत मुश्किल आ रही थी। जैसे ही लोगों को बर्फ गिरने की सूचना मिली, वे डुम्बरटोली की ओर बर्फ देखने के लिए उमड़ पड़े और बर्फ का आनंद लेने लगे। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि इस तरह की बर्फबारी पहले कभी नहीं हुई थी। बर्फबारी ने डुम्बरटोली गाँव में किसानों की बागान में लगे प्याज, लहसुन, टमाटर, मिर्च आदि फसलें पूरी तरह से बर्बाद कर दी हैं। इसके अलावा, मनरेगा योजनांतर्गत आम बागवानी में लगे मंजर और फल भी बर्बाद हो गए हैं। किसानों द्वारा लगाए गए टमाटर की फसल भी पूरी तरह से नष्ट हो गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

किसान अब अपनी बरबाद फसलों को लेकर गंभीर चिंता में हैं। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे इस स्थिति के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया दें और प्रभावित किसानों की सहायता के लिए कोई योजना बनाएं। इस संक्रामक परिस्थिति में, सभी बड़ी संस्थाओं और सरकारों से अपील की जाती है कि वे पीड़ित किसानों की मदद करें और उन्हें उचित मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि किसान इस संकट से उबर सकें और फिर से अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

### बाइक व ऑटो में हुई सीधी भिड़ंत ऑटो पलटने से एक की मौत, छह घायल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथपुर मोड में ऑटो व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में ओटो में सवार 11 लोगों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। वही बाइक सवार दो युवक भी घायल हो गए। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में इलाज चल रहा है। जबकि ऑटो में सवार सभी घायलों को शनिवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लाया गया।जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में सवार होकर खूंटी जिला के जमुआदार गांव से 11 लोग कोनकेल गांव मेहमान आए थे। शनिवार की रात ऑटो से सभी खूंटी लौट रहे थे। तभी नाथपुर मोड में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में ऑटो में सवार शंकर साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बालेश्वर महतो, विराज देवी, शर्मिला देवी, सुनीता देवी, जितनी देवी और 3 वर्षीय प्रियांशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों ने बताया घटना के बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया।

## विश्व वानिकी दिवस सह वन रक्षा बंधन कार्यक्रम संपन्न, डीएफओ बोले

# ग्रामीणों के सहयोग से ही जंगलों का संरक्षण संभव

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड में शनिवार को वन विभाग के तत्वावधान में विश्व वानिकी दिवस सह वन रक्षा बंधन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कंदर्प उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर की गई। बच्चों ने पूरे पालकोट बाजार में घूमकर पर्यावरण संरक्षण और वनों के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक किया।

प्रभात फेरी के उपरांत वन विभाग के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इसके बाद बघिमा पंचायत के राजस्व गांव हंस दोन में इको विकास समिति के द्वारा वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने वृक्षों की रक्षा का संकल्प लेते हुए परंपरागत तरीके से वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला डीएफओ अविनाश कुमार चौधरी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ग्रामीणों की सहभागिता के बिना जंगलों का संरक्षण असंभव है। गुमला जिले के लोग सीधे-सादे और प्रकृति प्रेमी हैं। यहां के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी मिलकर वनों की सुरक्षा में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी सामूहिक प्रयास से जंगल आज भी बचे हुए हैं।

डीएफओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे वनों की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें और अगली पीढ़ी को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग की ओर से ग्रामीणों के विकास और वन संसाधनों के संरक्षण के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में पालकोट वन्य आश्रणी के वनपाल कृष्णा महतो, वनरक्षक कार्तिक मुंडा सहित वन विभाग के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीणों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जंगलों से होने वाले लाभ और इनके संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही।

# इस बार नहीं निकाला जाएगा घाघरा में रामनवमी का जुलूस

## घाघरा पुलिस के कार्रवाई से डरे हुए ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा, विगत सात दशक से अधिक समय से रामनवमी का जुलूस अनवरत निकाला जाता था, लेकिन गत दुर्गा पूजा में पुलिस कार्रवाई से भयभीत ग्रामीणों ने रामनवमी नहीं मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय हाई स्कूल मैदान में बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में इस बिषय पर चर्चा हुवा की पिछले दुर्गा पूजा में चंदा को लेकर हुवे प्रकरण में पुलिस द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई से भयभीत होकर रामनवमी का जुलूस नहीं निकला जाएगा। किसी भी तरह का मेला या जुलूस का आयोजन घाघरा में नहीं होगा। पुलिस द्वारा जितने भी लोग वीडियो फुटेज में दिख रहे हैं उन सभी को आरोपी बनाने का काम किया गया है। रामनवमी के जुलूस के दौरान पारंपरिक हथियार के साथ लोग रहते हैं यदि किसी असामाजिक तत्वों या किसी के द्वारा कुछ अनहोनी होती है तो पुनः भुक्तभोगी बनने की संभावना से इनकार न किये जाने की बात कही गयी। अब तो बहुतेरे लोग शांति समिति की बैठक में जाना भी मुनासिब नही समझ रहे। बैठक में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बताया कि दुर्गा पूजा के दरमियान पुलिस की लापरवाही से पूरी घटना घटी थी। उन्होंने कहा कि थाना में सुरक्षित जगह में नहीं रखा गया, साथ ही घटनास्थल पुलिस अधिकारी सादे लिबास में पहुँचे थे। जिस कारण लोग उन्हें पहचान नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के बजाय कई निर्दोष लोगों को फसाया जा रहा है। बैठक में बिपिन बिहारी सिंह, अशोक उरांव, रमेश गुप्ता, अखिलेश्वर साहू, नीरज जायसवाल, अमित ठाकुर, प्रवीण कुमार, दिनेश नाग, विक्की साहू, सूचित गोस्वामी, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, संतोष गुप्ता, प्रभात साहू, सुलेश्वर साहू, परमेश्वर साय, नीरज कुमार साहू, घनश्याम सिंह, रामु सिंह, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुदन महतो, विशाल साहू, पवन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भरनो में सरहुल पर्व व शोभायात्रा को लेकर तैयारियां तेज

# 1 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के नवाटोली स्थित पड़हा भवन में सरहुल पर्व एवं शोभायात्रा की तैयारी को लेकर 21 पड़हा समिति की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सरहुल शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु संचालन समिति का गठन किया गया। भरनो में इस बार सरहुल की शोभायात्रा 1 अप्रैल को बोडो सरना स्थल से भव्य रूप से निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। बैठक में सुकेश उरांव को सरहुल संचालन समिति का अध्यक्ष, मुकेश उरांव को उपाध्यक्ष तथा जुगल उरांव को सचिव चुना गया। समिति का दायित्व शोभायात्रा के सफल संचालन, सुरक्षा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अनुशासन व्यवस्था को सुनिश्चित करना रहेगा। बैठक में एतवा उरांव, लधूवा उरांव, रतिया उरांव, बंधना उरांव, शंकर उरांव, जयराम उरांव, बिरसा उरांव, आकाश उरांव, मनदीप महली, चंद्रमोहन उरांव, मंगरा उरांव, चरवा उरांव, बप्पी उरांव सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। सभी ने सरहुल पर्व की सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखने एवं सामाजिक एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान समिति द्वारा शोभायात्रा की रूपरेखा, पारंपरिक नृत्य, ढोल नगाड़ों की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, एवं अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग से सहयोग की अपील की गई।

### हंगेरियन क्रिकेट एसोसिएशन अवार्ड से नवाजे गए प्रवीण शर्मा के पुत्र अभितेश पराशर

**रामगढ़ ।** रिभर साईड भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा एवं सुषमा शर्मा के पुत्र अभितेश पराशर को बीती रात्रि हंगेरियन क्रिकेट एसोसिएशन अवार्ड से नवाजा गया है। अभितेश पराशर की इस उपलब्धि से माता-पिता, परिजनो सहित रोटरी क्लब और कोयलांचलवासियों में हर्ष का माहौल है। जबकि बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बताते चलें कि अभितेश पराशर हंगरी की नेशनल टीम से क्रिकेट खेलते हैं। फरवरी माह में अभितेश की कप्तानी में हंगरी की नेशनल टीम ने हंगरी प्रीमियर लीग चैंपियनशिप में जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम किया था। अभितेश की उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए सुषमा शर्मा एवं प्रवीण शर्मा ने कहा कि बच्चों की सफलता ही माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। उन्होंने कहा कि अभितेश का क्रिकेट के प्रति जुनून और कठिन परिश्रम ने आज उसे इस मुकाम पर पहुंचाया है।

## दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

# कैंप में कुल 328 मरीजों की हुई जांच और दवा का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। देवरी, गिरिडीह**



कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा देवरी प्रखंड में संचालित 20 बाल मित्र ग्रामों के निवासियों के मुफ्त इलाज हेतु 2 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस 22 मार्च को यह तिलकडीह पंचायत के बाल मित्र ग्राम गरही में आयोजित की गई, जिसमें 208 मरीजों का तथा द्वितीय दिवस 23 मार्च को घसकरीडीह पंचायत के बाल मित्र ग्राम महतोधरण में 120 मरीजों का निःशुल्क चिकित्सा जांच तथा परामर्श के साथ आवश्यक दवा का भी वितरण किया गया। विदित हो कि नोबेल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी जी की अगुवाई में बाल मित्र ग्राम परियोजना का कार्य किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षित, सुरक्षित, विकसित, जागरूक के साथ साथ स्वस्थ समाज के निर्माण के कार्य को बढ़ावा दिया जा सके। इसी कड़ी में 2 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन और पाटलावती सेवा सदन तीसरी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। इस शिविर के दौरान सामान्य रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा शिशु रोग विशेषज्ञों के अलाव सामान्य जांच जैसे बीपी, शुगर ,वजन आदि की भी जांच की गई तथा निःशुल्क दवा का भी वितरण भी किया गया। अधिकांश लोग अपनी बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक रूप से भी संपन्न नहीं हैं, ऐसे ही ग्रामवासियों की सुविधा के लिए यह कैंप आयोजित की गई थी, जिसमें असक्षम मरीजों के आने और ले जाने केलिए गाड़ी की भी व्यवस्था की गई थी।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह 4 अप्रैल को

**हजारीबाग।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की हजारीबाग नगर कमिटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने किया तथा मंच संचालन नगर सचिव निसार अहमद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 4 अप्रेल 2025 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई। हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में आयोजित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झारखण्ड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन, गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन, झारखण्ड सरकार के मंत्री सहित सभी सांसद विधायक सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। नगर कमिटी की बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 46वाँ स्थापना दिवस समारोह के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया।

### हाई वोल्टेज के करंट से बिजली मिस्त्री झूलसा, हालत गंभीर

**जलडेगा।** प्रखंड के गांगुटोली स्थित बिजली पावर हाउस में बिजली बनाने के क्रम में विनय साहू नामक मानव दिवस कर्मी हाई वोल्टेज करंट कि चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पावर हाउस में मौजूद अन्य कर्मियों ने आसपास के लोगों को जानकारी दी जिसके बाद ग्रामीणों की सहायता से घायल बिजली कर्मी को तत्काल सिमडेगा भेजा गया। दुर्घटना का कारण गाँगुटोली पावर हाउस कि जर्जर स्थिति एवं खराब हो चुके कंट्रोल पैनल एवं उपकरणों को बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानव दिवस बिजली कर्मी विनय साहू सुबह साढ़े छह बजे के आसपास ओड़गा फीडर का फ्यूज बाँधने के लिए चढ़ा था चुंकि कई बिजली उपकरण खराब होने कि स्थिति में विनय मैनुएल तरीके से काम कर रहा था। इसी क्रम में ग्यारह हजार वोल्टेज करंट कि चपेट में आ गया एवं बुरी तरीके से झुलस कर सीधे जमीन में आ गिरा। घटना में विनय का एक पैर बुरी तरह से झुलस गया एवं निचे गिरने के कारण सर एवं चेहरे में भी गंभीर चोटें आई है। पावर हाउस में कार्यरत बिजली कर्मियों की माने तो पावर हाउस पूरी तरह जर्जर स्थिति में है एवं ज्यादातर बिजली उपकरण खराब हो चुके हैं ऐसे में बिजली कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा देने को विवश हैं। ऐसा नहीं है कि बिजली विभाग के अधिकारी इस बात से अनजान हैं।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता आकलन परीक्षा का सफल आयोजन

# गुमला में महिलाओं की रही उल्लेखनीय भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला साक्षरता समिति, गुमला द्वारा रविवार, 23 मार्च 2025 को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जाँच परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, झारखंड के तत्वावधान में आयोजित इस परीक्षा में जिले के सभी 12 प्रखंडों एवं 100 संकुल क्षेत्रों के जन चेतना केंद्रों पर नवसाक्षर वयस्कों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला शिक्षा अधीक्षक सह सदस्य सचिव नूर आलम खां ने जानकारी दी कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रत्येक केंद्र पर प्रखंड स्तरीय केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई थी। साथ ही, ऑन-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा देकर नवसाक्षरों को अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा में शामिल किया गया। इस दौरान जिले के सभी संकुल एवं प्रखंड संसाधन केंद्र रविवार को भी खुले रहे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावी रहीं। आकलन परीक्षा में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की अपेक्षा उल्लेखनीय रही। स्वयंसेवकों द्वारा संचालित जन चेतना केंद्रों के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों में असाक्षरों को चिन्हित कर साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी में जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सीआरपी एवं बीआरपी की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने नवसाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने एवं उनकी सहभागिता को सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान द्वारा देशव्यापी स्तर पर यह परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिससे उन सभी वयस्कों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सके, जो पूर्व में साक्षरता से वंचित रहे हैं। इस अवसर पर जिले के शिक्षा विभाग के कर्मियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी सहभागिता निभाते हुए नवसाक्षरों का उत्साहवर्धन किया।

**मुख्य बिंदु**

- गुमला के 12 प्रखंडों और 100 संकुलों में सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न।
- महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही।
- ऑन-स्पॉट पंजीकरण की व्यवस्था से नवसाक्षरों की संख्या में वृद्धि।
- सीआरपी, बीआरपी, स्वयंसेवकों की रही महत्वपूर्ण भूमिका।
- देशव्यापी अभियान में गुमला जिला बना सक्रिय भागीदार।

### आकलन परीक्षा में चिन्हित लोगों की बड़ी भागीदारी, महिलाओं की संख्या रही अधिक

**गुमला।** रविवार को जिले में आयोजित साक्षरता संबंधी आकलन परीक्षा में चिन्हित 4378 लोगों में से 4082 लोगों ने भाग लिया। इनमें 2951 महिलाएं और 1131 पुरुष शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी से यह साफ हुआ कि साक्षरता के प्रति महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है। जिला प्रशासन ने परीक्षा की सफलता पर संतोष जताते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत बताया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन का प्रयास है कि शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य जल्द हासिल हो सके।


### ब्युटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड स्थित सुल्ताना में झारखंड सेवा मंडल द्वारा महिलाओं के ब्युटिशियन प्रशिक्षण के समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ओम आरोहणम संस्थान की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। इस अवसर पर झारखंड सेवा मंडल एवं उपस्थित महिलाओं ने फूलमाला एवं बुके भेंटकर जोरदार स्वागत कर अतिथि वंदन किया। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रमाण पत्र का वितरण की एवं उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सेवा मंडल को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त की।

### जलडेगा की बेटी मंजू का राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन

**जलडेगा।** जलडेगा के केलुगा मैदान में फुटबॉल का प्रशिक्षण लेने वाली मंजू आइंद पिता सिल्वेस्तर आइंद का राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। जानकारी देते हुए जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जलडेगा थाना के आरक्षी विष्णु नारायण कंटियार की देखरेख में प्रतिदिन करीब 100 बच्चे सुबह-शाम फुटबॉल और पुलिस बहाली के लिए अभ्यास करते हैं, जिसका परिणाम देखने को मिला है।

# सूरज महतो ने टुंडी विधायक को किया सम्मानित, लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। कतरास**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में वापसी उपरांत सूरज महतो की राजनीतिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। रविवार, 23 मार्च को उन्होंने टुंडी विधायक एवं झामुमो के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भेंट की। इस मुलाकात के दौरान सूरज महतो ने विधायक को फूलों की माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सूरज महतो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने सूरज महतो की पार्टी में वापसी के निर्णय को सही ठहराते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने कहा,₹हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड निरंतर प्रगति कर रहा है। युवा नेताओं का पार्टी से जुड़ना राज्य की तरक्की के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने सूरज महतो समेत सभी युवा नेताओं से राज्य और जनता के कल्याण हेतु कार्य करने का आग्रह किया। सूरज महतो ने इस मौके पर विधायक मथुरा महतो के मार्गदर्शन और समर्थन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, ₹आप पार्टी और राज्य की रीढ़ हैं। आपके अनुभवों के सामने हमारा योगदान नगण्य है, लेकिन हम आपके मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। गौरतलब है कि दस दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सकारात्मक मुलाकात के बाद सूरज महतो ने झामुमो में वापसी का निर्णय लिया था। इस फैसले के बाद उनके समर्थकों में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है, और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। उनकी इस वापसी को झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# भगत सिंह पर विवाद उचित नहीं

लंबे समय से राजनीति और विचारों की दुनिया में भगत सिंह चर्चा के केंद्र में हैं। इस मामले में फिल्म वाले भी किसी से पीछे नहीं रहे। विभिन्न राजनीतिक दलों ने बार-बार भगत सिंह की शहादत को भुनाना चाहा, लेकिन कठिनाई यह है कि भगत सिंह उनके खांचे में फिट नहीं बैठते। हमें याद है कि इस शहीद की जन्मशती आते-आते उनकी छवि को ध्वस्त करने के अनेक हथकंडे अपनाए गए। उनकी खालिस धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी छवि को हानि पहुंचाई गई। दुखद है कि इसमें भगत सिंह के पैरोकार कहे जाने वाले भी संलिप्त रहे। भगत सिंह ने अपने युग में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को विचार और संघर्ष की अद्भुत संपदा सौंपी, जो भविष्य के विप्लवमार्गियों के लिए रोशनी सौंपती है। उनके साथ पूरी क्रांतिकारी पार्टी थी, लेकिन हम प्रायः उन्हें स्मरण करते हुए उनके दल और उसके अभियान को ओझल कर जाते हैं। उनके साथ चंद्रशेखर आजाद, भगवतीचरण वोहरा, सुरेश चंद्र भट्टाचार्य, बटुकेश्वर दत्त, सुशीला दीदी, दुर्गा भाभी, विजय कुमार सिन्हा, शिव वर्मा, जितेंद्रनाथ सान्याल, धन्वंतरि, अजय घोष जैसे कितने ही क्षमतावान संगी-साथियों की बड़ी टोली का अद्भुत सहयोग और संचालन था। इन लोगों को भुलाकर हम कहीं भगत सिंह को उस तरह का तो नहीं बनाए दे रहे हैं, जहां उन्हें अकेला खड़ा करके सिर्फ उनकी तस्वीर को फूल-मालाएं पहनाई जा सकें। यह पूजावाद भविष्य के क्रांतिकारी संग्राम के लिए बड़ा नुकसानदायक पहलू है, क्योंकि इतिहास के परिप्रेक्ष्य में संघर्ष की पूरी और सही तस्वीर को देख पाने में हम सर्वथा असमर्थ होंगे। यह जान लिया जाना चाहिए कि भगत सिंह को देवत्व सौंपा जाना अंततः एक खतरनाक और दुखद प्रक्रिया है। सत्तर साल लंबे क्रांतिकारी संघर्ष के विकास का प्रतीक बना यह क्रांतिकारी हमारी चूकों से कहीं मिथक और पूजावाद की गुंजलक में तब्दील न हो जाए। इन दिनों सबसे बड़ा प्रहार भगत सिंह की धर्मनिरपेक्षता या उनकी नास्तिक विचारधारा को लेकर हो रहा है, जो अत्यंत चिंतनीय है। भगत सिंह के 'मैं नास्तिक क्यों हूं' निबंध को किनारे रखकर उनके चिंतन पर बात करने का कोई अर्थ नहीं है। ऐसी कोशिशें बेहद गैरजिम्मेदाराना हैं। ऐसा करके उस विचार संपन्न शहीद को, जिसने अपने धर्मनिरपेक्ष चिंतन के चलते केश कटवा दिए थे और जिसकी कारगुजारियों के चलते संपूर्ण भारतीय क्रांतिकारी संग्राम को अपने समय में धर्म की भूलभुलैयों से बाहर आकर विचार की सर्वोच्च ऊंचाई प्राप्त हुई, जो फांसी चढ़ने से पूर्व तक प्रतिक्षण वैज्ञानिक चेतना के लिए अडिग और हौसला भरा बना रहा, उसे फिर से किसी संप्रदाय या धार्मिकता के संकीर्ण घेरे में कैद करना इतिहास विरोधी साजिश है। आखिर इतिहास के सही संरक्षण और प्रस्तुतीकरण का दायित्व भी हम सबका है। भगत सिंह को हिंसा के मार्ग का अनुयायी मानना भी सर्वथा गलत निष्कर्षों पर आधारित इतिहास और इस क्रांतिकारी नायक के जीवन की आधी-अधूरी व्याख्या है। केंद्रीय असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने जो बम गिराए, वे कम शक्ति के और जानबूझकर ऐसी जगहों पर फेंके गए थे, जिनसे कोई हताहत न हो।

*भगत सिंह ने अपने युग में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को विचार और संघर्ष की अद्भुत संपदा सौंपी, जो भविष्य के विप्लवमार्गियों के लिए रोशनी सौंपती है।*

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025




प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की वैश्विक तलाश को पूरा करने और वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए भारत पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है – इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक संवाद को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - 'कलात्मक प्रतिभा के संगम' - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है।वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है – इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि: हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह- संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।हाल ही में "ड्यूनः पार्ट टू" द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है। शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक 'वेव्स घोषणा 2025' में परिणत होगा – जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी।वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'।

यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। 'वेवएक्सेलरेटर' यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल कहानी कहने की अत्याधुनिक कला को बढ़ावा दे बल्कि ऐसे व्यवसाय भी खड़े करे जो अगले दशक के मनोरंजन को परिभाषित करेंगे। बौद्धिक संपदा संरक्षण के साथ निवेश की सुविधा को एकीकृत करके, भारत दुनिया को यह संकेत दे रहा है कि वह एक स्थायी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति गंभीर है। अपने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के जरिए, इस शिखर सम्मेलन ने गेमिंग, कॉमिक्स, एनीमेशन, संगीत, ईस्पोर्ट्स और प्रसारण में 725 शीर्ष-स्तरीय रचनाकारों की पहचान की है। ये चयनित प्रतिभाएं 'क्रिएटोस्फेयर' में भाग लेंगी, जोकि लाइव प्रतियोगिताओं, मास्टरक्लास और सहयोगी परियोजनाओं से लैस एक संवादात्मक केन्द्र (इंटरैक्टिव हब) है और यह सुनिश्चित करता है कि मनोरंजन में सर्वश्रेष्ठ नई प्रतिभाएं भारत से उभरकर वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरें।इस शिखर सम्मेलन के 'थॉट लीडर ट्रैक' में मनोरंजन से संबंधित आज के कुछ सबसे बड़े सवालों पर विचार करने के लिए सीईओ, मीडिया अधिकारी, नीति निर्माता और अग्रणी रचनाकारों अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**चैतन्य के प्रसाद**
आइआइएस

# सरकारी दफ्तर का गजब सफर

सुबह की पहली किरण और सरकारी दफ्तर का दरवाजा-दोनों ही देर से खुलते हैं। अंतर बस इतना है कि सूरज बिना चाय के भी उग जाता है, लेकिन सरकारी बाबू की आंख तब तक नहीं खुलती जब तक चाय के साथ अख़बार में अपना राशिफल न पढ़ ले। जब साहब लोग आते हैं तो ऑफिस का माहौल ऐसा होता है जैसे बारात में दूल्हे का इंतजार हो। स्टाफ के चेहरे पर वह उत्सुकता होती है, जो सरकारी लोन पास होने के बाद आदमी के चेहरे पर दिखती है। सरकारी दफ्तरों में घुसने का अपना एक अलग ही रोमांच है। जैसे ही आप अंदर कदम रखते हैं, लगता है जैसे समय की रफ़्तार अचानक सुस्त हो गई हो। एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भागते-भागते आदमी को समझ आता है कि ओलंपिक में मैराथन दौड़ने की जरूरत नहीं, सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट लो, स्टैमिना अपने आप बन जाएगा। यहां फाइलें ऐसे घूमती हैं जैसे हॉरर फिल्मों में आत्मा -एक कमरे से दूसरे कमरे तक भटकती रहती हैं, पर मंज़िल किसी को नहीं मिलती। हर सरकारी दफ्तर में एक 'सदाबहार बाबू' जरूर होता है, जो पिछले पचास सालों से वहीं बैठा है। उसकी कुर्सी पर गद्दी की मोटाई बढ़ती जाती है, और फाइलों की ऊंचाई भी। वह अपनी मेज से ऐसे चिपका रहता है जैसे उसकी जड़ों को सीमेंट से जोड़ दिया गया हो। वह बोलेगा भी नहीं, बस देखेगा ऐसे जैसे आप उसका पेंडिंग वेतन मांगने आए हों। "काम जल्दी हो सकता है?" आप पूछते हैं। बाबू मुस्कुराता है, जैसे आपने कोई कॉमेडी फिल्म का डायलॉग बोल दिया हो। फिर धीरे से कहता है, "जल्दी और सरकारी दफ्तर? अजी, ये तो वैसा ही है जैसे बिना तेल के परांठा बनाना।" फिर एक 'मुख्य सलाहकार' टाइप का आदमी आता है, जो बताता है कि काम कैसे होगा। उसकी सलाह मुफ्त होती है, लेकिन इसके पीछे छिपा गणित बड़ा महंगा पड़ सकता है। "अरे भैया, काम तो हो जाएगा, पर हाथ खाली नहीं होना चाहिए!" वह अपनी मूछों पर ताव देते हुए कहता है। और फिर शुरू होता है कागज़ों का खेल-एक सर्टिफिकेट के लिए दस सिफारिशें और बीस हस्ताक्षर चाहिए। सरकारी दफ्तर की सबसे मनोरंजक चीज़ है उसका 'लंच ब्रेक'। ठीक एक बजे बाबू ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे हिंदी फिल्मों में पुलिस ऐन टाइम पर पहुंचती है-जब खलनायक भाग चुका होता है। फिर दो घंटे बाद धीरे-धीरे सब लौटते हैं, हाथ में ताज़ा ताज़ा पान, चेहरे पर नई ऊर्जा, और काम करने की वही पुरानी सुस्ती। कभी-कभी कुछ लोग सोचते हैं कि रिश्वत देने से काम जल्दी हो जाएगा। पर सरकारी दफ्तरों में रिश्वत भी एक संस्कार है-सीधे नहीं ली जाती। पहले चाय, फिर मिठाई, फिर किसी बड़े साहब का 'संदेश' और अंत में 'प्रशंसा भेंट'। और अगर आप यह सब ना करें, तो आपकी फाइल को 'ठंडे बस्ते' में डाल दिया जाता है, जो दरअसल दफ्तर के सबसे ऊपरी रैक पर रखी जाती है-जहां कोई हाथ भी नहीं पहुंचता। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

# लोहिया जी के वैचारिक दर्शन और प्रासंगिकता


डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर सेनानी, समाजवादी विचारधारा के अगुवा और क्रांतिकारी राजनीतिज्ञ थे। उनका जीवन, विचारधारा और संघर्ष आज भी प्रासंगिक हैं और समाज व राष्ट्र के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। वे उन विरले नेताओं में से थे, जिन्होंने समाजवाद को केवल विचार के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी लागू करने का प्रयास किया। लोहिया जी की दूरदर्शिता, उनका समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण, और उनके विचारों की आधनिकता आज के यवाओं के लिए एक अमूल्य धरोहर है। डॉ. लोहिया का चिंतन भारतीय समाज की वास्तविकताओं से जुड़ा था। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में व्यापक सुधार की आवश्यकता महसूस की और इसके लिए संघर्षरत रहे। लोहिया जी समाजवाद के प्रबल समर्थक थे, लेकिन वह विदेशी समाजवादी मॉडल के बजाय एक भारतीय समाजवाद की कल्पना करते थे। उनका मानना था कि आर्थिक विषमता को समाप्त किए बिना लोकतंत्र अधूरा रहेगा। उन्होंने पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों की आलोचना करते हुए 'सप्तक्रांति' की अवधारणा प्रस्तुत की, उन्होंने समाज में समता लाने के लिए सात प्रमुख बिंदुओं पर बल दिया। लोहिया जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उन्होंने 'पिछड़े पावैं सौ में साठ' का नारा दिया, जिसका अर्थ था कि पिछड़े वर्गों को राजनीति और प्रशासन में 60% भागीदारी मिलनी चाहिए। यह विचार आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति का आधार है। नारी सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने नारी स्वतंत्रता का समर्थन करते हुए कहा था कि महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार मिलने चाहिए। वे मानते थे कि जब तक महिलाओं को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक समानता नहीं मिलेगी, तब तक समाज पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता। अंग्रेज़ी विरोध और भारतीय भाषाओं का समर्थन पर डॉ. लोहिया का मानना था कि शिक्षा और प्रशासन में अंग्रेज़ी के बढ़ते प्रभाव से भारतीय भाषाएँ कमजोर हो रही हैं। उन्होंने भारतीय भाषाओं में शिक्षा और शासन चलाने की पुरज़ोर वकालत की, ताकि जनता का सशक्तिकरण हो सके। पूंजीवाद और नवसाम्राज्यवाद का विरोध करते हुए लोहिया जी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों और पूंजीवादी शक्तियों के हस्तक्षेप के घोर विरोधी थे। उनका मानना था कि भारत को अपनी आर्थिक नीति ऐसी बनानी चाहिए जिससे गरीबों और किसानों का उत्थान हो सके। हालांकि वे गांधीवादी मूल्यों से प्रभावित थे, लेकिन वे निष्क्रिय अहिंसा के समर्थक नहीं थे। उनका मानना था कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सत्याग्रह और आंदोलन आवश्यक हैं। उन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ 'हिन्दुस्तान छोड़ो आंदोलन' में भाग लिया और जेल भी गए। हम जब लोहिया जी की दूरदर्शिता और आज की प्रासंगिकता पर विचार करते हैं तो हम पाते हैं कि आज के दौर में जब भारत सामाजिक असमानता, आर्थिक विषमता, राजनीतिक भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तो लोहिया के विचार पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। यदि उनके विचारों को अपनाया जाए, तो समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिल सकती है। आज की राजनीति में सत्ता लोलुपता और भ्रष्टाचार हावी हो गया है। यदि लोहिया जी के आदर्शों का पालन किया जाए, तो राजनीति में स्वच्छता, ईमानदारी और जनता की भलाई के प्रति समर्पण संभव हो सकता है। आज भी अंग्रेज़ी का वर्चस्व बना हुआ है और आम जनता उच्च शिक्षा से दूर रह जाती है। यदि लोहिया जी के विचारों के अनुरूप भारतीय भाषाओं में शिक्षा दी जाए, तो समाज के हर वर्ग को ज्ञान प्राप्त करने का समान अवसर मिल सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



जन्मदिवस के उपलक्ष पर

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

दरिया जैसी उम्र है, लहरें, भंवर हजार।
काया ढोकर चल रही, जैसे चलें कहार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# डॉ. मनमोहन सिंह : एक दूरदर्शी नेता और भारत के आर्थिक परिवर्तन के वास्तुकार

भारत के 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह देश के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में एक ऊंचे स्थान पर विराजमान हैं। उनका कार्यकाल, जो 2004 से 2014 तक फैला, ने भारत के विकास की दिशा पर अमिट छाप छोड़ी। एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते हुए, डॉ. सिंह की नेतृत्व क्षमता ने 1990 के दशक में भारत के आर्थिक सुधार आंदोलन को आकार देने में मदद की और देश को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति में बदल दिया। डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पाकिस्तान के गाह नामक शहर में हुआ था। वे एक सामान्य सिख परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका प्रारंभिक जीवन व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से भरा था, जिसमें विभाजन का संकट भी शामिल था। विभाजन के बाद 1947 में वे भारत आ गए और दिल्ली में अपनी शिक्षा पूरी की, इसके बाद उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। 1950 के दशक के अंत में, डॉ. सिंह ने यूनाइटेड किंगडम के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में डीफिल की पढाई की और 1962 में यह डिग्री प्राप्त की। यही शैक्षिक नींव उनके भविष्य के एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। डॉ. सिंह का करियर भारतीय सरकार के आर्थिक योजना विभाग में शुरु हुआ। उनकी पहली महत्वपूर्ण नियुक्ति 1976 में हुई, जब उन्हें भारत सरकार का आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके बाद के वर्षों में डॉ. सिंह के पदों में वृद्धि हुई और वे मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त सचिव और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उनके आर्थिक नीति में विश्लेषण और भारत के आर्थिक भविष्य के प्रति दृष्टिकोण ने उन्हें 1980 के दशक में एक प्रमुख भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया, जब भारत को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। डॉ. सिंह की वैश्विक पहचान 1990 के दशक में, जब वे प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंह राव के तहत आरत के वित्त मंत्री थे, शुरू हुई। 1991 में भारत गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, जिसमें भुगतान संतुलन की आपात स्थिति, उच्च मुद्रास्फीति और भारी राजकोषीय घाटा शामिल था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार इस हद तक घट गए थे कि वह तीन हफ्तों का आयात भी नहीं चुका सकता था। इस संकट के बीच, डॉ. सिंह और प्रधानमंत्री राव ने रुपये का अवमूल्यन, व्यापार में उदारीकरण, आयात शुल्क में कमी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण जैसी व्यापक आर्थिक सुधारों की श्रृंखला लागू करने के लिए साहसिक कदम उठाए। यह नीति परिवर्तन भारत के पहले के समाजवादी दृष्टिकोण से एक बड़ा बदलाव था, जिसमें आत्मनिर्भरता और राज्य नियंत्रण की प्रधानता थी। डॉ. सिंह की अगुवाई में, भारत ने लाइसेंस राज (व्यवसाय गतिविधियों के लिए अनुमतियों और लाइसेंसों का एक प्रणाली) को समाप्त किया और निजी उद्यमिता, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और वैश्विक एकीकरण को बढ़ावा देने वाले बाजार-उन्मुख सुधारों को अपनाया। इन परिवर्तनों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मौलिक रूप से बदल दिया और देश को आगामी दशकों में तेजी से विकास के लिए तैयार किया। डॉ. सिंह 2004 में भारत के प्रधानमंत्री बने, जब सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जीत हासिल की। प्रधानमंत्री के रूप में उनका चनाव अनोखा था, क्योंकि वे पहले राजनीतिक व्यक्तित्व के रूप में नहीं बल्कि एक तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते थे। उनका नेतृत्व शैली विनमता, संयम और आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता से परिभाषित होती थी। प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. सिंह का कार्यकाल महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि के साथ था, जो वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, जैसे 2008 का वित्तीय संकट, लगभग 8% की वार्षिक दर से बढ़ी। डॉ. सिंह की सरकार ने 1990 के दशक में शुरू किए गए आर्थिक सुधारों को जारी रखा, विदेशी निवेश को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, और सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया। उनके नेतृत्व में भारत ने एक जीवंत मध्यवर्ग का उदय देखा, शहरीकरण की गति तेज हुई और देश की वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकरण में वृद्धि हुई। हालांकि, डॉ. सिंह के कार्यकाल में कुछ चुनौतियां भी थीं। भारतीय अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति, राजकोषीय घाटा और भ्रष्टाचार के घोटालों जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ा, जिससे सरकार की छवि प्रभावित हुई। 2G स्पेक्ट्रम घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला और कोल घोटाला जैसे मामले ने शासन और पारदर्शिता के बारे में चिंताएँ उत्पन्न की। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**हृदयानंद मिश्र**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बारात से लौट रही स्कॉर्पियो पलटी, दर्दनाक हादसे में चार की मौत

**बेगूसराय, (आईएएनएस)।** बिहार के बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र के खतोपुर चौक के पास रविवार सुबह एनएच 31 पर एक स्कॉर्पियो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बारात से लौटते समय सब हादसे का शिकार हुए। जानकारी के अनुसार, बेगूसराय के पहाड़पुर गांव से अभिषेक कुमार की शादी में शामिल होने के लिए बारात साहेबपुर कमल इलाके गई थी। शादी के बाद, रविवार सुबह करीब चार बजे, स्कॉर्पियो वाहन एन एच 31 से लौटते समय अचानक पंचर हो गया। टायर पंचर होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें मनोज कुमार सिन्हा के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और उसका भाई अभिषेक कुमार, रुदल पासवान का 19 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार और जगदीश पंडित का 18 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल पांच लोगों को बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लोग स्कॉर्पियो से बारात से लौट रहे थे। स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज थी, इसलिए अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए गाड़ी एन एच 31 पर पलट गई। इसके चलते वाहन आगे-पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार वाहन का टायर पंचर हो गया था, यही वजह है कि उसे नियंत्रित नहीं किया जा सका और हादसा हो गया।



## मालदा में सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के 18 मील इलाके में रविवार को सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10 बजे नेशनल हाईवे पर उस समय हुई, जब वे बाइक से फरक्का से मेहरपुर की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान साबिर आलम (24), रमजान शेख (19) और सादिकतुल इस्लाम (20) के रूप में हुई है। ये तीनों मोथाबाड़ी थाना क्षेत्र के मेहरपुर इलाके के नयापुर के निवासी हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, साबिर आलम केरल में काम करने गया था। वह केरल से तीन दिन पहले घर लौटने के लिए ट्रेन से रवाना हुआ था। रमजान और सादिकतुल बाइक लेकर साबिर को फरक्का स्टेशन से लेने गए थे। लेकिन घर वापस आते समय उनका एक्सीडेंट हो गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## जेल में नशे के लिए बुरी तरह तड़प रहे मुस्कान और साहिल



**मेरठ।** मेरठ में सौरभ राजपूत हत्याकांड के आरोपी मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला ने जेल में नशे की मांग की है। दोनों ही नशे के आदी हैं और जेल में इसके लिए तरस रहे हैं। पता चला है कि मुस्कान ने मॉर्फिन इंजेक्शन और साहिल ने मारिजुआना की मांग की है। इसके अलावा मुस्कान ने अपने लिए सरकारी बचाव पक्ष के वकील की भी मांग की है।

**● मुस्कान और साहिल जेल में साथ रहना चाहते थे**

वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि मुस्कान और साहिल ने मांग की थी कि उन्हें एक साथ या पास की बैरक में रखा जाए। उन्होंने कहा, 'वे तीन दिन पहले आए थे और उन्होंने कहा था कि उन्हें एक साथ या पास की बैरक में रखा जाए। उन्हें बताया गया कि जेल की व्यवस्था के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं के बैरक के बीच कोई संपर्क नहीं है, दोनों अलग-अलग बैरक हैं। इसलिए उन्हें अलग-अलग रखा गया।'

**● मुस्कान और साहिल ने ड्रग्स की मांग की**

बताया जा रहा है कि जेल में आने के बाद से मुस्कान काफ़ी परेशान दिख रही है। वह पूरी रात बेचैन रही और उसने कुछ भी खाने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर, साहिल ज़्यादातर चुप रहा, लेकिन खुलेआम ड्रग्स की मांग करता रहा। शर्मा ने बताया, 'उनकी मेडिकल जांच में पता चला कि वे नशे के आदी हैं। उनमें नशा छोड़ने के लक्षण थे, वे जेल में नशा नहीं कर सकते। उन्हें नशा छोड़ने के लक्षण के लिए दवा दी जा रही है। नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से उनका इलाज किया जा रहा है और उन्हें परामर्श दिया जा रहा है, उन्हें योग और ध्यान के लिए भी भेजा जा रहा है। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि आम कैदी उनसे दूर रहें और बार-बार उनके मामले के बारे में न पूछें।'

**● मुस्कान ने सरकारी वकील की मांग की**

राज शर्मा ने बताया कि मुस्कान रस्तोगी ने सरकारी बचाव वकील की मांग करते हुए कहा है कि उसका परिवार उसके लिए नहीं लड़ेगा, क्योंकि वे उससे नाराज हैं। उन्होंने कहा, 'कल मुस्कान मुझसे मिलना चाहती थी, मैंने उसे फोन किया। उसने कहा कि उसका परिवार परेशान है और उसका केस नहीं लड़ेगा। इसलिए उसे सरकारी बचाव वकील मुहैया कराया जाए। हम अदालत में याचिका भेज रहे हैं क्योंकि यह कैदी का अधिकार है।'

**● सौरभ राजपूत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिल दहला देने वाली**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि राजपूत का सिर कटा हुआ था, उनके हाथ कलाई से कटे हुए थे और उनके पैर पीछे की ओर मुड़े हुए थे, जिससे पता चलता है कि उनके क्षत-विक्षत शरीर को ड्रम में फिट करने का प्रयास किया गया था।

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान में खेल **मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा**

# व्यायाम और साइकिलिंग को दिनचर्या में शामिल किया जाए

**● केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लखनऊ में 'फिट इंडिया संडे साइकिल' का किया नेतृत्व**

**एजेंसी**

**लखनऊ।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को लखनऊ में राष्ट्रव्यापी 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान का नेतृत्व किया। इस पहल के तहत उन्होंने मरीन ड्राइव (सामाजिक परिवर्तन स्थल) से समता मूलक चौराहा होते हुए 1090 चौराहा तक 3 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की और फिर वापसी की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा मामले के मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी शामिल हुए। इस आयोजन में 400 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा, "फिट इंडिया आंदोलन को सफल बनाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को शामिल करना चाहिए। यह न केवल फिटनेस को बढ़ावा देता है बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करता है।" अब तक यह राष्ट्रव्यापी साइकिलिंग अभियान 4200 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है, जिसमें करीब 2 लाख लोग शामिल हुए हैं। इस पहल के माध्यम से वायु प्रदूषण कम करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

इससे पहले भी, इस साइकिलिंग कार्यक्रम में भारतीय सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी के जवानों के साथ लवलीना बोरगोहेन, संग्राम सिंह, शैंकी सिंह, नीतू घनघस, स्वीटी बूरा, पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस, सिमरन शर्मा जैसी खेल हस्तियों और राहुल बोस, अमित सियाल, गुल पनाग जैसी मशहूर हस्तियों ने भाग लिया।

राजद प्रमुख **लालू यादव** मोतिहारी पहुंचे, लोगों से की अपील

## तेजस्वी को ही बिहार का मुख्यमंत्री बनाएं

**मोतिहारी(आईएएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के जमुनिया गांव में पूर्व विधायक यमुना यादव के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोगों से तेजस्वी यादव को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।



लालू यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा, "बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाइए और उन्हें मुख्यमंत्री बनाइए।" उन्होंने माई-बहिन मान योजना सहित सभी वादों को पूरा करने का भी भरोसा दिया। इससे पहले, मोतिहारी पहुंचने पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को समर्थन दें।

लालू यादव ने विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की घोषणा का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए माई-बहिन मान योजना जैसी नई योजनाएं लाई जाएंगी। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को यह भी भरोसा दिया कि तेजस्वी की सरकार बनने पर विधायक मनोज यादव को मंत्री बनाया जाएगा।

लालू ने याद करते हुए बताया कि मनोज के पिता यमुना यादव ने उनके मुख्यमंत्री काल में कई योजनाओं की मांग की थी और सभी मांगों को पूरा करने का काम किया गया था।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जमकर राजद और लालू यादव के पक्ष में नारे लगाए। उन्होंने तेजस्वी यादव की तारीफ करते हुए कहा कि युवा ही प्रदेश के भविष्य हैं। राजद सुप्रीमो ने लोगों से अपील की कि वे जागरूक हों और इस "जनविरोधी सरकार" को हटाएं।

## नीतिश की इफ्तार पार्टी में शामिल नहीं होंगे मुस्लिम संगठन



**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, बिहार के सात प्रमुख मुस्लिम संगठनों ने नीतीश की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। संगठनों का कहना है कि यह फैसला पूरी सूझबूझ और रणनीति के साथ लिया गया है। बता दें, नीतीश की इफ्तार पार्टी आज पटना में होनी थी। ऐसे में मुस्लिम संगठनों के इस फैसले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इमारत-ए-शरिया, जमात-ए-इस्लामी, जमात अहले हदीस, खानकाह मोजिबिया, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और खानकाह रहमानी ने रविवार को नीतीश द्वारा पटना में आयोजित की जा रही इफ्तार से दूरी बनाई है। इमारत शरिया के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती सईदुर्रहमान ने आजतक से बातचीत में कहा, 'केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू ने समर्थन का फैसला लिया है, उस नजरिए से हमने मुख्यमंत्री की इफ्तार पार्टी का बायकॉट किया है।

## भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अलीपुरद्वार।** शामुकतला थाने की पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में एक संदिग्ध बांग्लादेशी को गिरफ्तार कर सात दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, वह सात दिन पहले अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। गिरफ्तार बांग्लादेशी का नाम बिलाल हुसैन है। वह बांग्लादेश के निलफ़ामारी जिले का निवासी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भूटान सीमा के रहीमाबाद इलाके में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने उक्त शख्स को पकड़ा था। इस दौरान शख्स ने पहले अपना नाम सैदुल इस्लाम बताया था। उन्होंने कहा कि वे जलपाईगुड़ी जिले के मेटेली का निवासी है। पूछताछ में फिर उन्होंने मेखलीगंज में घर होने का दावा भी किया। हर बार बयान बदलने पर शामुकतला थाने की पुलिस को शक हो गया। उसने खुद को भारतीय साबित करने की कोशिश की लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं पेश कर सका। गिरफ्तार व्यक्ति ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसका असली नाम बिलाल हुसैन है। वह बांग्लादेश के निलफ़ामारी जिले का निवासी है। सात दिन पहले वह एक एजेंट के माध्यम से रात के अंधेरे में बांग्लादेश सीमा पार कर अवैध रूप से भारत आ गया।

# औरंगजेब कभी महान नहीं हो सकता, भारत हर हाल में हिंदू राष्ट्र घोषित हो : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**मथुरा(आईएएनएस)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को मथुरा में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अभी हमारा उद्देश्य केवल इतना है कि भारत हर हाल में हिंदू राष्ट्र घोषित हो जाए।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भारत के अंदर हिंदू सनातन के खिलाफ जितने भी बुरी मानसिकता वाले लोग हैं, वे स्वाभाविक रूप से लाइन में लग जाएं। इसलिए हम लगातार हिंदू राष्ट्र का संकल्प लेकर अनवरत चल रहे हैं। ब्रज से जल्दी ही एक पदयात्रा करके भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए और ब्रज क्षेत्र को मांस-मदिरा से मुक्त करने के लिए हम एक वैचारिक क्रांति यहां से पदयात्रा के द्वारा शुरू करेंगे। यात्रा की शुरुआत इस साल के अंत तक हो जाएगी और तय समय जल्दी आ जाएगा।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ब्राह्मणों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, "यह बेहद निंदनीय कृत्य है। हम सरकार और मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं कि इस पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए और उचित कदम उठाए जाएं।" वहीं, औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि औरंगजेब कभी महान नहीं हो सकता। देश को तोड़ने वाला कभी महान नहीं हो सकता।

देश को जोड़ने वाला महान होता है। बता दें कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छह मार्च को बिहार के गोपालगंज पहुंचे थे। रामनगर स्थित श्रीराम जानकी मठ में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हम यहां अपने लिए नहीं, देश के हिंदुओं को जगाने आए हैं। हमारी कोई निजी लड़ाई नहीं है, हम इस दुनिया में रहने वाले 150 करोड़ हिंदुओं की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे मन में पीड़ा चलती है, इसी के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं।



### औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने निकले बलराजे आवारे को पुलिस ने लिया हिरासत में

**संभाजीनगर(आईएएनएस)।** महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच छत्रपति संभाजीराजे शौर्य प्रतिष्ठान ने औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने की चेतावनी दी। इसके बाद बालराजे आवारे मुंबई से खुल्दाबाद में औरंगजेब की कब्र पर ताला लगाने के इरादे से निकले थे।

# एक नजर

## अयोध्या में बन रहा सबसे बड़ा स्टेडियम, 85 फीसद काम पूरा : चंचल

**अयोध्या(आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल का निर्माण हो रहा है। इसका लगभग 85 फीसद काम पूरा हो गया है। जल्द ही इसे खेल विभाग के हवाले कर दिया जाएगा। उसके बाद इसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर की खेल स्पर्धाओं का आयोजन हो सकेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम का निर्माण कार्य बहुत तेज गति से चल रहा है। इसका 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सन 2006 से इसका कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन बीच में बजट के अभाव से काम रुक गया था। अब सीएनडीएस द्वारा इसका 85 प्रतिशत निर्माण पूरा कर लिया गया है। शेष 15 प्रतिशत काम दो-तीन माह में पूरा हो जाएगा। उसके बाद स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि हस्तांतरण के बाद खेल विशेषज्ञ की टीम बुलाई जाती है। टीम मैदान की जांच करती है। टीम की जांच रिपोर्ट के बाद आईपीएल, टी20 और रणजी ट्रॉफी के मैच यहां सफलतापूर्वक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यहां इस स्तर का स्टेडियम बनना अयोध्यावासियों के लिए बहुत सौभाग्य की बात है। इतना बड़ा स्टेडियम उत्तर प्रदेश में कहीं और नहीं है।

## यूपी में संगठन करेंगे मजबूत, 2027 चुनाव की तैयारी शुरू : अविनाश पांडे

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अविनाश पांडे ने आईएएनएस से बातचीत में उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत करने की योजना साझा की। उन्होंने कहा कि तीन महीनों से शुरू हुई संगठन सृजन की प्रक्रिया से नई ताकत मिली है। यूपी में 133 जिला अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। पांडे ने कांग्रेस नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि इससे पार्टी को नई उम्मीद मिली है। उनका लक्ष्य 2026 के स्थानीय निकाय चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत स्तर तक संगठन को सशक्त करना है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस की जड़ें यूपी के हर गांव-कस्बे में मजबूत हैं। हम इसे और ताकत देकर राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारी निभाएंगे।" पांडे ने न्यायपालिका पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हाल की कुछ घटनाएं लोगों का भरोसा कमजोर कर रही हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन जजों की जांच समिति बनाए जाने से उन्हें खुशी है। उनका मानना है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने कहा, "न्यायपालिका समाज की सुरक्षा और विश्वास का आधार है। अगर यह कमजोर हुआ तो अपराध बढ़ेगा।" यूपी में गठबंधन पर पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने भाजपा को टक्कर दी थी। उपचुनावों में भी साथ मिलकर काम हुआ। उन्होंने कहा, "आने वाले समय में जहां भाजपा से मुकाबला होगा, हम मिलकर उसे सत्ता से हटाने की कोशिश करेंगे। यूपी में कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए हम तैयार हैं।"

## 'भगत सिंह हमारे आदर्श' : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनकी महानता को नमन किया और केंद्र सरकार पर तीखा हमला भी किया। कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल ने कहा, "शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने इस देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज जबकि हम उनके सपनों को पूरा करने का विचार करते हैं, केंद्र सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं। दुख की बात है कि दिल्ली में बीजेपी सरकार बनने के बाद इन महापुरुषों की तस्वीरें सरकारी दफ्तरों से हटा दी गईं। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।"

## दिल्ली के पहाड़गंज में देह व्यापार में संलिप्त गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार



**दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज क्षेत्र में पुलिस ने देह व्यापार में संलिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन नाबालिग तथा 10 नेपाली नागरिकों समेत 23 महिलाओं को बचाया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पहाड़गंज पुलिस थाना, श्रद्धानंद मार्ग पुलिस चौकी और हिम्मतगढ़ पुलिस चौकी की टीम के संयुक्त अभियान में मानव तस्करी में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''सूचनाओं और निगरानी के आधार पर, पुलिस ने अवैध धंधे में शामिल प्रमुख स्थानों की पहचान की। आरोपी पश्चिम बंगाल, नेपाल और अन्य राज्यों से महिलाओं को झूठे दावे कर कथित तौर पर बहला-फुसलाकर लाते थे और उन्हें देह व्यापार में धकेल देते थे। उन्होंने बताया कि उन्हें पहाड़गंज मुख्य बाजार क्षेत्र के एक कमरे में रखा गया था और उन्हें विभिन्न होटलों में भेजा जाता था। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी से पहले, टीम ने निगरानी की और संदिग्ध स्थानों पर फर्जी ग्राहक बनाकर भेजे। अधिकारी ने कहा, ''अवैध गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद, टीम ने होटलों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। पीड़ितों को स्कूटर पर अलग-अलग स्थानों पर ले जाते हुए पाया गया। टीम ने तीन नाबालिगों समेत 23 महिलाओं को बचाया और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

संभल पुलिस का एक्शन

## हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद कमेटी के सदर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**संभल।** संभल जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है। एएसपी श्रीशचंद का कहना है 24 नवंबर के बवाल में आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है। कई थानों की पुलिस के अलावा पीएसी और आरआरएफ को तैनात किया है। अधिकारी फ्लैगमार्च भी कर रहे हैं। जफर अली एडवोकेट के भाई ताहिर अली एडवोकेट ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर माहौल खराब करने के प्रयास का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा



कि उनके भाई को न्यायिक जांच आयोग के सामने सोमवार को अपने बयान दर्ज कराने थे।

इसलिए पुलिस ने सुनियो जित तरीके से कार्रवाई की है। कहा कि उनके भाई ने आयोग को बताया था कि गोली पुलिस ने चलाई थी और इसी में पांच लोगों की जान गई थी। यही बयान दर्ज कराने के लिए वह जाते उससे पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा कि उनके भाई द्वारा जेल में रहकर भी यही बयान दर्ज कराया जाएगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

### इजरायल ने गाजा के खान यूनिस में किया हवाई हमला

# हमास का राजनीतिक नेता ढेर

## युद्धविराम वार्ता के विफल होने के बाद हुआ हमला

- **हमास ने करीब 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों और पांच थाई नागरिकों को रिहा किया था**

**यरुशलम (आईएएनएस)**



गाजा के खान यूनिस में इजरायली हवाई हमले में हमास के राजनीतिक नेता सलाह अल-बदार्वील की मौत हो गई। टाइम्स ऑफ इजरायल ने हमास समर्थक मीडिया के हवाले से बताया कि इस हमले में कथित तौर पर सलाह अल-बदार्वील की पत्नी की भी मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला गाजा पट्टी में हमास के गढ़ों को निशाना बनाकर किए गए व्यापक इजरायली सैन्य अभियान का हिस्सा था। यह हमला इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम वार्ता के विफल होने के बाद हुआ है, जिससे 19 जनवरी से प्रभावी युद्धविराम टूट गया है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली इजरायली सरकार ने हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने से लगातार इनकार करने और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ की मध्यस्थता से लाए गए प्रस्तावों को अस्वीकार करने का हवाला देते हुए नए सिरे से सैन्य कार्रवाई को उचित ठहराया। नेतन्याहू के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) को हमास के खिलाफ हमले तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य गाजा में एक सैन्य बल और एक शासकीय निकाय के रूप में इस समूह को खत्म करना है। बयान के अनुसार, इजरायल अब से हमास के खिलाफ सैन्य ताकत बढ़ाकर कार्रवाई करेगा। ऑपरेशनल योजना वीकेंड में आईडीएफ द्वारा पेश की गई थी और राजनीतिक नेतृत्व ने इसे मंजूरी दी थी।

युद्धविराम वार्ता का टूटना तनाव बढ़ने का मुख्य कारण था। इजरायल ने तीन-चरणीय समझौते के पहले चरण को आगे बढ़ाने की मांग की थी, जबकि हमास ने दूसरे चरण की ओर बढ़ने पर जोर दिया, जो मूल रूप से 2 मार्च से शुरू होने वाला था। इसमें अतिरिक्त बंधकों की अदला-बदली भी शामिल थी। शुरुआती चरण में हमास ने करीब 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों और पांच थाई नागरिकों को रिहा किया था। हालांकि, समूह के पास अभी भी करीब 59 बंधक हैं, जिससे इजरायल को अपने सैन्य अभियान को तेज करने पर मजबूर होना पड़ा है। नेतन्याहू ने अपने रुख पर कायम रहते हुए कहा है कि युद्ध का मुख्य उद्देश्य हमास को पूरी तरह से खत्म करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी हुए हमले का मकसद हमास को बाकी बंधकों को छोड़ने के लिए मजबूर करना है।

### योगी का उप्र में सिंगापुर मॉडल स्कूली शिक्षा की पहल

- **कक्षा 1 से 12 तक के लिए मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण**
- 13अप्रैल से 15 अप्रैल तक व जुलाई में 15 दिवसीय स्कूल चलो अभियान
- **13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को आईआईएम लखनऊ व आईआईएम बेंगलुरु से जोड़ा जाएगा**
- सरकारी स्कूलों में भी शुरु किए जाएंगे समर कैंप

**नवेन्दु सिंह**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र में गुणवत्तापरक शिक्षा देने पर ज़ोर देना शुरू कर दिया है।उन्होंने इससे संबंधित एक बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार कक्षा एक से 12 तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण करा रही है। इसके निर्माण के लिए 26 जिलों में धनराशि जारी की जा चुकी है। वहीं प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। 58 जिलों में इसके लिए धनराशि जारी की जा चुकी है। इन दोनों प्रकार के विद्यालयों में प्ले ग्राउंड व ट्रेनिंग सेंटर भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक तथा जुलाई महीने में 15 दिवसीय स्कूल चलो अभियान चलाया जाए।


शिक्षकों, ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा मिलकर इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि यह स्कूल चलो अभियान बच्चों को एक उत्सव की तरह लगे। शिक्षक व प्रधानाध्यापक घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में एक विद्यालय एक खेल नीति को बढ़ावा दिया जाए। अंडर-19 क्रिकेट में यहां की छात्राओं ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। ऐसे में यहां अच्छे खेल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए।योगी ने कहा कि 13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे डायट एक उत्कृष्ट संसाधन केंद्र के रूप में विकसित होंगे और समावेशी शिक्षा को आगे बढ़ा सकेंगे। यहां रखरखाव की व्यवस्था अच्छी हो और नियमित सफाई हो। जरूरत के अनुसार आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की तैनाती की जाए। डायट का फर्स्ट इंप्रेशन काफी अच्छा होना चाहिए। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) लखनऊ व बंगलुरू को यहां के ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ जोड़ा जाए। ताकि शिक्षकों को और बेहतर ट्रेनिंग मिल सके। योगी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी समर कैंप लगाए जाएं। यह समर कैंप एक से डेढ़ घंटे के हों। ताकि गर्मियों की छुट्टियों में छात्र कुछ नया सीख सकें। खेल-खेल में बच्चे कुछ नया सीख सकें। ताकि बच्चे पढ़ाई को बोझ न समझकर मनोरंजक ढंग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित हों। यह समर कैंप सुबह चलाए जाएं ताकि विद्यार्थियों को गर्मी में परेशानी नहीं हो।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा

# लोग नहीं, नेता होते हैं जातिवादी

- **राजनीति को आत्म-प्रचार के बजाय समाज सेवा पर आधारित होना चाहिए**
- राजनीति को केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए
- **सच्चे नेतृत्व के लिए पोस्टर या विज्ञापनों की जरूरत नहीं होती**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने डॉ. पंजाबराव उर्फ भाऊसाहेब देशमुख मेमोरियल अवार्ड समारोह में एक कार्यक्रम में कहा कि लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवादी होते हैं। इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन ज्यादा पिछड़ा है। सामाजिक असमानता को खत्म करने की आवश्यकता है। जातिगत भेदभाव को खत्म होना चाहिए। इसकी प्रक्रिया "स्वयं से" शुरू होनी चाहिए।गडकरी ने जाति को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की आलोचना की और तर्क दिया कि वास्तविक सामाजिक उत्थान के बजाय चुनावी लाभ के लिए कृत्रिम रूप से विभाजन पैदा किया जाता है। उन्होंने राजनीति को फिर से परिभाषित करने का आह्वान किया, जिसमें पहचान-आधारित वोट-बैंक रणनीतियों पर विकास को प्राथमिकता दी जाती है। गडकरी ने कहा कि पिछड़ेपन पर चर्चा सामाजिक न्याय से हटकर राजनीतिक वार्ता में सौदेबाजी की चिप बन गई है। इस पर जोर देते हुए गडकरी ने कहा कि सच्चे नेतृत्व के लिए पोस्टर या विज्ञापनों की जरूरत नहीं होती। राजनीति को आत्म-प्रचार के बजाय समाज सेवा पर आधारित होना चाहिए। नेता चुनावी लाभ के लिए अपने समुदायों को अधिक पिछड़ा साबित करने की होड़ में लगे हैं।गडकरी ने कहा कि मैंने चुनाव लड़ा और लोगों से साफ कहा कि मैं अपनी शर्तों पर राजनीति करूंगा, चाहे वे मुझे वोट दें या नहीं। मेरा कर्तव्य बिना किसी पक्षपात या समझौते के सभी के विकास के लिए काम करना है। साथ ही उन्होंने चुनावों की बढ़ती लेन-देन वाली प्रकृति पर दुख जताया और प्रचार पर अत्यधिक धन खर्च किए जाने पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि राजनीति को केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। हमें इसके उद्देश्य को फिर से परिभाषित करना चाहिए और अत्यधिक चुनावी खर्च को समाप्त करना चाहिए।मेलघाट के आदिवासी क्षेत्र में काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए गडकरी ने गंभीर कुपोषण और गरीबी के अपने प्रत्यक्ष अनुभव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के लोक निर्माण मंत्री के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र का दौरा किया और सड़कों, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल और स्कूलों की अनुपस्थिति देखकर चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी वह भयावह सच्चाई याद है – हजारों बच्चे कुपोषण के कारण मर रहे थे, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी और आदिवासी परिवार बुनियादी सेवाओं से कटे हुए थे। यह देखकर दिल टूट गया कि आजादी के दशकों बाद भी ऐसी स्थितियां मौजूद थीं।

### पाकिस्तान में मिला दूसरा एमपॉक्स केस, शरीर में घाव के साथ दिखते हैं लक्षण


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस साल एमपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि की। कराची में एक 29 वर्षीय व्यक्ति में एमपॉक्स मिला है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मालिर जिले के शाह लतीफ शहर का निवासी मरीज वर्तमान में जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर (जेपीएमसी) में इलाज करा रहा है। जेपीएमसी के उप निदेशक डॉ याह्या टुनिओ ने कहा कि मरीज दो दिन पहले त्वचा के घावों के साथ अस्पताल पहुंचा था। उन्होंने कहा कि मरीज की हालत स्थिर है और उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा जा रहा है। टुनिओ के अनुसार, मरीज की पत्नी, जो हाल ही में सऊदी अरब गई थी, उसे भी इसी तरह के घाव थे।

### तालिबान पर दया दिखा रहे ट्रंप!

### अमेरिकी नागरिक की हुई रिहाई तो यूएस ने हक्कानी के ऊपर से हटाया इनाम

**वॉशिंगटन।** क्या ट्रंप शासन में अमेरिका, तालिबान के साथ रिश्ते बेहतर करने में जुटा है? यह सवाल है इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि एक तरफ जहां अफगान तालिबान ने दो सालों से कैद अमेरिकी शख्स को पिछले हफ्ते रिहा कर दिया था। इसके बाद अमेरिका ने तालिबान के तीन प्रमुख नेताओं सिराजुद्दीन हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी, याह्मा हक्कानी पर से कई मिलियन डॉलर इनाम (बाउंटी) हटा दिया है। अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए कहा कि जॉर्ज ग्लीजमैन, जिन्हें ढाई साल से अफगानिस्तान में गलत तरीके से गिरफ्तार करके रखा गया था।

### अमेरिका में भारतीय मूल के बाप-बेटी की हत्या, स्टोर में गोलीबारी से मचा हड़कंप



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के वर्जीनिया में एक गुजराती शख्स और उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 56 वर्षीय प्रदीप पटेल की मौके पर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनकी 24 वर्षीय बेटी ऊर्मि ने दो दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बाप-बेटी पर हमला क्यों किया था, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। इस घटना पर जानकारी देते हुए एक शख्स ने बताया, जैसे ही 20 मार्च को सुबह करीब 5 बजे अपनी दुकान खोली, एक व्यक्ति अंदर घुसा और गोलीबारी शुरू कर दी। प्रदीप और ऊर्मि दोनों को गोलियां लगीं। आरोपी की पहचान जॉर्ज फ्रेजियर डेवोन व्हार्टन के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### डबल निमोनिया पीड़ित पोप को अस्पताल से मिलेगी छुट्टी

**वेटिकन सिटी (आईएएनएस)**



पोप फ्रांसिस को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। वो अस्पताल में डबल निमोनिया का इलाज कराने के लिए पिछले एक महीने से भी अधिक समय से भर्ती थे। यह जानकारी पोप की सेवा में लगी टीम के प्रमुख सर्जियो अल्फिएरी ने दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, "हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रविवार को वह घर लौटेंगे। अल्फिएरी ने शनिवार को गेमेली अस्पताल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, "फादर को रविवार को छुट्टी मिल जाएगी। उन्हें कुछ दवाइयां लेनी होंगी। इसके अलावा, उन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए दो महीने तक आराम दिया जाएगा। पोप फ्रांसिस 14 फरवरी से अस्पताल में हैं। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी के अनुसार, पोप रविवार को अस्पताल की बालकनी से वो श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। इसके बाद, वह कासा सांता मार्टा वापस लौट जाएंगे, जो 2013 के सम्मेलन के बाद से उनका घर बन गया है। वेटिकन प्रेस कार्यालय ने शनिवार को बताया कि 88 वर्षीय पोप रविवार को एंजेलस प्रार्थना के बाद अपने शुभचिंतकों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देंगे। पोप फ्रांसिस आमतौर पर हर हफ्ते प्रार्थना का नेतृत्व करते हैं, लेकिन पिछले पांच रविवार से उन्होंने ऐसा नहीं किया है। सीएनएन के अनुसार, पोप के रूप में चुने जाने के बाद अस्पताल में ये उनका सबसे लंबा प्रवास रहा है। कई हफ्तों तक न देखे जाने के बाद, वेटिकन ने पोप का एक छोटा ऑडियो संदेश जारी किया और पिछले सप्ताह एक तस्वीर भी जारी की, जिसमें वे अस्पताल के चैपल में प्रार्थना करते हुए दिखाई दे रहे थे। सीएनएन के अनुसार, पोप को डिस्चार्ज किए जाने की खबर उस समय आई, जब इस सप्ताह वेटिकन ने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उनकी सेहत पहले से बेहतर है।

### कतर में भारतीय इंजीनियर की गिरफ्तारी, परिवार ने सरकार से मांगी मदद



**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर स्थित कंट्री हेड अमित गुप्ता को इस साल 1 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वर्तमान में वह जेल में हैं। जानकारी के अनुसार अमित गुप्ता पर डेटा चोरी का आरोप लगाया गया है। इसी मामले की जांच के संबंध में उनको हिरासत में लिया गया है। दरअसल, अमित गुप्ता कतर में आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कंट्री हेड हैं। स्थानी सुरक्षा एजेंसियों ने उनके खिलाफ डाटा चोरी का आरोप लगाया है। 1 जनवरी से ही वह जेल में बंद हैं। उनका परिवार उनकी रिहाई के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं, इस मामले में टेक महिंद्रा का बयान भी सामने आया है। कंपनी ने कहा कि कर्मचारी के परिवार से साथ संपर्क लगातार बनाए हुए हैं।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा

# भीड़ में कैसे घुलना-मिलना है और मुझे यह **पसंद है...**

**कहानी फिल्म जगत की**



बॉलीवुड के दमदार अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत में कई सारे लोग उनकी तरह दिखते हैं। एक्टर ने आगे कहा कि ऋतिक रोशन जैसे लोग खास और अलग हैं। एक्टर ने याद किया कि अपने करियर के शुरुआती सालों में, जब वे ऑडिशन के लिए लोगों से संपर्क करते थे।

## लोग हमेशा ही कहते हैं मैं **बदसूरत** दिखता हूं

पहले एक इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने रंग और शक्ल को लेकर लोगों के बुरे बर्ताव के बारे में भी बात की थी। नवाजुद्दीन ने कहा कि लोग उन्हें हमेशा कहते हैं कि वे बदसूरत हैं। दुख की बात यह है कि अब वे भी इस पर यकीन करने लगे हैं। वे कहते हैं, "कुछ लोग मेरी शक्ल से नफरत क्यों करते हैं।

## लोग पूछते थे- आप कौन हैं

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें अक्सर अपनी ही फिल्म के सेट पर रोक दिया जाता था। उन्हें भीड़ में घुलने-मिलने में मजा आता है। शुरुआती दिनों में जब वे ऑडिशन के लिए जाते थे, तो लोग कहते थे कि वे अभिनेता जैसे नहीं दिखते। इससे उन्हें गुस्सा और दुख होता था। वे कहते हैं कि लोग उनसे पूछते थे, आप कौन हैं? और जब वे बताते कि वे अभिनेता हैं, तो लोग कहते, "आप तो अभिनेता जैसे दिखते नहीं।




# शहीद जवान को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को धुर्वा सेक्टर-2 स्थित 133 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय पहुंचकर शहीद सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



# सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण पर रक्षा राज्य मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र

*सभी वर्गों को साथ बैठाकर विवाद का जल्द समाधान करने का आग्रह*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिरम टोली, रांची के समीप फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। इस फ्लाईओवर के समीप सरना स्थल के पास रैंप का निर्माण होना है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा सरना स्थल, सरना समाज से जुड़े लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र होता है। उक्त स्थल पर सिर्फ सरना समुदाय ही नहीं बल्कि हम सबकी भी आस्था है। सरना स्थल के समीप रैंप निर्माण



का विरोध समाज के लोग लगातार कर रहे हैं। यह हम सबके लिए भी चिंतन का विषय है। निश्चित रूप से शहर का विकास होना चाहिए परंतु उसमें हम सब की धार्मिक आस्था और उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखें तो समाज भी हमारे साथ खड़ा होगा। सरना समाज की आस्था को देखते हुए, मेरा सुझाव है कि अविलंब इस दिशा में संबंधित विभाग, सरना समाज के प्रबुद्ध जन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इसका हल निकल जाना चाहिए ताकि किसी समाज की आस्था भी आहत नहीं हो और विकास का कार्य भी समुचित रूप से हो सके। अतः अविलंब सभी वर्गों के साथ बैठकर इस समस्या का समाधान निकालने हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए क्योंकि यह स्थल लाखों लोगों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। एक सप्ताह के बाद सरहुल महोत्सव भी मनाया जाना है, ऐसे में इस दिशा में सरकार को त्वरित और समुचित पहल करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से कहा है कि आस्था से जुड़े इस गंभीर विषय पर आप यथाशीघ्र सकारात्मक कदम उठाएंगे, यह विश्वास मुझे है।

# रांची विवि के अतिथि शिक्षकों ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विवि के 124 अतिथि शिक्षकों ने आवश्यकता आधारित शिक्षक के साथ समायोजन के लिए राजभवन के मुख्य द्वार के समक्ष धरना दिया। इतना ही नहीं सभी शिक्षक विवि द्वारा काम नहीं लिये जाने से खफा हो कर सड़क किनारे पकौड़ा छानने का काम किया। अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले बीच-बीच में सभी शिक्षक विवि के कुलपति व उच्च व तकनीकी शिक्षा प्रधान सचिव को पद से इस्तीफा देने का नारा लगा रहे थे। संघ अध्यक्ष डॉ अरविंद प्रसाद ने कहा कि हेमंत सरकार के अंतिम कैबिनेट में अतिथि शिक्षकों का आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में सेवा लेने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से जो संकल्प बना वह भ्रामक बना। इस कारण समायोजन की जगह निष्कासन की स्थिति उत्पन्न हो गई, फलस्वरूप सभी शिक्षक पीएचडी/नेट की डिग्री हासिल करने के बाद भी सड़क पर पकौड़ा छानने का काम कर रहे हैं। जबकि उनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा आवश्यकता आधारित शिक्षकों से पहले हुई है। संयोजक डॉ धीरज कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि 1609 संकल्प को खारिज किया जाये और उन्हें विवि द्वारा अनुशंसा कर और आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में सीधे समायोजित कर लिया जाए। राजू हजम ने कहा कि कुलपति और उच्च शिक्षा प्रधान सचिव की गलतियों का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

## राज्य की साहियाओं को जल्द मिलेगा आधुनिक टैबलेट, बोले डॉ इरफान अंसारी

# साहियाओं की भूमिका अहम सरकार देगी हर संभव मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा मे आयोजित राज्य स्तरीय सहिया सह सीएचओ सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित साहिया बहनों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में सहिया बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने कार्यों को और प्रभावी ढंग से कर सकें। मंत्री ने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण और संस्थागत प्रसव का लक्ष्य हासिल करने में साहिया बहनों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और देखभाल से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि साहिया बहनों के समर्पण और मेहनत से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता में तेजी आई है, जिससे लोगों को समय पर इलाज और सही जानकारी मिल रही है।

डॉ. अंसारी ने घोषणा की कि राज्य की सभी साहिया बहनों को जल्द ही आधुनिक टैबलेट (टैब) उपलब्ध कराए जाएंगे। इन टैबलेट्स के माध्यम से वे स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों को डिजिटल रूप में दर्ज कर सकेंगी, जिससे सेवा में पारदर्शिता और गति आएगी। यह पहल साहिया बहनों के कामकाज को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाएगी।



मंत्री ने कहा कि साहिया बहनों को उनके कठिन परिश्रम का उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि साहिया बहनों के मानदेय पर जल्द विचार किया जाएगा, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और वे अपने कार्यों को और अधिक आत्मीयता और उत्साह के साथ कर सकें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जाएगा।

मंत्री ने कार्यक्रम के अंत में सभी साहिया बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में साहिया बहनों को और अधिक संसाधन, सम्मान और सहयोग मिलेगा, जिससे वे अपने कार्य को और प्रभावी ढंग से कर सकेंगी।

# बीएड शिक्षकों ने सेवा शर्त और समान वेतन संबंधी ज्ञापन श्रम मंत्री को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों में विगत 20 वर्षों से संचालित बीएड पाठ्यक्रम में कार्यरत प्राध्यापक रविवार को झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव से मिले। शिक्षकों ने उन्हें वेतन विसंगति और सेवा शर्तों में सुधार के साथ-साथ पूरे राज्य में एक समान नियमावली बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। झारखंड राज्य बीएड प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से श्रम मंत्री को अवगत कराया। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा और किसी भी सरकारी अंगीभूत कॉलेज में संचालित बीएड विभाग को बंद नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार के स्तर से सेवा शर्त नियमावली बनाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी बीएड प्राध्यापकों को आश्वासन दिया कि जल्द उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। संघ की उपाध्यक्ष डॉ शीतल पांडेय ने कोल्हान और महिला विश्वविद्यालय के बीएड विभाग की समस्या से श्रम मंत्री को अवगत कराया। कहा कि कोल्हान और महिला विश्वविद्यालय के बीएड प्राध्यापकों को अन्य विश्वविद्यालय और 7वें वेतनमान के आलोक में 57,700 रुपये वेतन पर सेवा विस्तार दिया जाए। इस पर श्रम मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ विशेश्वर यादव, डॉ पूनम ठाकुर, डॉ शीतल पांडेय, डॉ ओनिमा मानकी, डॉ कार्तिक साहू, प्रो अनिल कुमार यादव, प्रो प्रियंका कुमारी, डॉ रानी सिंह, डॉ जीतेंद्र कुमार, प्रो मुन्ना मुखी आदि शामिल थे।

# मीत बदर्स की चिट्टियां कलाइयां... ने बीआईटीयंस को झुमाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी, मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बीटोत्सव-25 में रविवार को मुख्य आकर्षण का केंद्र संगीत जोड़ी मीत बदर्स की लाइव प्रस्तुति रही। मनमीत सिंह और हरमीत सिंह की इस जोड़ी ने अपने सुपरहिट बॉलीबुड गीतों पर युवा दर्शकों को झुमाया। चिट्टियां कलाइयां..., बेबी डॉल मैं सोने दी..., कातिलाना..., हाई हील्स..., गल बन गई..., जैसे गीतों ने संगीतप्रेमियों का दिल जीता। मीत ब्रदर्स के गीतों का जादू संगीतप्रेमियों पर ऐसा चला कि पूरा परिसर ही संगीत की स्वरलहरियों में डूबा नजर आया। मीत बदर्स ने भी युवाओं की पसंद का पूरा ध्यान रखा और उन्हें अपने गीतों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। संगीत संध्या से पहले दिन प्रतियोगिताओं का दौर चला। मिस्टर एंड मिस बीटोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। पहले दौर में प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया गया और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का मौका दिया गया। आत्मविश्वास और संपूर्ण व्यक्तित्व के आधार पर 10 प्रतिभागियों को अगले दौर के लिए चुना गया। फाइनल राउंड में प्रतिभागी जोड़ियों ने निर्णायकों के प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया।

# डोरंडा कॉलेज : राज्य स्तरीय युवा संसद में भागीदारी को 10 प्रतिभागी चयनित

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इकाई और नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाइकेएस) की ओर से आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। इसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने की। नोडल जिला रांची से 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसमें- गौरव तिवारी, सुनिता ठाकुर, अविनाश कुमार, मयंक राज, आयशा फातिमा, रायना खान, चंद्रदेव उरांव, पल्लव कुमार सिंह, प्रणव राम तिवारी, दीपक कुमार शामिल हैं। इन सभी विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड विधानसभा में जाने का अवसर मिलेगा। इन सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, कार्यक्रम में भाग लेनेवाले 104 प्रतिभागियों को डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने सिल्ली प्रखंड समिति का किया गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के सिल्ली प्रखंड समिति के गठन को लेकर बैठक सिल्ली मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षत संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने की। बैठक मे सर्वसम्मति से चुनाव कर सिल्ली प्रखंड समिति के गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष बलराम महतो (राधिका महतो), सचिव अनिल चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष गंगा नारायण मुंडा, उपाध्यक्ष संतोष महली व लखी राम बेदिया का चयन किया गया। नवगठित प्रखंड समिति की अनुशंसा करते हुए जिला संयोजक मंडली उसे अनुमोदन के लिए केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजेगी। नवगठित



प्रखंड समिति के चयनित सभी पदाधिकारियों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और सिल्ली विधायक अमित महतो ने बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही निर्देश दिया गया कि नव चयनित पदाधिकारीगण पंचायतों का गठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय समय सीमा मे करते हुए जिला संयोजक मंडली को सूचित करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, पूर्व जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान सहित अन्य शामिल थे।

## डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती पर परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन, बोले कादरी

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए विपक्ष का मुखर होना आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ समाजवादी सैयद शहनवाज कादरी ने कहा कि समाजवाद आखिर कमजोर क्यों हुआ। आज यह सोचने की आवश्यकता है। डॉ राम मनोहर लोहिया के दौर में समाजवादियों के लिए सत्ता नहीं, बल्कि सिद्धांत महत्वपूर्ण था। बाद में सिद्धांत पर सत्ता हावी हो गयी। इस कारण समाजवाद की धार कमजोर हुई। वे रविवार को ऑड्रे हाउस में डॉ राम मनोहर लोहिया की 115वीं जयंती पर आयोजित परिसंवाद व पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। संवाद का विषय था- लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका। कादरी ने कहा कि यदि समाजवादी अपने सैद्धांतिक मूल्यों से भटके नहीं होते, तो वर्तमान सत्ता के अंदर जो तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ रही है, वैसी स्थिति कभी नहीं बनती। लोकतंत्र की मजबूती के लिए विपक्ष का मुखर होना आवश्यक है। पूर्व मंत्री दिनेश षाड़ंगी ने कहा कि लोहिया के सपनों के अनुरूप काम हो, इस दिशा में लोहिया के अनुयायियों से अधिक वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार ने काम किया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि समाजवाद आज भी जिंदा है। डॉ राम मनोहर लोहिया के बताये मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन द्वारा खरसावां गोलीकांड पर तैयार की गयी लघु फिल्म का भी प्रर्दशन किया गया। मौके पर देवकीनंद नरसरिया, वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त, पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह बेसरा, गोविंद अग्रवाल, जयंत सिंह तोमर, पाउंडेशन के अभिषेक सिंह व पूरनचंद विचार मंच के अभिजीत कुमार ने भी अपने अपने रखे।



# सरना स्थल रैंप विवाद रांची बंद, समस्या व राजनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के सिरमटोली स्थित फ्लाईओवर रैंप निर्माण को लेकर विवाद ने एक बड़ा रूप ले लिया है। दरअसल, जहां फ्लाईओवर रैंप का निर्माण हो रहा है, वहां आदिवासी समाज का सरना स्थल है। इस वजह से वे विरोध कर रहे हैं। विरोध ने इतनी तुल पकड़ा की शनिवार को कई आदिवासी संगठनों ने रांची बंद बुलाया, जिसे सफल बनाने के लिए कई जगहों पर चक्का जाम किया गया। वहीं टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। रांची बंद को लेकर कई आदिवासी संगठनों में आपस में विवाद है और विरोधाभाषी बातें बोल रहे हैं। हालांकि रांची बंद का क्या असर हुआ इसका अब तक किसी भी आदिवासी संगठन के द्वारा जानकारी नहीं दी गई है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने समस्या और समाधान की पड़ताल की और बंद समर्थकों और राजनेताओं से बात की। विवाद के उद्गम स्थल सिरमटोली के सरना स्थल की स्थिति ये है की रैंप बनाए जाने के बाद 15 फीट का रास्ता बचता है।



## रांची बंद में मैं शामिल नहीं हुआ था : अजय तिर्की

**सिरमटोली** स्थित फ्लाईओवर रैंप निर्माण को लेकर सबसे अधिक सक्रिय केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की का कहना है कि शनिवार को हुए रांची बंद में उनका कोई सहयोग नहीं था। दरअसल, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने फोन पर कहा कि सरना स्थल के आसपास के लोग जमीन देने को तैयार हैं। अब रैंप की कोई समस्यां नही रही। वहीं, रैंप की कोई परेशनी नहीं थी तो रांची बंद क्यों बुलाया गया, पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि रांची बंद में वे शामिल नहीं थे यह बंदी दूसरे लोगों के द्वारा बुलाई गई थी। वहीं, सरना स्थल के आस पास के लोगों का कहना है कि अजय तिर्की के द्वारा बोले गए मुद्दे की जानकारी नहीं है। लोगों ने यह भी कहा कि अजय तिर्की के द्वारा पहले से ही कई तरह की बाते कहीं जाती थी। यदि वो सब हो जाता तो आज हमें हमारी ही जगह की लड़ाई नहीं लड़नी पड़ती।



## आगे की रणनीति बैठक कर बनाएंगे : गीताश्री उरांव

**पूर्व** मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि सिरमटोली स्थित फ्लाईओवर रैंप निर्माण से सरना स्थल में एकजुट होने पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा जब रोड पूरा था तब भी परेशानी होती थी, अब रैंप बनने से और भी परेशानी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि रैंप निर्माण का विरोध जानकारी मिलते ही शुरू हो गई थी। कई अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपा गया लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। जिसके बाद मजबूर होकर रांची बंद बुलाना पड़ा। उन्होंने कहा की रांची बंद का बड़ा असर हुआ है। आदिवासी भाई- बहनों ने एकजुटता दिखाई। उन्होंने यह भी कहा की इस बंदी का सरकार पर कितना असर पड़ा है बंदी बुलाना सफल हुआ है या नहीं इस विषय पर बैठक कर चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।



## सरना स्थल पर सरकार विचार करे : कमल ठाकुर



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर ने कहा कि सरना स्थल पर सरकार को विचार करना चाहिए और हम मांग करेंगे की उनकी मांगों पर ध्यान दिया जाए।

## सरकार समस्याओं का समाधान खोजे : प्रदीप सिन्हा



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा की सरना स्थल आदिवासी समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण और पवित्र जगह है। इस ओर झारखंड सरकार को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इनकी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए।

# पृष्ठ एक के शेष

**गांव की महिलाओं ने बचा..**

बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा 65 हजार साल पुरानी है। आज जिस संस्कृति और परंपरा को बचाने की बात लोग करते है, इसको आज गांव की दीदियों ने बचाकर रखा है। मंत्री ने कहा कि शहरों में यह परंपरा देखने को नहीं मिलती। हमारे पुरखों के पास जो ज्ञान था, उस पर आज के लोग शोध कर रहे हैं। हमारे पुरखों को लिखना-पढ़ना नहीं आता था। इसलिए उनके ज्ञान का डॉक्यूमेंटेशन नहीं हो पाया है। हमारा समाज गरीब नहीं, हमेशा से संतुष्ट समाज रहा है। हमारे आसपास जो चीजे हैं, उसी से अपनी जरूरत पूरा कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि महिला और दीदियों का बहुत बड़ा योगदान समाज के विकास में है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा, हम महिलाओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि एक-दूसरे को नीचा नहीं दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संगठित कर एफपीओ बनाकर काम करें। अच्छा एफपीओ को 15 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन में रुचि रखने वाली दीदियों की सूची दें, उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में मोती उत्पादन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर वासवी कीड़ो ने कहा कि आदिवासियों के ज्ञान और परंपरा को संरक्षित, सुरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की जरूरत है। मौके पर बड़ी संख्या में मुखिया और अन्य लोग उपस्थित थे।

**सांसद वीडी राम के प्रयासों से...**

हैं। इसके अलावा, सांसद की सिफारिश पर त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः शुरू करने और लखनऊ के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू करने का प्रस्ताव भेजा गया है। रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ने की स्वीकृति दी गई है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। वहीं, कजरात नावाडीह, डाली और कुम्भी मेराल में लेवल क्रॉसिंग सब-वे के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिससे रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। सांसद वी.डी. राम ने क्षेत्र में रेल सेवाओं के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों से गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव में सुधार की दिशा में कदम उठाए गए हैं। सांसद वी.डी. राम के प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र में वर्षों से लंबित परियोजनाओं को गति मिली है। रेलवे और सड़क नेटवर्क के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। आने वाले समय में इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से पलामू के नागरिकों को बेहतर यातायात और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र की प्रगति को नई दिशा मिलेगी।

आईपीएल 2025




# हैदराबाद ने राजस्थान को 44 रन से हराया, ईशान का शतक

**एजेंसी । हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल-18 में जीत से शुरुआत की है। टीम ने रविवार के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराया। हैदराबाद ने अपने होम ग्राउंड में 286 रन का स्कोर बनाया। फिर राजस्थान को 242 रन के स्कोर पर रोक दिया। सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट झटके। आरआर की ओर से ध्रुव जुरेल ने 70 रन और संजू सैमसन ने 67 रन की पारियां खेलीं। फिर शिमरोन हेटमायर (42 रन) और शुभम दुबे (34 रन) ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके स्कोर 200 पार पहुंचाया, लेकिन टीम को जिता नहीं सके। एसआरएच की ओर से ईशान किशन ने 106 रन बनाए, उन्होंने 45 बॉल पर अपने IPL करियर का पहला शतक लगाया। ट्रैविस हेड ने 67, हेनरिक क्लासन ने 34, नीतीश रेड्डी ने 30 और अभिषेक शर्मा ने 24 रन बनाए। राजस्थान से तुषार देशपांडे ने 3 और महीश तीक्षणा ने 2 विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

- **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, हर्षल पटेल और मोहम्मद शमी। **इम्पैक्ट सब्सिट्यूट :** सचिन बेबी, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी, एडम जम्पा और वियान मुल्डर।
- राजस्थान रॉयल्स: रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नीतीश राणा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षणा, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा और फजलहक फारुकी। **इम्पैक्ट सब्सिट्यूट:** संजू सैमसन।

### राजस्थान ने टेके घुटने



संजू सैमसन ने 37 गेंदों पर 66 रन बनाए, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल रहे. फिर स्पिनर एडम जाम्पा ने ध्रुव जुरेल की इनिंग्स का भी खात्मा कर दिया. जुरेल ने 200 के स्ट्राइक रेट से 70 रन बनाए. इस दौरान जुरेल ने पांच चौके और छह छक्के लगाए. पांच विकेट गिरने के बाद शिमरॉन हेटमायर और शुभम दुबे के बीच जरूर 80 रनों की तूफानी पार्टनरशिप हुई, लेकिन बड़ा टारगेट होने के चलते तब तक मुकाबला राजस्थान के हाथों से निकल चुका था।

## चेन्नई 4 विकेट से जीता



**नई दिल्ली ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-18 के तीसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराया। टीम ने 19.1 ओवर में 6 विकेट पर 158 रन बनाते हुए जीत हासिल की। चेन्नई की ओर से कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 53 और रचिन रवींद्र ने नाबाद 65 रन बनाए। चेपॉक स्टेडियम में सीएसके ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर के बाद 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 31, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 29 और दीपक चाहर ने नाबाद 28 रन बनाए। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके, जबकि खलील अहमद ने 3 विकेट लिए।

## नमिता और मुन्ना बने मोतीलाल नेहरू कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ एथलीट

**नई दिल्ली।** मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) ने वार्षिक खेल दिवस मनाकर अपने गौरवशाली खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा। दिन भर चले कार्यक्रमों का समापन मुन्ना कुमार को छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट और नमिता भाखला को छात्रा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेस प्रोफेसर बलराम पाणि, भारतीय महिला कबड्डी टीम की पूर्व कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पदमश्री डॉ. सुनील डबास और भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नरेंद्र सिंह सैनी मौजूद थे। वार्षिक खेल दिवस का समापन मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) के प्राचार्य प्रोफेसर संदीप गर्ग के समापन भाषण के साथ हुआ।

## भारत ने फीबा विश्व कप क्वालीफायर 2027 के लिए टिकट बुक किया



**मनामा (आईएएनएस)**

भारत ने ग्रुप एच में बहरीन को 81-77 से हराकर अंतिम क्वालीफाइंग चरण से फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया, जबकि चीनी ताइपे और गुआम ने ग्रुप जी में 1-2 पर रहकर अपना स्थान सुरक्षित किया। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक्स पर पोस्ट किया, "भारतीय कैगर्स ने बहरीन और इराक पर जीत के साथ ग्रुप एच में दबदबा बनाया, फीबा एशिया कप 2025 में अपना स्थान सुरक्षित किया और इतना ही नहीं - उन्होंने फीबा विश्व कप 2027 क्वालीफायर के लिए भी अपना टिकट बुक कर लिया है।

फ्लोर के दोनों छोर पर अरविंद कृष्णन और प्रणव प्रिंस के क्लच प्ले ने भारत को 12 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल करने के बाद महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में सक्षम बनाया। 1:54 मिनट शेष रहते हुए भारत 2 अंक से पीछे चल रहा था। फीबा एशिया कप 2025 के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के ग्रुप एच में यह भारत की दूसरी सीधी जीत थी। उन्होंने शुक्रवार को अपने दूसरे ग्रुप एच मैच में इराक को 97-77 से हराया था।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया

**नई दिल्ली ।** बहुप्रतीक्षित ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) ने रविवार को यहां आयोजित एक समारोह में अपनी चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया, जीआई-पीकेएल की शुरुआत 18 अप्रैल को गुरुग्राम में होगी। मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, नॉर्वे और पोलैंड जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों की भागीदारी के साथ लीग ने पहले ही वैश्विक ध्यान आकर्षित कर लिया है। विशेष अतिथि डी. सुरेश, आईएएस, प्रमुख सचिव, उद्योग और वाणिज्य, हरियाणा सरकार और दीपक हुड्डा, पूर्व भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान ने होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) के अध्यक्ष कांथी डी. सुरेश के साथ चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया।

## मैं सीएसके के लिए जब तक चाहूं खेल सकता हूं : एमएस धोनी



**मुंबई ।** महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर पीली जर्सी में एक और आईपीएल सीजन खेलने के लिए तैयार हैं। 43 साल के धोनी रविवार को मुंबई के खिलाफ जब चेपॉक में उतरेंगे तो यह एक खास लम्हा होगा। 2016 और 2017 में चेन्नई की फ्रेंचाइजी पर लगे प्रतिबंध को छोड़ दिया जाए तो वह शुरू से ही इस टीम का हिस्सा रहे हैं और शायद ही कोई मैच मिस किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके के सीजन के शुरुआती मैच से पहले धोनी ने जियो-हॉटस्टार से कहा कि वह जब तक चाहें तब तक खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं सीएसके के लिए जब तक चाहूं खेल सकता हूं। यह मेरी फ्रेंचाइजी है। यहां तक कि अगर मैं व्हीलचेयर पर हूं, तो वे मुझे खींच लेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम

विश्व यक्ष्मा दिवस 24 मार्च, 2025

YES! WE CAN END TB

COMMIT, INVEST, DELIVER




"हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश एवं सुविधा प्रदान कर"




नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में मुफ्त बलगम जाँच एवं उपचार का लाभ उठाएँ।

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत अब तक दी गई सुविधाएँ:-

- "नि-क्षय पोषण योजना" अन्तर्गत उपचाररत यक्ष्मा रोगियों को प्रति माह रू० 1000/- की पोषण सहायता।
- टी०बी० रोगियों के मुफ्त जाँच एवं उपचार हेतु झारखण्ड राज्य में 207 यक्ष्मा इकाई, 389 बलगम जाँच केन्द्र 177 TRUENAT, 40 CBNAAT मशीन के साथ ही इटकी, राँची एवं एस.एन.एम.सी.एच. धनबाद में अत्याधुनिक जाँच केन्द्र कार्यरत हैं।
- Drug Resistant TB रोगियों के मुफ्त उपचार की सुविधा सभी जिलों में उपलब्ध है।
- राज्य के सभी 3832 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में टी.बी. उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

उपलब्धियाँ :-

- 24.78 लाख से अधिक संभावित यक्ष्मा रोगियों की मुफ्त बलगम जाँच की जा चुकी है।
- वर्ष 2024 में 63,719 टी०बी० रोगियों का उपचार एवं सफलता दर 92% है।
- वित्तीय वर्ष 2018-19 से लागू "नि-क्षय पोषण योजना" अन्तर्गत कुल 3,01,695 यक्ष्मा रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराई गई।
- सौ दिवसीय गहन टीबी मुक्त अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत राज्य के 4 जिलों रामगढ़, हजारीबाग, सिमडेगा तथा गुमला में चलाया जा रहा है, जिसमें 2156 मरीजों को चिन्हित किया गया है। इसके दूसरे चरण अंतर्गत अभियान राज्य के 7 जिलों सरायकेला-खरसावां, चतरा, जामताड़ा, प० सिंहभूम, बोकारो, धनबाद एवं लातेहार में चलाई जा रही है। राज्य के शेष 13 जिलों में सक्रिय टीबी खोज अभियान चलाई जा रही है।
- प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान की शुरूआत राज्य में 23 सितम्बर 2022 से की गई, जिसके अन्तर्गत राज्य में अबतक कुल 3293 नि-क्षय मित्र का पंजीयन एवं इनके द्वारा कुल 66,639 इलाजरत टी.बी. रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराया गया।
- राज्य में अबतक कुल 38 (वर्ष 2023 में) एवं 224 (वर्ष 2024में) पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा चुका है।

टी०बी० टोल फ्री नम्बर 1800116666 एवं टी०बी० आरोग्य साथी ऐप के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104

PR No. 348826 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

व्यापार/लाइफ व साइंस

# तमिलनाडु को पीएलआई स्कीम से हुआ सबसे अधिक फायदा : वित्त मंत्री

- **केंद्र के सहयोग से तूतीकोरिन में देश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन हब पोर्ट की योजना बनाई जा रही है**

**चेन्नई (आईएएनएस)**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि तमिलनाडु प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक के रूप में उभरा है। राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में आए प्रोजेक्ट्स में भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्राप्त हुआ है। चेन्नई सिटीजन फोरम के द्वारा आयोजित एक इवेंट में बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने उन सभी दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा जाता है कि केंद्र सरकार ने फंडिंग के मामले में तमिलनाडु की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने कहा, "तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स और ऑटोमोबाइल में पीएलआई योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स और ऑटोमोबाइल में पीएलआई योजना के तहत सबसे अधिक स्वीकृतियां हासिल की हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "जिन 27 कंपनियों को केंद्र से मंजूरी मिली है, उनमें से सात तमिलनाडु से हैं। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, पीएलआई योजना से लाभान्वित होने वाली लगभग 25 प्रतिशत कंपनियां राज्य में स्थित हैं। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि तमिलनाडु भारत के दो प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टरों में से एक का घर है, जबकि दूसरा गुजरात में स्थित है। वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि तमिलनाडु ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट निर्माण के लिए पीएलआई इंसेंटिव में दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, "ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए पीएलाई योजना के तहत स्वीकृत 82 आवेदनों में से 46 तमिलनाडु से हैं।

## पत्नी संग बेल्जियम में दिखा मेहुल चोकसी, स्विट्जरलैंड जाने की प्लानिंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बेल्जियम में रह रहे भगोड़ा मेहुल चोकसी अब स्विट्जरलैंड जाने की प्लानिंग कर रहा है। पहले यह माना जा रहा था कि वह एंटीगुआ और बारबुडा में रह रहे थे, लेकिन अब एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'एफ रेजीडेंसी कार्ड' मिलने के बाद वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम के एंटवर्प में रह रहा है। बता दें कि भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी भारत में 13,500 करोड़ रुपये के बैंक लोन घोटाले में कथित रूप से शामिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने अब बेल्जियम से चोकसी के प्रत्यर्पण की मांग की है। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने अभी तक इस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है।



## पीएमआई, एफआईआई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से अगले हफ्ते तय होगा बाजार का रुझान

**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। पीएमआई, एफआईआई, भारतीय बैंकों की लोन एवं डिपॉजिट ग्रोथ और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार का रुझान तय होगा। भारत में कम्पोजिट पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा सोमवार को जारी किया जाएगा। कम्पोजिट पीएमआई सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट का औसत होता है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर के रूप में कार्य करता है, जो मौद्रिक नीति की दिशा तय करने में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मदद करता है।

## बढ़ते ट्रेड टैरिफ के बीच भारत के पास हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात में बड़े अवसर : इंडस्ट्री लीडर्स

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ट्रेड टैरिफ पर चल रही बहस के बीच, इंडस्ट्री लीडर्स ने रविवार को कहा कि भारत के पास हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग में मजबूत बढ़त है और सही नीति के कारण यह स्थिति निर्यात के लिए नए दरवाजे खोलती है। एक्सपर्ट्स की ओर से कहा गया कि प्रोडक्शन लिंक्ड (पीएलआई) और निर्यात इनिशिएटिव जैसी नीतियों के सपोर्ट के कारण 13 अरब डॉलर की भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री को वैश्विक आपूर्ति अंतराल को भरने में मदद मिल सकती है। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्टस पर बेसिक कस्टम शुल्क (बीसीडी) में संशोधन से 'मेक इन इंडिया' इनिशिएटिव को भी मजबूती मिलेगी।

